सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 06 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 182, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

10 कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ बढ़ी

बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की 10 सबसे अधिक मूल्यवान कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन एक लाख करोड़ बढ़ गया। } 10

भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौता जल्द होने की संभावना नहीं

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कुछ उत्पादों में बाजार पहुंच की चिंताओं के कारण भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के जल्द संपन्न होने की संभावना नहीं है। } 10

पहले की सरकारें तमंचा बनवाती थीं, अब यहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रहीं: योगी

हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा महत्वपूर्ण है, उनके लिए अपना लूट तंत्र मजबूत करना अहम था

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आरोप लगाया कि 2017 से पहले की सरकारें उत्तर प्रदेश के हर जिले में माफिया पालती थीं और अपने गुर्गों से तमंचा बनवाती थीं, लेकिन आज यहां देश की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल बन रही हैं।

योगी आदित्यनाथ रविवार को यहां राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष समेत कई प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में अवध क्षेत्र के शक्ति केन्द्र संयोजकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे लिए राष्ट्र की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और उनके लिए अपना लूट तंत्र मजबूत करना अहम था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की चिंता यही है कि जिन तबकों को ये लोग जाति के नाम पर बांटते थे, उन्हें गरीब कल्याण योजनाओं के जरिये भाजपा की डबलइंजन की सरकार ने देश की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने दावा किया कि अब थककर विपक्षी दल भारत की आस्था पर प्रहार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में नितिन नवीन और संतोष का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल को समपर्ति किया है। उन्होंने कहा, यह वही स्थल है जो भारत की आत्मा को भारत के लोगों से परिचित कराने वाले राष्ट्र के तीन महान पुरुषों - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बना है। योगी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे और प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त कर उनके सपनों को साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के भीतर जितनी योजनाएं चली हैं, यह देश में बिना भेदभाव के अंतिम पायदान पर बैठे गरीब के लिए समर्पित हैं और अन्त्योदय की यह प्रेरणा पंडित दीनदयाल ने दी और उनके सपने को प्रधानमंत्री मोदी ने साकार किया। आज शासन की योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव गरीब आदमी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता के बगैर विकास नहीं हो सकता है और राजनीतिक स्थिरता के प्रेरणा स्रोत अटल बिहारी वाजपेयी हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 दिन की सरकार गंवा कर वाजपेयी ने चुनाव का मुकाबला किया और उन्होंने राजनीतिक स्थिरता लाकर सुशासन का मॉडल दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी पिछले नौ वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने इस मॉडल को लागू किया है।

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

खेल का मैदान गौरवान्वित कर रहा है। **65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम 20 पदक जीतकर पहली बार चैंपियन बनी। इससे ठीक पहले जापान में पुरुष अंडर-18 हॉकी एशिया कप का स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम में यूपी के पांच खिलाड़ियों का योगदान भी प्रदेश के लिए गर्व का विषय रहा।** खेलने वाला ही खिलता है।

उत्तर प्रदेश की धरती की पहचान अब दीप्ति शर्मा (क्रिकेटर), प्रवीण कुमार (पैरालंपिक ऊंची कूद), अन्नू रानी (भाला फेंक) जैसे बेटे-बेटियों से भी है। दृष्टिबाधित धाविका सिमरन शर्मा की प्रतिभा को पहचान कर लखनऊ में ट्रेनिंग दी गई, तो वह देश के लिए दौड़ने लगीं। ग्रैंडमास्टर वंतिका अग्रवाल देश के लिए शतरंज की बिसात बिछाती हैं।

चैंपियन एक दिन में नहीं बनते और खेल संस्कृति भी रातोंरात नहीं बनती। प्रदेश में खिलाड़ियों के कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण और सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ ही खेल नीतियां भी बदली गईं। **विभिन्न स्पर्धाएं अब यूपी के युवाओं के लिए केवल खेल नहीं, अपितु ओलंपिक जैसे मंचों तक पहुंचने का माध्यम हैं।** प्रदेश सरकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान एवं सुरक्षित भविष्य के लिए सरकारी नौकरी प्रदान कर रही है।

आज प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ब्लॉक में मिनी स्टेडियम तथा प्रत्येक जनपद में आधुनिक स्टेडियम विकसित किए जा रहे हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय तैयार है। प्रत्येक मंडल में स्पोर्ट्स कॉलेज एवं एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं एवं विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा।

मैं **अभिभावकों** से विशेष आग्रह करना चाहूंगा कि बच्चों की खेल प्रतिभा को कभी दबाएं नहीं। **खेल केवल पदक नहीं दिलाता, अपितु नशे जैसी बुराइयों से बच्चों और युवाओं को दूर रखने के लिए सबसे सशक्त ढाल बनता है।** स्वास्थ्य, सहयोग, सहभागिता, सम्मान, संघर्ष, समर्पण, अनुशासन, सकारात्मकता, समरसता एवं सफलता, इन सभी का मेल ही तो खेल है।

बच्चे एवं युवा खेलों को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं। युवाओं के लिए खेल आज करिअर में सपनों को साकार करने का माध्यम भी है। खेल भावना सबको साथ लेकर चलने की क्षमता तथा अगली बार और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प विकसित करती है। **यही जीवन में सफलता का आधार बनती है तथा विकसित प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है।**

आपका
योगी आदित्यनाथ

खेलोगे तो खिलोगे

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

हर बूथ पर कमल खिलायें कार्यकर्ता: नितिन नबीन

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उप्र प्रवास के दूसरे दिन लखनऊ में शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन को किया संबोधित

विशेष संवाददाता

- सम्मेलन से पूर्व नितिन नबीन ने एनडीए गठबंधन के नेताओं के साथ की संयुक्त बैठक
- नितिन नबीन ने कहा, 2027 में उत्तरप्रदेश के जनादेश से भाजपा की हैट्रिक तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि 2029 में दिल्ली में भी भाजपा और एनडीए की सरकार बनने का मार्ग करेगा प्रशस्त

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को उत्तर प्रदेश प्रवास के दूसरे दिन लखनऊ में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण, परिवारवाद और समाज को बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम से पूर्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ के गोमती नगर स्थित होटल ताज में एनडीए गठबंधन के नेताओं के साथ संयुक्त बैठक की। इसके बाद उन्होंने लखनऊ सदर के बसंत कुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और प्रदेश महानमंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। नबीन ने कहा कि जिस प्रकार की ऊर्जा मुझे चारों ओर दिखाई दे रही है, वह इस बात का परिचायक है कि वर्ष 2027 में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता शक्ति केंद्रों की ताकत, उनके संयोजकों के परिश्रम और मेहनत के बल पर एक बार फिर भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प लेकर तैयार बैठा है। जब कार्यकर्ताओं का उत्साह और ऊर्जा साथ होती है, तब विपक्ष चाहे कितनी भी ताकत लगा ले, भाजपा का कार्यकर्ता उसे धूल चटाने का काम करेगा। उत्तर प्रदेश जैसा विशाल भौगोलिक राज्य, जहां भारत की आत्मा बसती है और जहां प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ, वह सभी के लिए प्रेरणा का केंद्र है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम केवल आदर्श ही नहीं, बल्कि सभी को जीवन में आगे बढ़ने की दिशा भी देते हैं। जब व्यक्ति आस्था के साथ स्वयं को उनसे जोड़ता है तो उसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उत्तर प्रदेश की इस पवित्र भूमि और मिट्टी ने भारत की आत्मा और संस्कृति को नई दिशा दी है। हम आज अटल बिहारी वाजपेयी को भी स्मरण करते हैं, यह उनकी कर्मभूमि रही है, जहां से कार्यकर्ताओं ने प्रेरणा लेकर देश को नेतृत्व देने का कार्य किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भ्रमण करते समय मुझे गर्व की अनुभूति हुई। उत्तर प्रदेश ने विकास और विरासत के क्षेत्र में अनेक कार्य किए हैं, लेकिन राष्ट्र प्रथम के उद्घोष को साकार करने के लिए जिस प्रकार डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

इसरो के 'सॉल्व' रॉकेट मोटर का पहला सफल परीक्षण

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 'सॉल्व' (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के ठोस ईंधन (सॉलिड मोटर) वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी की जांच करना है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। परीक्षण के दौरान मोटर का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इसरो ने बताया कि 'सॉल्व' एक विशेष परीक्षण रॉकेट है, जिसे गगनयान मिशन से पहले अलग-अलग परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा प्रणाली की जांच के लिए विकसित किया गया है। इन परीक्षणों ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाराबंकी में अवैध चाय पत्ती बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गयी

बाराबंकी (उप्र)। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल और खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की एक साझा टीम ने थाना बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम शाहपुर में एक घर से बिना लाइसेंस चल रही अवैध चाय पत्ती बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एफएसडीए के अनुसार टीम ने करीब 800 किलो रंगी हुई नकली चायपत्ती, पांच किलो केमिकल युक्त रंग और 15 किलो चाय पत्ती की पैकिंग बरामद किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस फैक्ट्री में सूचना पर टीम पहुंची तो फैक्टरी में रंगीन चायपत्ती को फास्ट टी और गार्डेन फ्रेश ब्रांड के नाम से पैक किया जा रहा था। मौके पर पकड़े गए फैक्ट्री मालिक शकील ने स्वीकार किया कि वह एक वर्ष से अधिक समय से यह कारोबार कर रहा था।

धामी ने कैलाश मानसरोवर के प्रथम जत्थे को किया रवाना

देशभर के 49 श्रद्धालुओं ने किया प्रस्थान, पारंपरिक लोक संस्कृति से सराबोर रहा विदाई समारोह

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के टनकपुर से आज कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शारदा पर्यटक आवास गृह में आयोजित समारोह में पहले तीर्थयात्री दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा भगवान भोलेनाथ से सभी यात्रियों की सुरक्षित, सफल और निर्विघ्न यात्रा की कामना की।

प्रस्थान से पूर्व तीर्थयात्रियों का देवभूमि की परंपराओं के अनुरूप भव्य स्वागत किया गया। छोलिया नृत्य, पुष्पवर्षा और पारंपरिक लोक रीति-रिवाजों के बीच पूरा परिसर शिवमय वातावरण में डूबा नजर आया। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक यात्री को रुद्राक्ष की माला और भगवान शिव का अंगवस्त्र भेंट कर शुभाशीष दिया तथा यात्रा से जुड़ी तैयारियों और उनके उत्साह के बारे में बातचीत की। इस दौरान पुलिस ने उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि श्रद्धा, संयम, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के प्रति अटूट विश्वास यात्रियों को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की शक्ति देता है। उन्होंने कहा कि टनकपुर मार्ग से यात्रा संचालित होने के ...शेष पृष्ठ 10 पर

राम मंदिर चढ़ावा चोरी: चंपत राय और अनिल मिश्रा की विदाई तय !

आज बैठक में होगा बड़ा फैसला, जांच पूरी होने दें, दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जायेगा: स्वामी गोविंद देव

एजेंसी

लखनऊ। राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के बीच ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक छह जुलाई को है। इस बैठक में चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार्य हो सकता है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण सामने आने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की पहली बैठक सोमवार को होगी।

बैठक का सबसे अहम एजेंडा ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। सूत्रों के मुताबिक, दोनों के इस्तीफे स्वीकार किए जाने की संभावना है। 26 जून को दोनों ने इस्तीफा दिया था, जिसकी पुष्टि 27 जून को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने की थी। छह जून को मामला उजागर होने के बाद ट्रस्ट की मांग पर 13 जून को एसआईटी का गठन किया गया था। 25 जून को एफआईआर दर्ज होने के बाद आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चढ़ावे की गणना और मंदिर प्रबंधन की जिम्मेदारी चंपत राय और अनिल मिश्रा के पास होने के कारण दोनों शुरू से ही सवालों के घेरे में रहे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में दोनों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद ट्रस्ट सदस्य निर्णय लेंगे। बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट, दान-पात्रों से प्राप्त राशि की गणना व्यवस्था, मंदिर प्रबंधन से जुड़े प्रस्ताव और वित्त वर्ष 2025-26 के ऑडिट पर भी चर्चा होगी। राम मंदिर के दान (चढ़ावा) की गणना के दौरान सामने आए चोरी प्रकरण पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि ने रविवार को रामभक्तों के नाम विस्तृत अपील जारी की। उन्होंने कहा कि चोरी कितनी हुई, कब हुई और कैसे हुई, यह पूरी तरह जांच का विषय है। इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए तथा सभी को एसआईटी, पुलिस और न्यायालय पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने घटना को अविश्वसनीय, जघन्य महापाप और रामभक्तों के हृदय को विदीर्ण करने वाला बताते हुए कहा कि इस घटना से वे स्वयं अत्यंत आहत, दुखी और लज्जित हैं। ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- सातवें चरण में 25,658 पोलिंग बूथ, 4165 क्रिटिकल (पृष्ठ-02)
- चुनाव ड्यूटी से गायब 5 कर्मी निलंबित, 3 बर्खास्त (पृष्ठ-02)
- ओएनजीसी चेयरमैन के लिए प्रवेश आयु बढ़ाकर 59 वर्ष की (पृष्ठ-10)
- ओएनजीसी चेयरमैन के लिए प्रवेश आयु बढ़ाकर 59 वर्ष की (पृष्ठ-10)
- बैंकों का पहली तिमाही में कर्ज में वृद्धि (पृष्ठ-10)

विशेष खबर लखनऊ समेत यूपी के कई जिलों में झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी में 10 और 11 जुलाई को कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश की दी चेतावनी

देशभर में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, मुंबई में विमान सेवाएं प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के अधिकांश हिस्सों में रविवार को मानसूनी गतिविधियां और तेज हो गईं। मुंबई में भारी बारिश के कारण विमान परिचालन बाधित हुआ जबकि केरल, ओडिशा और झारखंड में मौसम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी बारिश का दौर चलने का अनुमान लगाया है। आईएमडी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 और 11 जुलाई को कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है, साथ ही 8 और 9 जुलाई को भी भारी बारिश हो सकती है।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी व्यापक बारिश हुई है। इस मानसून में मुंबई पर सबसे तगड़ी मार पड़ी है जहां रातभर हुई भारी बारिश के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब एक घंटे तक विमानों का परिचालन रोकना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को मुंबई के लिए रेड अलर्ट बरकरार रखा है और आगे भी लगातार बारिश तथा कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा होने का अनुमान जताया है। विमान परिचालन बाधित होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं, जिससे यात्रियों को विमानों के प्रस्थान में औसतन 75 मिनट और आगमन में कम से कम 28 मिनट की देरी का सामना करना पड़ा। मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि सुबह करीब 10.17 बजे खराब मौसम, जिसमें 42 नॉट तक की तेज हवाएं और भारी बारिश के कारण कम दृश्यता शामिल थी, की वजह से रनवे का संचालन प्रभावित हुआ। हालांकि, मौसम में सुधार के बाद एक घंटे के भीतर हवाई पट्टी पर परिचालन सामान्य कर दिया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुंबई के कई इलाकों में पिछले 24 घंटों में 200 मिमी से अधिक और कुछ जगहों पर 300 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। ओडिशा में बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र गहरे अवदाब में बदल गया है, जिसके बाद राज्य प्रशासन ने सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, यह प्रणाली अगले एक दिन में चांदबली और दीघा के बीच उत्तरी ओडिशा तट को पार कर सकती है, जिससे ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश होने की संभावना है। केरल के भी अधिकांश हिस्सों में रविवार को व्यापक वर्षा हुई जिसके बाद कई क्षेत्रों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने छह जुलाई को कन्नूर और कासरगोड तथा सात जुलाई को कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड के लिए ऑरेंज ...शेष पृष्ठ 10 पर

मार्गदर्शन के बिना बच्चे हो रहे है मानसिक तौर पर कमजोर

एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने युवाओं में मानसिक मजबूती की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि पारिवारिक मार्गदर्शन की कमी और अत्यधिक स्क्रीन टाइम (अधिक समय के लिए मोबाइल, टीवी, लेपटॉप और कंप्यूटर का इस्तेमाल) के कारण बच्चे लगातार कमजोर होते जा रहे हैं।

सनमर्ग माइंड वेलनेस सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि नयी पीढ़ी को बातचीत की जरूरत है, और उनके अकेलेपन को दूर करना होगा जो उनके भीतर घर कर जाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि समाज को युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरसंघचालक ने उल्लेख किया कि पांडवों के संघर्ष और चुनौतियों जैसी पौराणिक कथाएं कभी युवा मनों को शक्ति प्रदान करती थीं, लेकिन आज की स्थिति बेहद चिंताजनक है। भागवत ने पूछा कि 12वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए, तो वे आत्महत्या कर लेते हैं। घर में ...शेष पृष्ठ 10 पर

राष्ट्र प्रेरणा स्थल नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत : सीएम

सीएम ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल की विशेष कॉफी टेबल बुक का विमोचन रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्र प्रेरणा स्थल देशवासियों को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि यह स्थल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान से नई पीढ़ी को प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यसभा सांसद नितिन नबीन तथा अन्य अतिथियों ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित महान विभूतियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने तीनों महापुरुषों की सिलिकॉन प्रतिमाओं, उनके जीवन पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी, आधुनिक संग्रहालय व्यवस्था एवं प्रस्तुतीकरण की सराहना की। अतिथियों ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की भव्यता और इसकी प्रेरणादायी अवधारणा की प्रशंसा करते हुए इसे नई पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण विरासत स्थल बताया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल की कॉफी टेबल बुक में इस भव्य परिसर को अत्यंत आकर्षक एवं कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें ड्रोन से लिए गए विहंगम दृश्य, कमल की आकृति में विकसित परिसर, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था की मनोहारी छवियां तथा संग्रहालय की आधुनिक संरचना को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि बसंतकुंज योजना में लगभग 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल आज राजधानी के प्रमुख सार्वजनिक एवं प्रेरणादायी स्थलों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यह कॉफी टेबल बुक राष्ट्र प्रेरणा स्थल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी विरासत को देश-विदेश में रहने वाले लोगों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

सीएम योगी आज प्रयागराज में प्रेरणा पार्क का करेंगे लोकार्पण

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को प्रयागराज में यमुना किनारे बोट क्लब के पास प्रेरणा पार्क का लोकार्पण करेंगे, जहां पर वह राष्ट्र की तीन विभूतियों की प्रतिमाओं का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद नौका एकता रेस को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सभागार में लोक निर्माण विभाग के नए व पुराने कार्यों की समीक्षा करेंगे।

संगम नगरी प्रयागराज में कालिंदी के तट युवाओं और पर्यटकों के लिए राष्ट्रवाद और सशक्त भारत के विभूतियों की प्रेरणा की स्थली भी बनेगी। नगर निगम प्रयागराज द्वारा यमुना तट पर स्थित कालीघाट के समीप भव्य प्रेरणा पार्क का विकास किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को इसका लोकार्पण करेंगे। नगर निगम प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का कहना है कि एक करोड़ रुपये की लागत से इस भव्य पार्क का निर्माण किया गया है। पार्क में जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण मुख्यमंत्री करेंगे। राष्ट्रसेवा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद,

यमुना के तट पर बने पार्क में तीन विभूतियों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी बाजपेई और अशोक सिंघल की भव्य कांस्य प्रतिमाओं का होगा लोकार्पण

सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के प्रेरणास्रोत रहे इन तीन महापुरुषों के जीवन मूल्यों एवं विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेरणा पार्क का निर्माण कराया गया है। यह स्थल न केवल श्रद्धांजलि का केंद्र होगा, बल्कि युवाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनेगा। इन विभूतियों की प्रतिमाओं के आसपास उद्यान, प्रकाश व्यवस्था, पाथवे, बैठने की व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए हैं। कालिंदी की लहरें नौका रेस की साक्षी भी बनेगी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और मजबूत अखंड भारत के विचारों से भारत की एकता को सुदृढ़ करने करने वाले राष्ट्रीय एकता के नायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में यमुना में एकता नौका रेस का भी आयोजन किया जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ एकता नौका रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस रेस में दो दर्जन से अधिक नौकाएं शामिल होंगी। सीएम काली घाट स्थित प्रेरणा पार्क में ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री परेड ग्राउंड स्थित मेला प्राधिकरण के सभागार आएंगे। सीएम योगी यहां लोक निर्माण व अन्य विभागों के प्रयागराज जोन के 2500 करोड़ रुपये से अधिक के 1553 कार्यों की समीक्षा करेंगे।

योगी सरकार ने दी 210 करोड़ की सब्सिडी, 96 हजार ईवी का पंजीकरण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। परिवहन विभाग की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रय सब्सिडी योजना के तहत अब तक 210 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है, जिससे 43,218 से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिला है।

परिवहन विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 96,778 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है। योजना के प्रभाव से लोगों का इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति भरोसा बढ़ा है और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंधन पर होने वाला खर्च भी कम हो रहा है। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों में उत्पन्न गंभीर परिस्थितियों और संभावित तेल संकट को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ईवी अपनाने से पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटेगी, पर्यावरण बेहतर होगा और लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। योजना लागू होने के बाद लगभग तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने 210 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित कर नया रिकॉर्ड बनाया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों की शुरूआती लागत कम हुई है।

योजना की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण और आवेदनों का लाइव काउंटर भी उपलब्ध कराया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार योजना के तहत 61,417 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन लाभान्वित हुए हैं। कम कीमत, कम रखरखाव और दैनिक उपयोग के लिए उपयुक्त होने के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटर और मोटरसाइकिलों की मांग तेजी से बढ़ी है।

योजना में दो लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को सब्सिडी देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सरकार ने योजना के तहत 25 हजार इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन, 400 ई-बस तथा 1,000 ई-गुड्स कैरियर वाहनों को भी सब्सिडी देने का लक्ष्य तय किया है। इससे निजी उपयोग के साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन और माल ढुलाई में भी इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है।

गन्ना किसानों को मिलेगा सामाजिक सुरक्षा कवच

6 से 11 जुलाई तक चलेगा विशेष नामांकन महाअभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने के लिए 6 से 11 जुलाई तक प्रदेश की सभी सहकारी गन्ना विकास समितियों में विशेष सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन महाअभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत किसानों को भारत सरकार की प्रमुख बीमा और पेंशन योजनाओं से जोड़कर उनकी आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के दौरान किसानों का नामांकन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में कराया जाएगा। सरकार का उद्देश्य किसानों को दुर्घटना, आकस्मिक मृत्यु और वृद्धावस्था जैसी परिस्थितियों में आर्थिक संबल उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के व्यापक

● योगी सरकार की पहल, बीमा और पेंशन योजनाओं से जुड़ेंगे लाखों किसान परिवार

विस्तार से किसानों की आय सुरक्षा, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय समावेशन को मजबूती मिलेगी। साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता प्राप्त होगी। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र किसान परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियां इस अभियान की मुख्य कड़ी होंगी। समितियां किसानों को योजनाओं की जानकारी देंगी, जागरूक करेंगी और पात्र लाभार्थियों का नामांकन कराकर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अभियान के दौरान प्रत्येक सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में बैंकों, इफ्को>, चीनी मिलों और अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से विशेष सहायता एवं नामांकन केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यहां किसानों को योजनाओं की जानकारी, पात्रता सत्यापन, दस्तावेजों की जांच, बैंकिंग सहायता तथा तत्काल नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही नए सदस्य पंजीकरण और बैंक खाते खोलने जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। अभियान में महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। महिला किसानों को बीमा, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के साथ उन्हें वित्तीय निर्णयों में अधिक सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे परिवारों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मजबूत हो सके। गन्ना पर्यवेक्षक, समिति सचिव और विभागीय अधिकारी गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ गन्ना विकास विभाग, इफ्को और चीनी मिलों की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देंगे। ग्राम सभाओं और किसान गोष्ठियों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र किसान परिवारों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

पौधरोपण में 12 जुलाई को फिर नया इतिहास रचेगी योगी सरकार

जनसहभागिता से रविवार को पूरे प्रदेश में एक दिन में लगाये जायेंगे 35 करोड़ पौधे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार 12 जुलाई (रविवार) को फिर नया इतिहास रचेगी। पौधरोपण महाभियान-2026 के तहत जनसहभागिता से पूरे प्रदेश में एक दिन में 35 करोड़ पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए नोडल (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग) ने तैयारी शुरू कर दी है। अभियान की सफलता के लिए मुख्यमंत्री सोमवार से जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे और अधिकारियों की भी निरंतर बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। वहीं वन मंत्री भी अन्य विभागों के मंत्रियों के साथ बैठक कर इसकी सफलता को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर केंद्र-प्रदेश सरकार के विभागों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्कूलों-कॉलेजों समेत व्यापक जनसहभागिता से उत्सव के रूप में महाभियान चलेगा। व्यापक जनसहभागिता के साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार के विभाग मिलकर इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग सर्वाधिक 15.50 करोड़ पौधरोपण करेगा।

● वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग लगाएगा सर्वाधिक 15 .50 करोड़ पौधे

> मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12 जुलाई को पौधरोपण महाभियान–2026 का आयोजन होगा। वन विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। इस बार भी एक दिन में 35 करोड़ पौधरोपण होगा। सभी विभागों, संस्थाओं, स्कूल–कॉलेज, सामाजिक संगठनों आदि के सहयोग से व्यापक जनसहभागिता के साथ इस महाभियान को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। विभागों, मंडलों व जनपदों के लक्ष्य प्रस्तावित किए जा चुके हैं। इस बार भी कई विशिष्ट वनों की शुरूआत होगी।
> **सुनील चौधरी**, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, वन विभाग, उत्तर प्रदेश

ग्राम्य विकास विभाग 10 करोड़, कृषि विभाग 3.25 करोड़, उद्यान 1.50 करोड़, पंचायती राज विभाग 1.22 करोड़ पौधे लगाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख पौधे लगेंगे। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन) होगा। इसे लेकर जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठकें भी चल रही हैं। सरकार प्रत्येक वर्ष नवीन विशिष्ट वन स्थापित करती है। इस थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2026 में इस वर्ष समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत अनेक नवीन वन तैयार किए जाएंगे। महर्षि चरक औषधि वन की शुरूआत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) पर की गई है। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को वंदे मातरम वाटिका, 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण व 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर एक पेड़ गुरु के नाम भी लगाया जाएगा। वृहद पौधरोपण के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग निरंतर बैठक व संवाद स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही पौधों को लेकर भी विभाग की तैयारी चल रही है। वन विभाग की लगभग दो हजार नर्सरी में इस वर्ष 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। इन पौधों को भी अब वितरित किया जाएगा।

प्रदेश के एक्सप्रेसवे के किनारे भी पौधरोपण किया जाएगा। इस बार विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर हर एक किमी. पर हरिशंकरी रोपा जाएगा, जबकि बीच-बीच में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग व सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी को लेकर निरंतर बैठक करेंगे। वहीं वन मंत्री अन्य विभागों के मंत्रियों, अधिकारियों के साथ ही इसकी सफलता को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। मुख्यमंत्री ने जनसहभागिता पर विशेष जोर देते हुए इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया है।

पीजीआई में देश का पहला फैसिलिटी-बेस्ड लैक्टेशन मैनेजमेंट ट्रेनिंग मॉड्यूल लॉन्च

यह मॉड्यूल अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्तनपान को बढ़ावा देने, माताओं को बेहतर परामर्श देने में होगा सहायक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। एसजीपीजीआई में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने देश में एक नई मिसाल कायम की है। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भारत का पहला 'फैसिलिटी-बेस्ड लैक्टेशन मैनेजमेंट (एफबीएलएम) ट्रेनिंग मॉड्यूल लॉन्च किया गया है। इस अभिनव मॉड्यूल के विकास में संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) की नियोनेटोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. अनीता सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह मॉड्यूल अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में स्तनपान को बढ़ावा देने, माताओं को बेहतर परामर्श उपलब्ध कराने तथा नवजात शिशुओं के पोषण और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल का औपचारिक शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत परिवार कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित स्टेट-लेवल ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित हुआ। इस पहल को यूनिसेफ और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल को नवजात शिशु देखभाल एवं लैक्टेशन मैनेजमेंट के विशेषज्ञ प्रो. एसएन सिंह, प्रो. शालिनी त्रिपाठी, प्रो. अनीता सिंह और प्रो. प्रतिमा आनंद ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। एसजीपीजीआई की नियोनेटोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डा. अनीता सिंह ने मॉड्यूल के वैज्ञानिक लेखन, तकनीकी विकास तथा साक्ष्य-आधारित (एविडेंस-बेस्ड) सामग्री तैयार करने में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने नवजात पोषण, स्तनपान को बढ़ावा देने, ह्यूमन मिल्क बैंकिंग और अस्पताल आधारित नवजात देखभाल के अपने अनुभव का उपयोग करते हुए प्रशिक्षण सामग्री को व्यावहारिक और प्रभावी बनाया। छह दिन चला राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 जून से 4 जुलाई तक आयोजित छह दिवसीय स्टेट-लेवल ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की 45 लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्यभर में मास्टर ट्रेनर्स का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना था, जो अपने-अपने चिकित्सा संस्थानों में डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करेंगे, इससे पूरे प्रदेश में लैक्टेशन मैनेजमेंट की एक समान और वैज्ञानिक प्रणाली लागू की जा सकेगी। डॉक्टरों और नर्सों की क्षमता बढ़ाने पर रहेगा फोकसः-नया फैसिलिटी-बेस्ड लैक्टेशन मैनेजमेंट ट्रेनिंग मॉड्यूल विशेष रूप से डाक्टरों, स्टाफ नर्सों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनपान संबंधी सेवाएं अधिक व्यवस्थित और प्रभावी होंगी। इससे जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू कराने की दर बढ़ेगी, नवजातों को बेहतर पोषण मिलेगा और संक्रमण सहित कई स्वास्थ्य जोखिमों में कमी आएगी। साथ ही, पूरे प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों को...

- जन्म के तुरंत बाद स्तनपान शुरू कराने की तकनीक।
- स्तनपान से जुड़ी सामान्य समस्याओं का समाधान।
- समयपूर्व जन्मे एवं कम वजन वाले शिशुओं की पोषण संबंधी आवश्यकताएं,
- ह्यूमन मिल्क बैंकिंग।
- माताओं को प्रभावी परामर्श देने के तरीके तथा शिशु दूध विकल्प (इन्फेंट फॉर्मूला) पर अनावश्यक निर्भरता कम करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण।

● इस पहल को यूनिसेफ और केजीएमयू का मिला तकनीकी सहयोग

सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में हुआ जनसंवाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के जनसंपर्क एवं समस्या समाधान अभियान आपका विधायक, आपके द्वार के 174वें सप्ताह के अंतर्गत तारा खेड़ा ग्राम पंचायत में ग्राम बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।

बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में वंदना वर्मा (68 प्रतिशत), अनुराधा (67 प्रतिशत), सलमा (63 प्रतिशत) और ललित (60 प्रतिशत) शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान अन्य बच्चों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विजन प्लस के सहयोग से विशेष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर के माध्यम से 50 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क पावर के चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। विधायक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ

स्वास्थ्य भी समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है और प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान करना नहीं, बल्कि गांव-गांव तक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 'आपका विधायक, आपके द्वार' अभियान के माध्यम से जनता से सीधे संवाद स्थापित कर स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है और यह जनसेवा का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सम्मानित नागरिक, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्र के समग्र विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सुझाव भी साझा किए गए।

राजनीति में शिक्षित और जागरूक युवाओं की भागीदारी समय की आवश्यकता : सतीश महाना

विधानसभा अध्यक्ष ने सीआईआई की आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट को किया संबोधित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए राजनीति में शिक्षित, जागरूक और उत्तरदायी युवाओं का आगे आना अत्यंत आवश्यक है। सत्ता पक्ष और विपक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण पक्ष हैं। दोनों की अपनी-अपनी भूमिका है और सभी के विचार समान नहीं हो सकते। स्वस्थ लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवाद और संसदीय मयार्दा सर्वोपरि होनी चाहिए। महाना भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की युवा इकाई यंग इंडियंस (वाईआई) द्वारा आयोजित यंग इंडिया पार्लियामेंट-2026, कानपुर चैप्टर के उद्घाटन करने के बाद प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का

शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा पूर्णतः पेपरलेस हो चुकी है और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कार्य संचालित कर रही है। सदन में अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। अध्यक्ष की अनुमति के बिना कोई भी सदस्य अपनी बात नहीं रख सकता। विधानसभा में उदारता और सख्ती—दोनों का संतुलित समावेश है, जिससे सदन की गरिमा और कार्यक्षमता बनी रहती है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम धारणा के विपरीत विधानसभा का कार्य केवल सत्र के दौरान ही नहीं होता, बल्कि सत्र समाप्त होने के बाद भी विभिन्न समितियों, प्रशासनिक गतिविधियों तथा अन्य संसदीय कार्यों के माध्यम से निरंतर चलता रहता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपनी बात सदन के भीतर प्रभावी ढंग से रखनी चाहिए। सदन में व्यक्त किए गए विचार जनता तक पहुंचते हैं, जबकि केवल वॉकआउट करने से जनता तक संदेश प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाता। आज का मतदाता अपने विधायक का प्रदर्शन देखना चाहता है, केवल शोर-शराबा नहीं।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का संचालन भी वास्तविक विधानसभा की कार्यप्रणाली के अनुरूप किया गया। इसमें प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा विधायी कार्यवाही का संचालन हुआ और विधेयक भी पारित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि यंग इंडिया पार्लियामेंट जैसे मंच युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय परंपराओं और उत्तरदायी नेतृत्व को समझने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, संवाद कौशल तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल अगले पांच वर्षों के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाते हैं। हमें भी वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं और आने वाले वर्षों के अनुरूप सोच विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम में 17 विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने प्रश्नकाल, शून्यकाल तथा विधायी प्रक्रिया का प्रभावी निर्वहन करते हुए संसदीय कार्यवाही का जीवंत प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीआईआई यंग इंडियंस के नेशनल वाइस चेयर अनुज अग्रवाल, कानपुर चैप्टर के चेयर संचित अग्रवाल, को-चेयर यश अग्रवाल तथा सीआईआई उत्तर प्रदेश के निदेशक एवं स्टेट हेड आलोक शुक्ला, राधिका, रचित, कुश तिवारी, साक्षी, पलक, आदित्य सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

भारत-कनाडा के व्यापारिक संबंधों को और सशक्त बनाने पर जोर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से रविवार को इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में इंडो अमेरिकन बिजनेस चैंबर ऑफ एसएमई के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा भवन में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में आईएबीसी महिला प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश की संयोजक आर्किटेक्ट अनीता श्रीवास्तव तथा अर्चना सिंह भी शामिल थीं।

प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को भारत-कनाडा व्यापारिक संबंधों में हाल के सकारात्मक विकास की जानकारी दी। साथ ही इंडो अमेरिकन बिजनेस चैंबर के चेयरमैन डॉ. अजय प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में हाल ही में कनाडा गए व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का कनाडा के

ओंटारियो प्रांतीय संसद में मंत्री नीना तांगरी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग और मजबूत होते संबंधों का प्रतीक है। बैठक के दौरान इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स तथा इंडो अमेरिकन बिजनेस चैंबर ने भारत और कनाडा के बीच व्यापार, निवेश तथा औद्योगिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों संगठनों ने कहा कि इससे उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा निवेशकों के लिए नए अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कनाडा की अपनी पूर्व यात्राओं तथा टोरंटो में इंडो कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ हुई मुलाकातों को स्मरण किया। उन्होंने भारत और कनाडा के बीच आर्थिक, व्यापारिक तथा जन-से-जन संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए दोनों संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास भविष्य में दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

संक्षेप

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय अचानक करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। घटना से घर में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव में शनिवार की रात संतलाल सरोज का पुत्र सोनू सरोज (34) ई-रिक्शा चार्ज करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर युवक के घर पहुंची तब कोहराम मच गया। सूचना पर लालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया।

संदिग्ध दशा में फंदे से झूला युवक, मौत से कोहराम

प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इससे घर में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी मुकेश सरोज का पुत्र पंकज सरोज (22) शनिवार को रात खानापीना खाकर कमरे में गया। रविवार की सुबह देर तक जब उसका कमरा नहीं खुला तब परिजनों ने आवाज दी। कमरे के अंदर से कोई जवाब न मिलने पर परिजन अनहोनी को लेकर आशंकित हो उठे। परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़वाया तब पंकज को फंदे से लटकता देख आवाक रह गये। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। दबी जुबान से लोगों में यह चर्चा देखी सुनी गयी कि मृतक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लोगों के मुताबिक युवती द्वारा मृतक का नम्बर ब्लाक किये जाने से वह मानसिक अवसाद से ग्रसित हो उठा था। हालांकि पुलिस अभी घटना के विविध पहलुओं की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद सभी तथ्यों की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

वरिष्ठ व्यापारी का निधन, जताया गया दुःख

प्रतापगढ़। इन्दिरा चैक के समीप किराना व्यवसायी शिव कुमार कौशल (70) का रविवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर चैक क्षेत्र के व्यापारिक प्रतिष्ठान शोक के चलते बन्द हो गये। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, शत्रुघ्न शुक्ल, आशु कौशल, सभासद आशीष कौशल, ज्ञानचन्द्र मोदनवाल, रमेश कौशल, श्यामजी संवरिया, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, जियाउल, मनमोहन यादव, देवानंद मिश्र, फारूक खां, जय कौशल, अंजनी कौशल, शिव कुमार गुप्ता, रामजी वैश्य आदि ने वरिष्ठ व्यापारी के निधन पर दुःख जताया है।

घर में घुसकर मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। कोतवाली लालगंज के पूरे बंशी निवासी संतराम वर्मा पुत्र रामअभिलाष ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती तीन जुलाई को शाम करीब छह से सात बजे के बीच जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर चार आरोपियों ने उसे घर में घुसकर गाली गलौज व मारपीट किया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उसकी पत्नी को मारपीट कर गम्भीर रूप से चोटहिल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

करंट लगने से सोते समय पति-पत्नी की मौत

जिला संवाददाता

आगरा। जिले के शमसाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में सोते वक्त कथित तौर पर एक दंपति की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार शनिवार की रात को थाना शमशाबाद इलाके के कुतकपुर गाँव में जगदीश (40) और उसकी पत्नी शशि (35) व चार बच्चे एक ही कमरे में सो रहे थे। जिस जगह पर पति पत्नी सो रहे थी उसी कमरे में थोड़ी ही दूर पर चार बच्चे भी सो रहे थे। उन्होंने बताया कि रात में बिजली का तार एक लोहे के बॉक्स पर गिर गया और दोनों पति पत्नी करंट की चपेट में आ गए। मृतक जगदीश गांव में ही एक परचून की दुकान चलाते थे और शनिवार की रात को 11 बजे घर पहुंचे थे। थाना शमशाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र राव ने बताया कि मृतक पति और पत्नी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल करंट से मौत की आशंका है, लेकिन पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली सड़क पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त

उन्नाव। उन्नाव जिले के सोनिक क्षेत्र में कानपुर-लखनऊराष्ट्रीय राजमार्ग को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली संपर्क सड़क पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई। करीब सात मीटर लंबा हिस्सा धंसने और डामर के साथ नीचे की मिट्टी बह जाने के बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बशीरतगंज के पास गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ने वाली इस सड़क के किनारे मिट्टी रोकने के लिए मानकों के अनुरूप पर्याप्त सुरक्षा कार्य नहीं किया गया था। लोगों का कहना है कि निर्माण की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण पहली ही बारिश में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अप्रैल 2026 को हरदोई जिले से गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण के दौरान ही सड़क धंसने और मिट्टी बहने जैसी आशंकाएं जताई गई थीं, लेकिन पर्याप्त सुधार नहीं किए गए। शुक्रवार शाम जब क्षतिग्रस्त सड़क का मीडियाकर्मी कवरेज और फोटो लेने पहुंचे तो मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के लोगों ने उन्हें फोटो खींचने से रोकने का प्रयास किया। उनका कहना था कि एक्सप्रेसवे पर मीडिया को फोटो लेने की अनुमति नहीं है। सूत्रों के अनुसार, एक्सप्रेसवे के संचालन से पहले भी सोनिक की सर्विस लेन और मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर सड़क धंसने, मिट्टी निकलने तथा रेलिंग क्षतिग्रस्त होने जैसी समस्याएं सामने आई थीं। बाद में इन कमियों की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन पहली ही बारिश में दोबारा सड़क क्षतिग्रस्त होने से मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद कार्यदायी संस्था ने क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत शुरू कर दी। घटना को लेकर प्रशासन की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं, उप जिलाधिकारी (सदर) क्षितिज द्विवेदी ने बताया पूरी परियोजना उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की है।

सुलतानपुर में धर्मांतरण के आरोप में चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता

सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के करौंदीकला क्षेत्र में अवैध धर्मांतरण के आरोप में पुलिस ने रविवार को मुकदमा दर्ज करके चार लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि करौदीकलां क्षेत्र के रमशापुर गांव में सभा आयोजित करके लोगों का धर्मांतरण कराने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। दर्ज मुकदमे के अनुसार, रमशापुर गांव में अवैध रूप से सभा का आयोजन करके लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की जा रही थी जिसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीण और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गये। मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोप लगाया कि सभा में लगभग 20 स्थानीय लोग मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सभा को संचालित करने के लिए कुछ लोग बाहर से आए थे, जो धर्म परिवर्तन करा रहे थे। ग्रामीणों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने बताया कि पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी व्यक्तियों द्वारा पहले भी अलग-अलग गांवों में ऐसे कार्यक्रम किए जा चुके हैं। तहरीर के आधार पर रविवार को मुकदमा पंजीकृत कर चार नामजद आरोपियों विनोद, रोहित, सूरज और सचिन को गिरफ्तार किया गया।

20 फीट नीचे गिरी स्लीपर बस, छह बच्चों समेत 36 यात्री घायल

हरदोई। जिले में पचदेवरा थाना क्षेत्र में भाहपुर सपहा गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात सिद्धार्थनगर के बांसी से दिल्ली जा रही एक स्लीपर बस के अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे गिरने से छह बच्चों समेत 36 यात्री घायल हो गए, जबकि 12 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। हादसा इतना भीषण था कि बस के परखच्चे उड़ गए और वह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मंदिर स्थापना उत्सव को लेकर हुआ भण्डारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रतापगढ़। स्थानीय लालगंज ब्लाक परिसर स्थित शिव मंदिर के स्थापना दिवस पर आयोजित हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वहीं धार्मिक उत्सव में शिव भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। भगवान शिव के अभिषेक की भव्यता देख श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध देखा गया। देर शाम तक हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध प्रसाद ग्रहण किया। आरती संध्या के साथ शिव स्तुति से जुड़े भजनों में भी श्रद्धालुओं को भावविभोर देखा गया। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने भगवान शिव की श्रद्धालुओं के साथ आरती उतारी। संयोजक चन्द्रमौलि सिंह ने भजन संध्या का संचालन किया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश शुक्ल, विजय तिवारी, दिनेश पाण्डेय, बजरंगी पाण्डेय, प्रीतेन्द्र ओझा, श्रेयश्कर पाण्डेय, रेनू यादव, अंकुर पाण्डेय, मो. रियाज, आत्माराम मौर्य, ओपी पटेल आदि रहे।

दबिश में तीस लीटर शराब बरामद

प्रतापगढ़। आबकारी टीम द्वारा रविवार को औचक दबिश देकर जेठवारा थाना क्षेत्र के दो गांवों में तीस लीटर कच्ची शराब व चार कुन्टल लहन बरामद करने में सफलता हासिल की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने थाना क्षेत्र के मझवारा तथा पतुलकी गांवों में दबिश देकर अवैध शराब व लहन बरामद किया। टीम द्वारा मौके पर मिली लहन को नष्ट कराया गया। वहीं तहरीर पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घर में घुसकर परिवार पर हमला करने की घटना को अंजाम देने पर सात नामजदों समेत कई पर मुकदमा

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के नदीपार रावतयाना मोहल्ले में आधी रात को एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि सात नामजद और कुछ अज्ञात लोगों ने एकराय होकर घर के बाहर गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों, लात-घूंसों तथा पटिया से पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। घटना में पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात नामजद आरोपियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहल्ला नदीपार रावतयाना निवासी जुम्मी पत्नी मुस्तफा खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जून 2026 की रात करीब 11.30 बजे मोहल्ले के रहने वाले रशीद पुत्र शहीद, अंसार एवं अफसर पुत्रगण साबिर, आसिफ पुत्र अनीस तथा रानू, जाहिद और साजिद पुत्रगण अलीरजा कुछ अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनके घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जब परिवार ने गाली-गलौज का विरोध किया तो सभी आरोपी आक्रामक हो गए और लाठी-डंडों, पटिया तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की गई। हमले में मुस्तफा खां, उनकी पत्नी जुम्मी तथा पुत्र सद्दाम घायल हो गए। पीड़िता के अनुसार, सद्दाम के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि मुस्तफा खां के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें लगने से वह बेहोश हो गए। घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय ललितपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मुस्तफा खां की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। बाद में झांसी से भी हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। पीड़िता का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण इलाज जारी रखने में कठिनाई हुई और परिवार को विवश होकर उन्हें वापस घर लाना पड़ा, जहां उनका उपचार चल रहा है।

अंतरजनपदीय चोरी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

2 मोटरसाइकिल बरामद

बांसी सिद्धार्थनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बांसी पुलिस ने एक और उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में थाना बांसी पुलिस एवं एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चोरी की कई वारदातों का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें तथा ?10,000 नकद बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दू सिंह के निर्देशन में की गई। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने शनिवार को पचपेड़िया तिराहे के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्यामसुन्दर मौर्य एवं इन्द्रजीत मौर्य, पुत्रगण रामदयाल मौर्य, निवासी मुडार खुर्द, थाना कोतवाली बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों की संलिप्तता जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज चोरी के कई मुकदमों में सामने आई। इनमें कोतवाली बांसी, शोहरतगढ़, भवानीगंज तथा ढेबरुआ थानों में पंजीकृत चोरी के मामले शामिल हैं।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें तथा ?10,000 नकद बरामद किए हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक स्वामीनाथ भास्कर, एंटी थेफ्ट प्रभारी संतोष सिंह, सर्विलांस सेल प्रभारी हरेन्द्र चौहान, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार दूबे, रामशब्द यादव, योगेन्द्र यादव, जनार्दन प्रजापति, रमेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, अमित यादव, इन्द्रेस यादव, आरक्षी अभिनन्दन सिंह एवं मुकेश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोतवाली बांसी पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

मिशन शक्ति600 से अधिक महिलाओं-बालिकाओं का बहू-बेटी सम्मेलन

श्रावस्ती। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत श्रावस्ती पुलिस ने जनपद के पांच स्थानों पर 'बहू-बेटी सम्मेलन' आयोजित कर 600 से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सरकारी योजनाओं, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रथा, गुड टच-बैड टच और महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 समेत अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मरक्षा के आसान उपाय सिखाए गए तथा किसी भी समस्या की स्थिति में बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 63.44 लीटर स्प्राइट के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी बरामद

सिद्धार्थनगर। थाना लोटन पुलिस ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 63.44 लीटर स्प्राइट कोल्ड ड्रिंक, एक मोटरसाइकिल और एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। बरामद माल को कस्टम अधिनियम की धारा-11 के तहत अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी हरिओम कुशवाहा की टीम ने करमैनी मोड़ से नेपाल जाने वाली पगडंडी पर चेकिंग के दौरान अखिलेश यादव (निवासी कोटही माई, थाना लुम्बिनी, जिला रूपनदेही, नेपाल) को 56 बोतल (740 एमएल) और 11 बोतल (2 लीटर) स्प्राइट सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। कार्रवाई में चौकी प्रभारी हरिवंशपुर उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता, मुख्य आरक्षी गांगुली कुमार तथा मुख्य आरक्षी मोहम्मद खुर्शीद शामिल रहे।

रिजर्व पुलिस लाइन में अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल

पुलिसकर्मियों को दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह मौजूद रहे, जबकि मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय शर्मा के मार्गदर्शन में अग्निशमन विभाग की टीम ने प्रशिक्षण दिया। मॉक ड्रिल के दौरान आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर पुलिस और अग्निशमन विभाग ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान आग पर जल्दी काबू पाने, लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने और आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई।

पुलिसकर्मियों को अग्निशामक यंत्रों का सही उपयोग, आपातकालीन हेल्पलाइन पर तुरंत सूचना देने तथा अस्पताल, स्कूल, कार्यालय या अन्य भवनों में आग लगने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

अग्निशमन टीम ने बताया कि आग लगने पर घबराने की बजाय शांत रहकर सुरक्षित स्थान पर जाएं और उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करें। साथ ही शुरूआती स्तर पर आग पर नियंत्रण पाने के तरीके भी बताए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह ने कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय सभी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाना और लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि किसी भी दुर्घटना में जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। अग्निशमन विभाग की टीम ने भी मॉक ड्रिल में सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने 10 बिखरते परिवारों को फिर मिलाया

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। जिले की महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय) के अंतर्गत शनिवार को महिला थाना स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर आयोजित काउंसलिंग के दौरान 10 दंपतियों के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद और मनमुटाव को आपसी सहमति से समाप्त कराया गया। प्रभावी संवाद, समझाइश और संवेदनशील काउंसलिंग के बाद सभी दंपतियों ने साथ रहने का निर्णय लिया और उन्हें खुशी-खुशी एक साथ विदा किया गया। यह कार्य पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस सराहनीय पहल में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय के साथ महिला थाना की

काउंसलिंग टीम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला थाना की यह मानवीय पहल न केवल टूटते परिवारों को नई उम्मीद देने का कार्य कर रही है, बल्कि समाज में आपसी संवाद और पारिवारिक सौहार्द का भी सशक्त संदेश दे रही है।

सीएमएस डॉ. उजेर अतहर की कार्यशैली से संयुक्त चिकित्सालय बांसी में स्वास्थ्य सेवाओं की नई पहचान,



बांसी, सिद्धार्थनगर। 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय, बांसी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. उजेर अतहर के नेतृत्व में मरीजों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सीएमएस स्वयं नियमित रूप से विभिन्न वार्डों, चिकित्सकीय कक्षों एवं अन्य विभागों का निरीक्षण करते हैं तथा मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। सीएमएस डॉ 0 उजेर अतहर के नेतृत्व में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पाकर स्वस्थ्य हुए मरीजों एवं उनके परिजनों ने सीएमएस डॉ 0 उजेर अतहर को सराहा गया, सीएमएस के अगुवाई में दायित्वों के प्रति क्रियाशील अस्पताल में डॉ. अश्वनी चौधरी, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. एम.के., वरिष्ठ सर्जन डॉ. ध्रुव चौधरी, वरिष्ठ फार्मासिस्ट रत्न शंकर चौधरी तथा स्वास्थ्यकर्मी बृजेश कुमार सहित पूरी चिकित्सा टीम समर्पित भाव से अपनी सेवाएं दे रही है।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का संगठन विस्तार

इकौना तहसील कार्यकारिणी का हुआ गठन

श्रावस्ती। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) जनपद श्रावस्ती की तहसील इकौना कार्यकारिणी की बैठक एवं नवीन पदाधिकारियों के गठन का कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता को सुदृढ़ बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील इकौना अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने की, जबकि मंच संचालन एस.पी. सिंह परिहार ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर तहसील भिनगा अध्यक्ष रईस अहमद, तहसील जमुनहा अध्यक्ष पवन सेठ, जमुनहा तहसील संरक्षक दीपेन्द्र गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं पत्रकार साथी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान तथा स्वतंत्र कार्य वातावरण सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। संगठन का उद्देश्य केवल पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति पत्रकारिता के नैतिक दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करना भी है। वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता, अनुशासन और पारदर्शिता पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद पत्रकारों के सम्मान, स्वाभिमान और हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। साथ ही निष्पक्ष एवं तथ्यपरक पत्रकारिता के माध्यम से जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया गया।

बैठक के दौरान सभी पत्रकार साथियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, आपसी समन्वय को बढ़ाने तथा पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि.) ने सभी पत्रकारों से संगठन की गरिमा, एकता एवं अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सत्य, निष्पक्षता और जनहित की आवाज को निरंतर बुलंद करने का आह्वान किया।

सड़क हादसे में एक की मौत, 11 घायल

बहराइच। जिले में रविवार को चिलवरिया क्षेत्र के पास वाराणसी कैंट डिपो की एक रोडवेज बस और सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच हुई भीषण टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए।

U.P. Badminton Association
BBD. U.P. BADMINTON ACADEMY VIPIN KHAND (NEAR LOHIYA PARK) GOMTI NAGAR, LUCKNOW-226010

Senior Foreign Badminton Coach (Male/Female)

Eligibility Criteria
- Minimum 5 years of coaching experience at a reputed National or International Badminton Academy.
- Proven ability to coach and develop Junior and Senior players.
- Experience in mentoring and training junior coaches.
- Strong technical, tactical, and player development skills.
- Excellent communication skills in English.

Remuneration
- **Salary:** Negotiable and commensurate with qualifications, experience, and performance.

Application: - Interested candidates are requested to submit their application along with a detailed resume within one week from the date of publication of this advertisement.
Email: upbacademy@gmail.com, upbassociation@yahoo.in **Contact:** +91 9793132555

संक्षेप

तेज रफ्तार बोलेरो विद्युत पोल से टकरायी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अंतर्गत बांगरमऊ बरुआ घाट रोड पर एक तेज रफ्तार, बोलेरो जीप विद्युत पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो के टकराने से पोल टूटकर गाड़ी पर गिर गया। गनीमत रही कि बोलेरो सवार सुरक्षित बच गये। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांगरमऊ बरुआघाट मार्ग पर बांगरमऊ की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो राजेपुर गांव के पास मार्ग किनारे स्थित विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विद्युत पोल टूटकर बोलेरो के ऊपर गिर गया। आस पास के लोगों ने विद्युत आपूर्ति बंद कराकर गाड़ी को निकलवाया। बताया जाता है बोलेरो में तीन लोग सवार थे, जिन्हें किसी प्रकार सुरक्षित निकाल लिया गया जिससे कोई अप्रिय घटना होने से बच गई केवल वाहन को ही नुकसान पहुँचा है।

महिला को पड़ोसी ने पीटा

उन्नाव। क्षेत्र के गांव ज्ञानपुरा लालपुरा निवासी रेखा देवी पत्नी प्रजीत ने थाने में तहरीर देकर गांव के दो भाइयों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने बताया शनिवार शाम को वह मुहल्ले में खेल रहे अपने बच्चे को लेने गई थी। तभी गांव के दो भाइयों के द्वारा उसे रास्ते में गालीगलौज करने लगे विरोध करने पर उसने उन्हें पीट दिया। और उसके 5 वर्षीय पुत्र को धक्का मारके गड्ढे में गिरा दिया। इतना ही उसे सब्जी काटने वाली छुरी से उसे धमकाया भी है।

छिटपुट बारिश से उमस बढ़ी

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। बीते दो तीन दिन में हुई छिटपुट बारिश के बाद अचानक मौसम ने करवट ले ली और बारिश न होने से उमस बढ़ गई जिससे लोग गर्मी एवं पसीने से तरबतर हो रहे हैं। एक जून को बरसात के मौसम की पहली बारिश हुई जिसमें पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार बढ़ गए थे दूसरे दिन भी छिटपुट बारिश हो गई जिससे जहां गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई वहीं किसानों ने भी खरीफ की फसल की जुताई बुआई की तैयारियां शुरू कर दी। लेकिन बीते तीन दिन से निकल रही तेज धूप और उमस ने जीना बेहाल कर दिया है। किसान मजदूर भी काम से पीछे हटने लगे हैं। किसानों का मानना है कि यदि वर्षा का यही हाल रहा तो पैदावार प्रभावित हो सकती है। बहरहाल भीषण गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है।

कुल्हाड़ी से पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

बांगरमऊ, उन्नाव। पारिवारिक विवाद में एक पुत्र ने अपने ही पिता को कुल्हाड़ी से वार कर मार डाला। हालांकि पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया है। कथित तौर पर भाजपा नेता प्रमोद पासी उर्फ रेवती औरास थाना क्षेत्र के चमारनखेड़ा मजरा ढकौली गांव निवासी थे। उन्हीं के बेटे ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय प्रमोद पासी गांव के मंदिर में शनि देव और बरम बाबा की पूजा कर रहे थे। आरोपी बेटे सोने लाल ने पीछे से उनके सिर और गर्दन पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार सोने लाल शराब का लती है। अक्सर परिवार में विवाद करता था, पत्नी को मारता पीटता था। ससुर प्रमोद पासी इसके लिए अपनी बहू का पक्ष लेते थे। सोनेलाल पिता पर जायदाद का हिस्सा देने का दबाव बनाता था। जिस पर वह मना कर देते। इसी बात से सोनेलाल नाखुश था। जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गूगल मैप के भरोसे सफर पड़ा भारी

जसवंतनगर। शनिवार रात मध्य प्रदेश के भोपाल से फिरोजाबाद के सिरसागंज में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा एक परिवार गूगल मैप के सहारे रास्ता भटक गया। ग्राम नगला विशुन और तिजौरा के बीच तेज बारिश व घने अंधेरे के कारण टाटा सफारी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बंबा में जा गिरी। हादसे में चालक धर्मेंद्र जादौन, उनकी पत्नी शीतल, पुत्री श्रेया, आजा जादौन तथा संध्या भटनागर को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही थाना बलरई पुलिस मौके पर पहुंची।

नव पर्यटन स्थल चिलुआताल घाट पर बहेगी भक्तिमय सुरों की बयार

चिलुआताल के किनारे करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा भजन संध्या स्थल

गोरखपुर। महानगर के नव पर्यटन स्थल चिलुआताल के किनारे योगी सरकार आध्यात्मिक माहौल बनाएगी। इसके लिए करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से चिलुआताल घाट पर भजन संध्या स्थल का निर्माण कराया जा रहा है। इसी साल अगस्त माह तक निर्माण पूर्ण होने की उम्मीद है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद चिलुआताल घाट पर भक्तिमय सुरों की बयार भी बहने लगेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, रामगढ़ताल की तर्ज पर पर्यटन विकास कार्यों के जरिये चिलुआताल का कायाकल्प कराया गया है। 20 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से चिलुआताल का सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही यहां भजन संध्या स्थल का निर्माण भी कराया जा रहा है। इससे लोगों को घाट पर सैर सपाटे के साथ भजन सुनने का भी आनंद प्राप्त होगा। इस भजन संध्या स्थल पर एक साथ 1014 लोग बैठकर भजनों की सरिता में डुबकी लगा सकेंगे। भजन संध्या स्थल में एक विशाल स्थायी मंच बनाया जा रहा है, जिससे कलाकार भजनों की प्रस्तुति करेंगे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए सीढ़ीनुमा श्रोता दीर्घा बनाई जा रही है। पूरा आयोजन क्षेत्र आरसीसी छत से आच्छादित होगा, जिससे कि विपरीत मौसम में भी श्रोता भजनों का आनंद ले सकें। यहां कलाकारों के ग्रीन रूम बनाया जाएगा। टायलेट ब्लाक, पेयजल पोस्ट और पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी होगी। स्थल का माहौल प्राकृतिक हो, इसके लिए, पौधरोपण और लैंड स्केपिंग भी कराई जाएगी। स्थल की दीवारों को स्प्रिचुअल म्यूरल पेंटिंग्स (आध्यात्मिक चित्रों) से सजाया जाएगा। भजन संध्या स्थल के निर्माण के लिए 12 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है और इसके सापेक्ष पहली संपूर्ण धनराशि भी जारी की जा चुकी है। चिलुआताल घाट का लोकार्पण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2 जून को निर्माणाधीन भजन संध्या स्थल का भी निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। कार्यदायी संस्था यूपी राजकीय निर्माण निगम के मुताबिक निर्माण अगस्त 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

परशुराम समिति ने आधा सैकड़ा मेधावियों को सम्मानित किया

इकदिल, परशुराम सेवा समिति का मेधावी सम्मान समारोह एसआरएलटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इकदिल में आयोजित किया गया। इसके साथ ही संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री द्वारा महादेवी वर्मा पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2026 में 80 प्रतिशत तक अंक पाने वाले सभी वर्गों के आधा सैकड़ा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया स कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक नरेश चन्द्र भटेले पूर्व प्रधानाचार्य ने की तथा संचालन प्रदेश महासचिव जयशिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वेश शर्मा ने मां सरस्वती की वंदना पढ़कर किया। साथ ही अतिथियों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप जलाकर विधि पूर्वक पूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि मेधावियों का सम्मान करने से उनका मनोबल बढ़ता है। अध्यक्षता कर रहे नरेश चंद्र भटेले ने कहा कि परशुराम समिति का यह सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में कवि गोविन्द द्विवेदी, गोपाल पांडेय, विनोद कुमार राठौर आदि ने काव्य पाठ किया स इस अवसर पर डॉ. उमाकांत शर्मा, संरक्षक आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, कृष्ण मोहन अग्निहोत्री, हरि प्रकाश चैधरी, अनिल दुबे, राज कुमार दीक्षित, अनिल दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष के के चतुवेर्दी, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश प्रभारी के के त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, सुनील तिवारी एड. राजेंद्र देव दुबे, शिवेंद्र मिश्रा, अंशुल पाण्डेय एड., राजीव त्रिपाठी एड., राज तिवारी, गोपाल मिश्रा, नवीन मिश्रा उपस्थित रहे।

धोखाधड़ी व जालसाजी पर अभियुक्त गिरफ्तार, संगीन धाराओं में मामला दर्ज

इटावा। धोखाधड़ी दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव मार्गदशन व क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश सिंह के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही की गई। आरोपी पर अन्य जिलों में मुकदमे दर्ज है। थाना सिविल लाइन पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग की विवेचना के दौरान उपलब्ध दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों, कूटरचित प्रपत्रों, चेकों पर हस्ताक्षरों संबंधी एफएसएल रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के परीक्षण के उपरांत अभियुक्त प्रवीण कुमार गुप्ता की संलिप्तता स्पष्ट होने पर 1 जुलाई को उसे विधिक प्रक्रिया के अनुसार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के उपरांत प्रकरण में अन्य उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण, सह-अभियुक्ता की गिरफ्तारी तथा अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु पुलिस टीमों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रकरण की विवेचना निष्पक्ष, पारदर्शी एवं साक्ष्य-आधारित रूप से प्रचलित है। पुलिस ने प्रवीण कुमार गुप्ता पुत्र विपिन चंद्र गुप्ता निवासी स्वामी टोला थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक केके मिश्रा थाना सिविल लाइन रहे।

सपा कार्यालय पर कार्यसमिति की बैठक

इटावा। पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी जिला कार्यसमिति की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में आयोजित हुई, वीरभान सिंह भदौरिया वीरू ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पार्टी से प्राप्त पत्रों को पढ़कर सुनाया, एवं अनुपालन हेतु पार्टी पदाकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

प्रदीप शाक्य बबलू ने जिला कार्यसमिति की बैठक में पदाधिकारियों की उपस्थिति ली एवं अनुपस्थिति पदाधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिया, जो पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में भाग नहीं लेंगे, तो उनके स्थान पर जुझारू एवं कर्मठ कार्यकताओं को जिला कमेटी में स्थान दिया जाएगा। प्रदीप शाक्य बबलू ने समाजवादी पार्टी से संबंधित फ्रंटल संगठनों द्वारा अपनी जिला, विधानसभा, ब्लाक एवं नगर कमेटियों का गठन कर अब तक सूचियां जिला कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे उनके पदाधिकारियों का आकलन नहीं हो पा रहा है, इसी प्रकार नगर इटावा तथा विधानसभा की भी बैठके लगातार निर्देश दिए जाने के बावजूद नहीं की जा रही है जो चिंता का विषय है उन्होंने सभी को स्पष्ट निर्देश दिया कि बैठकें प्रतिमाह आयोजित की जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में केपी शाक्य, लाखन सिंह जाटव, उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला, विद्याराम यादव, शिशुपाल सिंह यादव सीटू, नवनीत पाल लालू, जितेंद्र यादव मोना, देवेंद्र भदोरिया, मयंक विद्योलिया, राकेश यादव, दीपी सिंह, प्रदीप सोनी, प्रवीण कुशवाहा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष फरहान शकील, आशीष श्रीवास्तव रोहित, अवधेश सविता, मनोज राणा, सीमा पाल, मालती यादव, भारत सिंह राजपूत, महावीर सिंह यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवि यादव विधायक, दिनेश यादव उपस्थित रहे।

मंडल की मासिक बैठक कर सरकार की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भाजपाइयों द्वारा चौरीचौरा मंडल इकाई की बैठक मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल मौर्य रहे।बैठक का मुख्य उदेश्य भारतीय जनता पार्टी के कार्य केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना था। बैठक के माध्यम से लोगों ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, जैसे किसान सम्मान निधि योजना शहरी आवास योजना जन धन योजना आयुष्मान स्वास्थ्य योजना एवं सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दिया। उक्त अवसर पर, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता मंडल महामंत्री अनिल जायसवाल, अवधेश जायसवाल विजय कुमार साही, संतोष शुक्ला राजकुमार गुप्ता, आलोक पटवा, मनीष सिंह, आदित्य मिश्रा, संदीप विश्वकर्मा, आनंद राय, मुंशी चौहान, नंदलाल जायसवाल, वीरेंद्र यादव, रणजीत जायसवाल, कन्हैया मद्धेशिया, विनोद मद्धेशिया, शिवेंद्र पासवान, अनिल खरवार, अखिलेश जायसवाल, भोलू जयसवाल, व शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी व मंडल के तमाम लोग उपस्थित रहे।

मासूम का अपहरण कर हत्या, दंपति गिरफ्तार

फिरौती के लालच में रची साजिश, शव बरामद होने के बाद पुलिस ने किया खुलासा

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय मासूम के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण कर बाद में हत्या करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को वादी ने अपने 5 वर्षीय पौत्र के लापता होने की सूचना दी थी। इस पर थाना सहजनवां में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि बच्चा आरोपी कल्पेश राय के साथ जाता हुआ दिखाई दिया था। लगातार खोजबीन के बाद 3 जुलाई को लापता बच्चे का शव बरामद हुआ, जिससे मामले ने गंभीर रूप ले लिया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कल्पेश राय और उसकी पत्नी नीलम प्रभा राय को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी कल्पेश ने स्वीकार किया कि उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर फिरौती के लालच में बच्चे का अपहरण किया था। लेकिन जब परिवार द्वारा बच्चे के गायब होने की सूचना पुलिस को दी गई और मामला बढ़ने लगा, तो पकड़े जाने के डर से बच्चे की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।

सदस्यों की एकजुटता ही संगठन की ताकत : राष्ट्रीय संयोजक

पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उप्र0 की बैठक संपन्न

चौरीचौरा, गोरखपुर। संगठन का बल, वास्तव में संगठन के सदस्य होते हैं। सदस्यों की संख्या, जितनी मजबूत होगी, संगठन उतना ही मजबूती के साथ खड़ा मिलेगा। उक्त बातें पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन आफ इंडिया के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जेपी गुप्ता एडवोकेट ने चौरीचौरा तहसील सभागार में आयोजित बैठक के दौरान वतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रभान तिवारी, प्रदेश महासचिव उमाशंकर शुक्ला, सुमेर नाथ पाण्डेय, यशोदा नन्द सिंह जिलाध्यक्ष कुशीनगर, महेंद्र पाण्डेय, अवधेश दूबे बबलू कुशवाहा, आदि लोगों ने संबोधित कर संगठन विस्तार पर वृहद रूप से चर्चा किया। संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए सर्व सम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमें तहसील इकाई की बैठक हर माह, जिला इकाई की बैठक हर दूसरे माह, मंडल इकाई की बैठक हर तीसरे माह तथा प्रदेश कमेटी की बैठक हर चौथे माह कराना तथा तहसीलों के बैठकों में जिला इकाई से प्रभारी नियुक्त करना प्रमुख है।

उक्त अवसर पर डाक्टर टी एन गुप्ता, अश्वनी कुमार सिंह, अविनाश शुक्ला, सुमेर नाथ पाण्डेय जयप्रकाश यादव, एम एम खान उर्फ फिरोज खान, राम संजीवन मिश्रा अनिल गौतम, जेपी कुशवाहा, वशीउलहक सिद्दीकी, विनोद कुमार पासवान, योगेंद्र मौर्य कृष्ण कुमार सच्चिदानंद उर्फ बबलू कुशवाहा, सुमंत दूबे रविप्रकाश राव प्रमोद कुमार गौड़ सूर्याम्बुज दूबे ज्ञानेंद्र मिश्रा दिनेश गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

तीन बच्चियां घायल

जसवंतनगर, इटावा। नगर के मोहल्ला सिद्धार्थ पुरी में रविवार को रेलवे स्टेशन जाते समय एक टिर्री की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन बच्चियां घायल हो गईं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद परिजन बेहतर इलाज के लिए अपने साथ ले गए।

युवक की संदिग्ध हालत में मौत, पत्नी पर साजिश व हत्या का आरोप

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा विकास खंड व थाना क्षेत्र पिपराइच के ग्राम पंचायत जंगल क्षत्रधारी टोला ककरहिया निवासी रेलकर्मी ब्रह्मदेव निषाद के करीब 25 वर्षीय बेटे पंकज निषाद की रहस्यमय हाल रविवार दोपहर उसके ही डीजे के दुकान कुंडी से लटकता शव मिला। नव विवाहिता पत्नी प्रतिमा पर हत्या करवाने का आरोप लगाते हुए उसे घर में ही परिजनों ने बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को पत्नी को छुड़ाने में विरोध का सामना करना पड़ा। गाड़ी पर बैठाते समय पथराव करने का भी आरोप है। जानकारी अनुसार पंकज की शादी पीपीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सालवी निवासी महेंद्र निषाद के बेटी प्रतिमा से फरवरी 26 में हुई थी। शादी के बाद पंकज को अपने पत्नी के चरित्र पर संदेह होने लगा। जिसे लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। पंकज अपने ही मकान में डीजे की दुकान भी चलाता था। रविवार दोपहर दुकान के भीतर उसका शव लटकते हुए मिला। जानकारी मिलते ही परिजन उसके पत्नी को घर बंधक बना लिया। आरोप लगाया कि पत्नी, साली व साढ़ू मिलकर बेटे की हत्या कर दी। मृतक दो भाई में बड़ा था। दो बहनों में एक मनीषा की शादी हो गई है। परिजनों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम भेज दिया। लेकिन बंधक बनाकर रखी पत्नी को छुड़ाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। किसी तरह पुलिस उसे गाड़ी तक ले गई। इस बीच कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। चर्चा है कि जिससे पुलिस वाहन सहित एक पुलिस कर्मी घायल हो गया है। थानाध्यक्ष विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मुझे अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुआ हैं पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

जमीन पैमाइश के दौरान कुदाल से हमला, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत ग्राम सभा गोविंदपुर में उप जिलाधिकारी के आदेश पर जमीन विवाद को निपटाने हेतु राजस्व टीम व पुलिस टीम का गठन किया गया था शनिवार को मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को टीम को यथा स्थिति से अवगत करा ही रही थी कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर कुदाल लेकर हमला बोल दिया इसके बाद पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराकर आरोपियों को थाने लाकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की है मिली जानकारी के अनुसार लेखपाल विवेक सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम पिपरा पोस्ट हरदी चक थाना खजनी गोरखपुर ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मैं वर्तमान में तहसील सदर गोरखपुर अंतर्गत क्षेत्र संख्या 25 पर लेखपाल के पद पर कार्यरत हूं मेरे हल्का क्षेत्र में ग्राम गोविंदपुर में अराजी संख्या 022 के खातेदार शमसरन पुत्र मिट्ठू निवासी गौराखास द्वारा मुख्यमंत्री जनता दर्शन में रास्ते और मकान निर्माण के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके क्रम में उप जिलाधिकारी महोदय सदर द्वारा राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण को नियमानुसार निस्तारण का आदेश दिया था जिसके क्रम में टीम मे हरिशंकर विश्वकर्मा राजस्व निरीक्षक, सुनील कुमार पासवान, विनय यादव लेखपाल तथा पुलिस अधिकारी व कर्मचारी चौकी प्रभारी मजनू आशीष सिंह, चंदन नारायण, रॉकी जायसवाल, महिला उप निरीक्षक प्रगति यादव, सोनी कुमारी सहित अन्य कांस्टेबल की देख रेख में पैमाइस का कार्य किया गया पैमाइस के पश्चात दोनों पक्षों को यथा स्थिति से अवगत कराया जा रहा था इसी बीच मुनक्का देवी व गिरीश चंद्र कुमार, शिरीष चंद्र कुमार, सीमा कुमारी, मीना कुमारी ने मिलकर शमसरन के लड़के के ऊपर कुदाल से हमला कर दिया जिससे पुलिस बल द्वारा हिकमत अमली का प्रयोग कर मौके पर शांति व्यवस्था कायम किया गया इन लोगों द्वारा गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी गईपुलिस ने तहरीर के आधार पर बिधिक कार्यवाही करते हुये सुसंगत धाराओ मे मुकदमा कायम कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

निःशुल्क तीर्थ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के समाजसेवी एवं पुष्प फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को श्रीरामलला श्रवण कुमार आजीवन निशुल्क तीर्थयात्रा की दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समूचे विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ी। ब्लॉक बीघापुर के धानी खेड़ा में आयोजित भव्य कार्यक्रम में जनप्रिय समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तीर्थ यात्रा को जा रहे श्रद्धालुओं के पैर धोकर माला पहनाकर अंगवस्त्र देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों, बहनों व आमजनमानस की भारी भीड़ रही। सभी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा किये जा रहे पुनीत कार्य में समर्थन व उत्साह भरने हेतु पहुँचे, तीर्थयात्रा को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न चैराहो धानी खेड़ा बड़ा चैराहा, बारा चैराहा, टेढा चैराहे, लालकुँवा चैराहे, नगर पंचायत बीघापुर, तहसील मुख्यालय पाटन, बिहार कस्बे में क्षेत्रीय समर्थको ने बुलडोजर पर चढ़कर पुष्प वर्षा व नृत्य की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय हो गया। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिये अपने जीवन की अंतिम सांस तक निशुल्क तीर्थ यात्रा करवाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुन्ना सिंह अवधूत, हरिओम सिंह, तेजबहादुर सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, किसान नेता ब्रजेन्द्र सिंह राजू, ज्ञान सिंह, सुनील सिंह जिलाध्यक्ष, दिलीप निर्मल प्रधान, राघवेंद्र प्रधान, कुलदीप प्रधान, संजय प्रधान, आशू राठौर प्रधान, भोले प्रधान, रोहित सिंह पूर्व प्रधान, संदीप सिंह प्रधान, बुदेश प्रधान, गोलू सिंह, बच्चू सिंह, शिवबरन, प्रिया सिंह, रीमा सिंह, अनामिका, सीता, कृष्णा आदि भारी संख्या में क्षेत्रीय पारिवारिक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इकबाल सिंह प्रधान ने किया।

भाभी को देवर समेत तीन ने पीटा

इकदिल, इटावा। क्षेत्र के ग्राम बड़ी फूफई निवासी राधिका देवी पत्नी आकाश बाबू ने थाने में तहरीर देकर अपने देवर समेत तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने बताया शनिवार शाम वह अपने घर पर बैठी हुई थी तभी उसका देवर उसके पास आया और बगैर किसी बात के नशे में गालीगलौज करने लगा विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट करने लगा पत्नी को पिटते देख पति बचाने आये तो उन्हें भी पीट दिया। जिसके बाद देवरी ने रविवार सुबह अपने मायके से भाई को फोन कर बुलाया जिसके बाद तीनों ने उसके साथ लात घूंसों से पति पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया और मौके से भाग गए।

पर्यटकों को शावकों के दीदार होंगे

इटावा। सफारी पार्क के लॉयन सफारी क्षेत्र में खुले में घूमते नजर आयेंगे बब्बर शेरों के 4 शावक इन शावकों को सफारी प्रशासन द्वारा ब्रीडिंग सेंटर से लॉयन एनिमल हाउस में स्थानान्तरित किया जा चुका है। जल्द ही इन शावकों को सप्ताह में कुछ दिन सफारी क्षेत्र में पर्यटकों के दीदार के लिए भी खोला जाएगा। इसके साथ ही सफारी पार्क के ब्रीडिंग सेंटर में अब तक सबसे अधिक शावकों को जन्म देने वाली शेरनी नीरजा के नाम पर ब्रीडिंग सेंटर का अब नया नाम सफारी प्रशासन द्वारा नीरजा निवास किया गया है। वर्तमान में सफारी पार्क में बब्बर शेर कान्हा सबसे अधिक शावकों का पिता बन गया है, अतः उसके नाम पर अब एनिमल हाउस-1 का नाम कान्हा निवास किया गया है तथा सफारी पार्क को नयी पहचान दिलाने वाली बब्बर शेरनी जैसिका जो सफारी पार्क में सबसे पहले मां बनकर अपने शावकों की देखरेख की, को एनिमल हाउस-2 में रखा गया है, के नाम पर एनिमल हाउस-2 का नाम जैसिका निवास रखा गया है। सफारी प्रशासन द्वारा सफारी को नयी पहचान दिलाने हेतु निरन्तर प्रयास जारी है। साथ ही ब्रीडिंग सेंटर में स्थानान्तरित की गयी शेरनी सुधा और बब्बर शेर सिम्बा के मध्य अच्छी बॉडिंग विकसित हो रही है। जल्द ही इनकी मेटिंग होने की संभावना हो सकती है। यह जानकारी डा. अनिल कुमार पटेल निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी है।

शिकायतकर्ता ही निकला अवैध कब्जाधारी, चक मार्ग से जेसीबी से हटाया गया पक्का निर्माण

जसवंतनगर, इटावा। आईजीआरएस पोर्टल पर चक मार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत करने वाला है ग्रामीण खुद अतिक्रमणकारी निकला। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर भू-सत्यापन किया तो शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों ने चक मार्ग पर पक्की नींव डाल रखी थी। टीम ने जेसीबी से दोनों पक्षों के अवैध निर्माण हटवाकर चक मार्ग को कब्जा मुक्त कराया। मामला जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम जनकपुर मौजा जसोहन का है। यहां के निवासी अखिलेश कुमार ने अधिकारियों और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी कि गांव में भू-अभिलेख में दर्ज गाटा संख्या 694 चक मार्ग पर विपक्षीगण दीवान सिंह आदि ने कई वर्षों से अवैध कब्जा कर रखा है और रास्ता बंद कर दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने नायब तहसीलदार नेहा सचान के नेतृत्व में राजस्व टीम गठित कर पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार नेहा सचान राजस्व और पुलिस टीम के साथ बीते दिन गांव पहुंचीं। मौके पर भू-सत्यापन के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता अखिलेश कुमार ने भी चक मार्ग पर पक्की नींव डालकर कब्जा कर रखा है। इसके बाद टीम ने तत्काल जेसीबी मशीन की मदद से चक मार्ग पर किए गए सभी पक्के निर्माण को ध्वस्त कर रास्ते को खुलवाया। नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी ने भी चक मार्ग पर अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल अरुण यादव, लेखपाल जहीर खान, जयपाल यादव, हलका इंचार्ज शुभम वर्मा, सचिव अवनीश और रोजगार सेवक नवीन मौजूद रहे।

संक्षेप

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ पौधरोपण

पलियाकलां खीरी। पर्यावरण संरक्षण और हर्मों के प्रति सम्मान को समर्पित एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम का विशाल आयोजन रविवार 05-07-2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पलिया कलां में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय की बहनों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने दिया पर्यावरण का संदेश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन क्षेत्राधिकारी श्री विनय कुमार जी, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री सूरज सिंह विस्ट जी, वन दरोगा श्री राकेश कुमार जी सहित वन विभाग की पूरी टीम उपस्थित रही। विनय कुमार जी ने भैया/बहिनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने, वातावरण को स्वस्थ रखने और शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना अति आवश्यक है। हमें पौधों की देखभाल भी निरंतर करनी चाहिए। एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान विद्यालय के अध्यक्ष श्री चाँद कुमार जैन जी ने कहा कि शास्त्रों में एक वृक्ष को 10 पुत्रों के समान बताया गया है। पेड़-पौधे हमारे लिए देवतुल्य है। हमें अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर धरती माता का श्रृंगार करना चाहिए। प्रधानाचार्य सुनील सिंह ने कहा जैसे माँ का आँचल हर संकट से बचा लेता है, वैसे ही वृक्ष की छाँव हर धूप को समेट लेती है। उन्होंने सभी को पर्यावरण रक्षा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर आम, अमरूद, कटहल, आंवला, नींबू सहित विभिन्न फलदार वृक्षों का रोपण विद्यालय परिसर में किया गया।

संदिग्ध अवस्था में घर पर मृत मिला युवक

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा में एक युवक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिलने से हड़कंप मच गया बहन पूजा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक के पिता देवेंद्र तिवारी ने बताया उसका बेटा ओम तिवारी 24 वर्षीय शनिवार की रात खाना खाकर घर के कमरे में सोया था सुबह मृत पाया गया जो अविवाहित था और शराब पीने का आदी बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। चौकी प्रभारी अखिलेश सिंह ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए, जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

मोर की मौत से सनसनी, वन विभाग ने शुरू की जांच

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के चंद्रिकपुर गांव के पास रविवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मोर के शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वन विभाग के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मोर की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। रेंजर रोहित निगम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मोर की मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नियमानुसार राष्ट्रीय सम्मान के साथ मोर का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

पिंकी की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के पंचमपुरवा में 2 और 3 जुलाई की रात हुई महिला पिंकी गुप्ता की निर्मम हत्या का पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया।

पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में मुख्य साजिशकर्ता शिवप्रकाश शुक्ला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून से सना लोहे का बेलचा भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। रविवार शाम करीब 4 बजे एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में एएसपी उत्तरी आलोक सिंह और सीओ सदर नेहा त्रिपाठी की निगरानी में कोतवाली देहात पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम मधवापुर के पास आम के बाग के निकट घेराबंदी कर शिवप्रकाश शुक्ला, लक्ष्मी देवी और दिलीप कुमार रैदास को गिरफ्तार किया।

एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि शिवप्रकाश शुक्ला पंचमपुरवा में किराए के मकान में रहता था और उसकी पड़ोस में रहने वाली मृतका पिंकी गुप्ता से प्रेम संबंध थे। इसी दौरान उसके संबंध एक ई-रिक्शा चालक की पत्नी लक्ष्मी देवी से भी हो गए। लक्ष्मी, शिवप्रकाश पर उसके साथ पति-पत्नी की तरह रहने का दबाव बना रही थी। जब उसे पिंकी और शिवप्रकाश के रिश्ते की जानकारी हुई तो दोनों महिलाओं के बीच विवाद बढ़ने लगा। पुलिस जांच में सामने आया कि लक्ष्मी ने पिंकी को रास्ते से हटाने के लिए शिवप्रकाश को उकसाया। इसके बाद शिवप्रकाश ने अपने साथी दिलीप कुमार रैदास को भी साजिश में शामिल कर लिया। योजना के तहत तीन जुलाई की सुबह करीब 8:40 बजे तीनों आरोपी पिंकी के घर पहुंचे। उन्होंने घर का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया और उस समय सो रही पिंकी पर लोहे के बेलचे से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कमरे में ताला लगाकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और सर्विलांस, पूछताछ तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच गई। एसपी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल लोहे का बेलचा बरामद कर लिया गया है। तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है

किशोर की मौत केस में नया मोड़, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र में नहर में डूबकर हुई 17 वर्षीय किशोर निर्मल की मौत के मामले में रविवार को नया मोड़ आ गया।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने निर्मल के साथ नहाने गए दोस्तों पर जबरन पानी में डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, नंसोहा गांव निवासी निर्मल पुत्र राम प्रकाश शनिवार दोपहर अपने दोस्तों सोनू, करन और गुड्डू के साथ गांव के पास नहर में नहाने गया था। बताया गया कि चारों दोस्त पानी में खेल रहे थे और एक-दूसरे को डुबोने का खेल कर रहे थे। इसी दौरान निर्मल गहरे पानी में चला गया और डूब गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद उसे नहर से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में मामला हादसा माना जा रहा था, लेकिन करीब 12 घंटे बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगा दिया। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दुधवा में की जा रही विशेष निगरानी

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी बेस कीमती वृक्षों से परिपूर्ण होने के साथ-साथ वन जीवों का एक बाहुल्य वन क्षेत्र है। इसकी 90 किलोमीटर से अधिक की सीमा अंतर्राष्ट्रीय नेपाल राष्ट्र से लगी हुई है जहां के अराजक तत्व निरंतर खुली सीमा का फायदा उठाने का प्रयत्न करते रहते हैं। ऐसी गतिविधियां विशेष कर मानसून सत्र में जब बारिश एवं बाढ़ का प्रकोप अधिकांशत दुधवा के वन क्षेत्र में रहता है। ऐसे में यह पूर्ण क्षेत्र और भी अधिक संवेदनशील हो जाता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मानसून सत्र में विशेष निगरानी रखने के लिए सचल सुरक्षा दल एवं रणनीतियां अपनाई जाती हैं। सक्षम उच्च स्तर से एवं प्रभागीय स्तर से निर्गत दिशा निदेर्शों के क्रम में दुधवा टाइगर रिजर्व की समस्त रेंजों के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा एवं सचल सुरक्षा दल द्वारा नियमित रूप से सघन पेट्रोलिंग इस समय की जा रही है। विशेष करके इसको और भी बेहतर बनाने के प्रयास के चलते पैदल पेट्रोलिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे प्रत्येक गतिविधि पर सूक्ष्म नजर रखी जा सके।

ट्रैक्टर की बैटरी चोरी

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सुंगुलपुर गांव में स्थित एक ईंट भट्ठा पर शनिवार की रात चोर ने भट्ठे पर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी निकाल ले गए। चोर अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे में लगी सिम भी निकालकर अपने साथ ले कर चले गए। घटना की जानकारी रविवार सुबह हुई। जिसके बाद हड़कंप मच गया। भट्ठा मालिक मुन्ना यादव ने बताया कि देर रात अज्ञात चोर ट्रैक्टर की बैटरी और सीसीटीवी कैमरे की सिम चोरी कर ले गए।

रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने जीते 17 मंडलीय पुरस्कार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 के सत्र 2025-26 के वार्षिक पुरस्कार समारोह में रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने उत्कृष्ट सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों के लिए 17 मंडलीय पुरस्कार हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। वाराणसी में आयोजित समारोह में मंडलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल के 90 से अधिक रोटरी क्लबों ने भाग लिया। समारोह में रोटरी क्लब गोला सेंट्रल को सोशल सर्विस, हेल्थ कैंप, वाटर एंड सैनिटेशन, मेंबर रिटेंशन, डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस सहभागिता, इंटरसिटी कार्यक्रम, कम्युनिटी सर्विस, ऑफिशियल क्लब विजिट, एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी, रोटरी पब्लिक इमेज और मासिक जीएमएल रिपोर्टिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

क्लब अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने इस उपलब्धि का श्रेय क्लब के सभी सदस्यों की एकजुटता, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा भावना को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे क्लब परिवार के लिए प्रेरणादायक है और भविष्य में भी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा जनकल्याण से जुड़े सेवा कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखेगा। उन्होंने मंडलाध्यक्ष डॉ. आशुतोष अग्रवाल एवं डिस्ट्रिक्ट टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से क्लब को निरंतर बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। समारोह में क्लब सचिव प्रमोद वर्मा, डॉ. योगेश कनौजिया, कोषाध्यक्ष खालिद रियाज, पुनीत साहनी, अनिल जायसवाल, कामरान खान सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।

गांव की पगडंडियों से मायानगरी तक संघर्ष की मिसाल

अजय मिश्रा ने अभिनय की दुनिया में बनायी अलग पहचान

मन्दीप कुमार वर्मा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला क्षेत्र के रामपुर-डाटपुर गांव के अभिनेता अजय मिश्रा ने अपनी मेहनत, संघर्ष और अभिनय प्रतिभा के दम पर मायानगरी मुंबई में अलग पहचान बनाई है।

टेलीविजन और फिल्मों में अपनी छाप छोड़ने के बाद अब वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। उनकी नई वेब सीरीज जल्द ही हंगामा ऐप पर रिलीज होगी, जिसमें वह चर्चित अभिनेत्री खुशी दुबे के पति की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। 24 अगस्त 1986 को जन्मे अजय मिश्रा का अभिनय के प्रति लगाव बचपन से ही था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार संघर्ष किया। अभिनय को पेशा बनाने के उद्देश्य से उन्होंने लखनऊ की भारतेंदु नाट्य अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद कोलकाता स्थित सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान से फिल्म अध्ययन कर अपने अभिनय कौशल को और निखारा।

- महाभारत के संजय से मिली पहचान, अब हंगामा ऐप की नई वेब सीरीज में खुशी दुबे के पति की भूमिका में आएंगे नजर

अजय मिश्रा को वर्ष 2013 में स्टार प्लस के चर्चित धारावाहिक महाभारत में संजय की भूमिका से राष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने सूर्यपुत्र कर्ण, बाल कृष्ण में नंद बाबा तथा राम सिया के लव-कुश में विभीषण जैसे पौराणिक किरदार निभाकर दर्शकों की सराहना हासिल की। छोटे पर्दे के साथ-साथ उन्होंने फिल्मों में भी अपनी अलग छाप छोड़ी। वर्ष 2020 में रिलीज फिल्म यहां सभी ज्ञानी हैं में राघव तथा वर्ष 2024 में आई ऐतिहासिक फिल्म धर्म रक्षक महावीर छत्रपति संभाजी महाराज में काकर खान की भूमिका निभाकर उन्होंने अपने अभिनय का एक और आयाम प्रस्तुत किया। अब अजय मिश्रा हंगामा ऐप की नई वेब सीरीज में अभिनेत्री खुशी दुबे के पति की भूमिका निभाते नजर आएंगे। उन्हें उम्मीद है कि यह किरदार भी दर्शकों को पसंद आएगा और उनके अभिनय सफर में एक नया अध्याय जोड़ेगा। अजय अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार को देते हैं। उनके पिता राधेश्याम मिश्रा, माता रमा मिश्रा, भाई विजय मिश्रा तथा योगेश शुक्ला ने हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया। पत्नी ज्योति मिश्रा और पुत्र विराट मिश्रा उनके जीवन की सबसे बड़ी ताकत हैं। अजय मिश्रा की सफलता आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उन्होंने साबित किया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत में निरंतरता हो तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी मायानगरी में अपनी अलग पहचान बनाई जा सकती है।

चोरों ने नकदी-जेवर समेत लाखों का सामान पार

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए नकदी, सोने-चांदी के जेवर और कीमती बर्तन चोरी कर लिए। घटना नरसिंघौली पुलिया इलाके की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, संगीता देवी पिछले करीब डेढ़ माह से अपने मायके गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए सामान में बेहसर, मांग बेंदी, गले का माला, चांदी की करधनी, पायल, हाथफूल और बिछिया शामिल हैं। इसके अलावा करीब 15 हजार रुपये नकद और कीमती बर्तन भी चोरी कर लिए गए। रविवार सुबह चक्रवर्ती स्कूल के पास ग्रामीणों को टूटा हुआ बक्सा पड़ा मिला। आसपास पड़ताल करने पर संगीता देवी के घर का ताला टूटा मिला, जिसके बाद उनके भतीजे ने फोन पर सूचना दी। घर पहुंची पीड़िता ने कोतवाली मिश्रिख में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के बगईया गांव के पास रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। सुबह करीब 11 बजे ग्रामीणों ने शव को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची अटरिया थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की। शुरूआत में युवक की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान रोहित (24) पुत्र हरदिशन निवासी रामनगर मजरा असोधन, थाना सिधौली के रूप में हुई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार रोहित करीब दो माह पहले रोजगार की तलाश में घर से बाहर गया था और तब से घर नहीं लौटा था। ऐसे में उसका शव अटरिया क्षेत्र में मिलने से परिवार भी हैरान है। फिलहाल परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस विभाग में तबादले, छह उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से छह उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं।

जारी सूची के अनुसार निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। तबादला सूची के मुताबिक उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह को थाना कमलापुर प्रभारी निरीक्षक पद से थाना मानपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। उपनिरीक्षक मुकेश वर्मा को थाना रेउसा से थाना रामपुर मथुरा भेजा गया। उपनिरीक्षक प्रसाद कुमार गुप्ता को थाना महमूदाबाद से थाना रेउसा तैनात किया गया। उपनिरीक्षक आनन्द पाल मिश्रा को थाना महमूदाबाद से थाना रामपुर मथुरा भेजा गया। उपनिरीक्षक श्याम कन्हैया को थाना रामपुर मथुरा से चैकी पैनापुर (थाना कोतवाली देहात) भेजा गया। उपनिरीक्षक रजनीश कुमार वर्मा को चैकी रघुवरखेड़ा (थाना खैराबाद) से थाना महमूदाबाद तैनात किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों ने नई तैनाती स्थल पर जाने की तैयारी शुरू कर दी है।

चलाया गया गोमती सफाई अभियान

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के युवाओं ने गोमती के वास्तविक स्वरूप को बचाने के लिए साफ सफाई कर स्वच्छ और निर्मल धारा के लिए अभियान चलाकर प्रयासरत हैं जिसके चलते कई किलोमीटर के क्षेत्रफल में गोमती की अविरल धारा को वास्तविक स्वरूप प्रदान किया गया है। रविवार को चलाए गए अभियान में अश्वनी सिंह राजपूत, योगेश त्रिवेदी एड, प्रवीण मेहरोत्रा, विजय कटियार, शेखर राठोर शांतनु त्रिवेदी, अनुभव गुप्ता समेत बड़ी संख्या में गोमती मित्रों ने साफ सफाई का अभियान चलाया है। युवाओं के जुनून ने बिना कोई संसाधन के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। पवित्र कार्य को लेकर लोगों ने सराहना की है।

जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन के अनिल यादव बने ब्लॉक अध्यक्ष

सीतापुर। सकरन ब्लॉक परिसर स्थित सभागार में रविवार को जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान ने की। इस दौरान संगठन की सकरन ब्लॉक इकाई का गठन करते हुए अनिल यादव को ब्लॉक अध्यक्ष और संतोष कुमार मिश्रा को ब्लॉक प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कई पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सुधीर सिंह, अरविंद अवस्थी, राजकुमार राजपूत, राकेश राजपूत और अमित अवस्थी समेत कई पत्रकार संगठन से जुड़े। कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह चैहान ने कहा कि जनहित प्रेस पत्रकार एसोसिएशन पत्रकार साथियों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य संगठन को अपना परिवार समझते हुए कार्य करें। संगठन पत्रकारों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए हर समय संघर्षरत रहेगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एसके जायसवाल, अखिलेश मिश्र, सर्वेश शुक्ला, शैलेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे।

हॉस्टल संचालक हत्याकांड में खुलासा

सीतापुर। महमूदाबाद के चर्चित मनोज शुक्ला हत्याकांड में पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने हत्या की बर्बरता उजागर कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मनोज शुक्ला के सिर पर डंडे या लोहे की रॉड से लगातार पांच वार किए गए थे, जिनसे लगी गंभीर चोटें उनकी मौत का कारण बनीं। घटना के दूसरे दिन रविवार को पुलिस ने मामले से जुड़े लोगों से घंटों पूछताछ कर जांच तेज कर दी। महमूदाबाद के रामकुंड चौराहा निवासी 52 वर्षीय मनोज शुक्ला, जो हनुमत कृपा ब्याज हॉस्टल का संचालन करते थे, का शव शुक्रवार देर रात बरदही बाजार के पास हॉस्टल से करीब सौ मीटर दूर पगडंडी किनारे पड़ा मिला था। सिर पर गहरे चोट के निशान मिलने के बाद मामले ने सनसनी फैला दी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चिकित्सकों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। रिपोर्ट में सिर के पिछले हिस्से से ऊपरी भाग तक पांच गहरे वार की पुष्टि हुई है। मृतक की पत्नी ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक घंटों गुल रही बिजली, जेई पर फोन न उठाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तापमान बढ़ने के साथ ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था एक बार फिर चरमरा गई है। रविवार को शहर के शिव मंदिर क्षेत्र, सदर चैराहा, बाईपास समेत कई मोहल्लों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस के बीच भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घरों में पंखे और कूलर बंद रहे, जबकि दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का कामकाज भी प्रभावित हुआ।

उधर हैदराबाद विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ममरी और अजान फीडर क्षेत्रों में भी दिनभर बिजली की आंख-मिचैली जारी रही। ग्रामीण इलाकों के उपभोक्ताओं ने घंटों बिजली गुल रहने की शिकायत की। बिजली न आने से पेयजल संकट गहरा गया और दैनिक कार्य भी प्रभावित रहे। सबसे अधिक शिकायतें शहर के चार नंबर फीडर से सामने आईं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस फीडर पर आए दिन घंटों कटौती होती है, लेकिन विभाग आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं खोज पाया है। बार-बार एक ही समस्या दोहराए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली गुल होने पर संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन जेई का फोन तक नहीं उठा। इससे लोगों में विभाग के प्रति और अधिक आक्रोश है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने, चार नंबर फीडर की तकनीकी खामियों को दूर कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली की समीक्षा करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार बिजली कटौती ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ एसोसिएशन की नवीन कार्यकरणी गठित

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी संघ एशो0 जनपद शाखा लखीमपुर खीरी की पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अनुसार विकास खण्ड-लखीमपुर के सभागार में बैठक की गई। बैठक का शुभारम्भ निवर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा ने बताया पूर्व की कार्यकारिणी को भंग किया गया है इसके उपरात सरंक्षक जगत पाल व उत्मम बंशवार द्वारा अनुराग पाण्डेय को आज की बैठक का सभाध्यक्ष नामित किया गया। सभाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय द्वारा ब्रजेश कुमार सविता एवं योगेश वर्मा को नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन अधिकारी नामित किया। बैठक का मंच संचालन उत्तम बंशवार द्वारा किया गया। इसके उपरांत नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष सौरभ प्रकाश सिंह, जिला मंत्री अभिषेक कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु बाजपेई, प्रान्तीय प्रतिनिधि सौरभ वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, संगठन मंत्री आशीष कुमार, उपाध्यक्ष राहुल राज एवं प्रियंका सिंह, संयुक्त मंत्री शशिशेखर मिश्रा एवं ललित कुमार यादव, ऑडीटर सुनील पंकज, सांस्कृतिक मंत्री मीतू मिश्रा, संचार मंत्री अनमोल वर्मा एवं शौर्य सक्सेना कों बनाया गया।

13 परिवार में सुलह समझौता कर 5 जोड़े की विदाई करायी

लखीमपुर- खीरी। जुलाई 2026 रविवार, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग द्वारा मिशन शक्ति अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नवागंतुक थानाध्यक्ष महिला थाना बबिता पटेल ने

काउंसलर कुसुम गुप्ता, कय्यूम जरवानी के सहयोग से अभियान चला कर पारिवारिक विवादों के 13 मामलों में सुलह कराके 05 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराकर परिवारों के टूटने से बचाया गया है। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाना की नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक बबिता पटेल एवं काउंसलरों के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के प्रार्थना पत्रों में काउन्सलर के सहयोग से 13 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया , जिसमें से 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 04 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है, 04 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ इस अवसर पर महिला थाने की महिला आरक्षी सुमन लता , सारिका चौहान, रेखा गौड़ द्वारा काफी सहयोग किया गया है।

नहर में गिरी कार, क्रेन से बाहर निकाला

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर क्षेत्र के चिमनी के पास स्थित ढाबा यूपी-31 के निकट शनिवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसा देर रात का बताया जा रहा है। गनीमत रही कि कार चालक ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है। क्रेन की मदद से कार को नहर से बाहर निकला गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों का मुख्यमंत्री आवास आवंटन में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

सकरन/सीतापुर। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत सेमराकला में मुख्यमंत्री आवास आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पात्र गरीब परिवारों को आवास योजना से वंचित रखा गया, जबकि पक्के मकान वाले लोगों को लाभ दे दिया गया। गांव निवासी सुदीन, पप्पू, संजय, करन और रामनरेश समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि वे आज भी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं, लेकिन गांव के मो. मेहताब, रहीश, हफीज और लुकमान को मुख्यमंत्री आवास आवंटित कर दिए गए। आरोप है कि इन लोगों के पहले से पक्के मकान हैं और आवास दूसरी मंजिल पर बनवाए गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, तत्कालीन पंचायत सचिव और अंतिम सत्यापन करने वाले अधिकारियों ने अपात्रों से धन लेकर आवास स्वीकृत किए। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि आवास दूसरी मंजिल पर बने हैं तो मनरेगा मजदूरों द्वारा नींव की खुदाई कैसे दिखाई गई और कार्यस्थल का जियो टैग किस आधार पर किया गया। उन्होंने तत्कालीन पंचायत सचिव प्रदीप कुमार की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी एल. श्रीश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कराई जाएगी।

संक्षेप

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सर में चोट लगने से हुई है नरपति सिंह की मौत

लालगंज,रायबरेली। कोतवाली लालगंज के पूरे बैजू मजरे बहरामपुर गांव के नरपति सिंह का शव गांव के बाहर पेड़ के नीचे संदिग्ध हालत में मिला था। मृतक की पत्नी राजपति की शिकायत पर लालगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एंटी मार्टम हेड इंजरी आई है। सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हुईहै।कोतवाल ने बताया कि नरपति सिंह गांव के बाहर छप्पर के लिए पेड़ से थूनी काटने गया था। वहीं पेड़ के नीचे उसकी लाश मिली थी। मृतक के पास ही पेड़ की डाल कटी हुई पड़ी थी और दूसरी तरफ कुल्हाड़ी भी पड़ी थी जिससे यह प्रतीत होता है कि डाल उसके सिर पर गिरी और उसकी मौत होगई। हालांकि घर वालों ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ हत्या की आशंका जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया है, जांच की जा रही है। मृतक की पत्नी राजपति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसका गांव के ही होरीलाल उर्मिला, मिथुन ,अंजना और नेहा से जमीनी विवाद चल रहा था। इन लोगों ने ही उसके पति नरपति सिंह को मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि शिकायत के अनुसार फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

बाइक बस में पीछे से टकरायी, दो की मौत

अयोध्या। रविवार की सुबह अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर भेलसर के पास दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक कानपुर डिपो की रोडवेज बस से टकरा गई थी। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। राहगीरों के अनुसार, कानपुर डिपो की बस अयोध्या से लखनऊ जा रही थी। भेलसर के पास यात्रियों को उतारने के लिए बस चालक ने रफ्तार धीमी कर ब्रेक लगाया। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज गति की बाइक अनियंत्रित होकर बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। युवकों ने हेलमेट भी नहीं पहना था। दुर्घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।भेलसर चैकी प्रभारी युवराज सिंह ने बताया कि मृतकों में शुभम गुप्ता (23) पुत्र कन्हैया लाल निवासी हरदोई और प्रियांशु (22) पुत्र कामता कश्यप निवासी गाजीपुर, लखनऊ शामिल हैं।

रामपथ पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

अयोध्या। नगर निगम अयोध्या ने रामपथ को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान उदया चैराहा से लता चैक तक फुटपाथ और सड़क किनारे रखे ईंट, मलवा, ठेला तथा अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई में कुल दो डंपर और दो ट्रॉली सामान जब्त किया गया। अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने किया। उनके साथ ईटीएफ टीम के प्रभारी अमरजीत तथा उनकी टीम मौजूद रही। इस दौरान फुटपाथ पर वाहन खड़े करने वालों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी शामिल रहे।

भांडई फ्लाईओवर के लिए भूमि का कब्जा लेने पहुंची टीम का विरोध

मुआवजा न मिलने की बात कहकर किसानों ने किया विरोध

आगरा। इटावा-आगरा कैंट रेल लाइन पर प्रस्तावित भांडई फ्लाईओवर निर्माण के लिए तहसील प्रशासन की टीम गांव कुठावली में भूमि का कब्जा लेने पहुंची।इस दौरान मुआवजा न मिलने की बात कहकर किसानों ने विरोध शुरू कर दिया। बाद में एसडीएम सदर के आश्वासन के बाद किसानों और तहसील प्रशासन के बीच सहमति बन गई, जिसके बाद जमीन का कब्जा लेकर समतलीकरण का कार्य शुरू करा दिया गया। शनिवार सुबह करीब 11 बजे एसडीएम सदर सचिन राजपूत, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पुलिस बल के साथ गांव कुठावली के नगला पीरंगा पहुंचे। जैसे ही खेतों में जेसीबी से समतलीकरण शुरू हुआ, दर्जनों किसान मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि उनकी जमीन का अधिग्रहण हो चुका है लेकिन अब तक मुआवजे की राशि खातों में नहीं आई है। किसान विष्णु ने कहा कि जमीन पर कब्जा ले लिया गया लेकिन भुगतान नहीं हुआ। ग्राम प्रधान कृष्णकांत सिंह चाहर ने प्रशासन और किसानों के बीच वार्ता कराई। एसडीएम ने सोमवार तक भुगतान खातों में पहुंचाने का भरोसा दिया। किसानों की अन्य मांगें भी स्वीकार कर ली गईं, जिसके बाद जमीन को कब्जे में लेकर समतलीकरण शुरू हो सका। ग्राम प्रधान ने बताया कि वर्ष 2017 के गजट के अनुसार 22 लाख रुपये प्रति हेक्टेअर की दर से 4 गुना मुआवजा दिया जा रहा है। कुछ किसानों के खातों में अभी राशि नहीं पहुंची है, जबकि कुछ किसान 23 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। भांडई फ्लाईओवर का निर्माण इटावा से आगरा कैंट के बीच ट्रेनों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए किया जा रहा है। करीब 123 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले लगभग 10 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर के लिए सात गांवों में भूमि अधिग्रहण किया गया है। वर्तमान में दिल्ली-मुंबई अप और डाउन लाइन व्यस्त रहने के कारण आगरा कैंट से इटावा जाने वाली ट्रेनों को भांडई जंक्शन के आउटर पर रुकना पड़ता है। इस लाइन के तैयार होने से ट्रेनों की रफ्तार में इजाफा हो सकेगा।

रिफाइनरी हादसा : शटडाउन में झुलसे मजदूर की हालत बेहद चिंताजनक

मथुरा। मथुरा रिफाइनरी में शटडाउन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में घायल मजदूर की स्थिति पल-पल बिगड़ती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुरी तरह झुलसे श्रमिक की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है और संक्रमण के चलते उसके पूरे शरीर पर भारी सूजन आ गई है। फिलहाल पीड़ित का उपचार दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा है, जहां डॉक्टरों की विशेष टीम उसे बचाने का प्रयास कर रही है। ?इस घटना के बाद से रिफाइनरी में काम करने वाले अन्य मजदूरों और श्रमिक संगठनों में प्रबंधन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। मजदूरों का आरोप है कि शटडाउन के दौरान सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, रिफाइनरी श्रमिकों ने नाराजगी जाहिर की है। ?एक तरफ जहां घायल मजदूर दिल्ली अपोलो के आईसीयू वार्ड में मजदूर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

सीएम योगी का आगमन कल देंगे 81 करोड़ की सौगात

- विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर आएंगे। जिले को 81 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ ही विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन ग्राउंड में बने हैलिपैड पर उतरेंगे। इसके बाद वह प्रशासनिक समीक्षा बैठक के बाद सुलतानपुर एवं इसौली विधानसभा क्षेत्र की 81 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा जनपद के विकास को नई गति और दिशा देने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लगभग 12:30 बजे विवेकनगर स्थित जीआईसी सर्कस ग्राउंड पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने जिला पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्षों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।रघुवंशी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का वातावरण है। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन पूरी ताकत के साथ जुट गया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक में संदीप सिंह, विजय त्रिपाठी, अयोध्या वर्मा, अखिलेश जायसवाल, चन्दन नारायन सिंह, आशीष सिंह रानू, आनन्द द्विवेदी, रेखा निषाद, अतुल कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

कच्चे मकान की लिपाई के दौरान करंट से युवती की मौत

रायबरेली। नगर पंचायत परशदेपुर के वार्ड नंबर एक टंटापुर निवासी हरिलाल की 18 वर्षीय पुत्री खुशबू मौर्य की रविवार को करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। खुशबू तीन बहनों व दो भाइयों में सबसे छोटी थी और घर की दुलारी बिटिया थी। उसके पिता चंडीगढ़ में नौकरी करते हैं।जानकारी के अनुसार खुशबू अपने कच्चे मकान में लिपाई का कार्य कर रही थी। इसी दौरान अचानक मकान में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने बिना समय गंवाए उसे अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) डीह पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने शव को मचुर्री में रखवा दिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार के अन्य सदस्य भी गहरे सदमे में हैं। सबसे छोटी बेटी के असमय निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

मेवालाल पासी के परिजनों को क्षेत्रीय विधायक व नयाब तहसीलदार ने सौंपा सहायता चेक

सलोन, रायबरेली। राजापुर वन विभाग कार्यालय के सामने सड़क जाम और पथराव की घटना के दौरान हुई दुर्घटना में मृत खमरिया पूरे कुशल निवासी मेवालाल पासी के परिजनों को प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासनों के बाद रविवार को क्षेत्रीय विधायक व नयाब तहसीलदार ने आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। साथ ही पीड़ित परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा भी दिलाया गया ।विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने मृतक की पत्नी को आवासीय पट्टा प्रदान किया तथा अपनी ओर से एक लाख रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है ।प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के बाद पीड़ित परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया गया। इसके तहत एक बीघा कृषि भूमि का पट्टा उपलब्ध कराने, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत दोनों बच्चों को प्रतिमाह 2,500 रुपये की सहायता, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन सहित अन्य पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने की बात कही गई ।विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत योजनाओं का लाभ बिना किसी अनावश्यक विलंब के परिवार तक पहुंचाया जाए।

उघरपुर चौराहे पर 86 बुजुर्गों व दिव्यांगों को वितरित किये गये सहायक उपकरण

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना अंतर्गत उघरपुर चौराहे पर रविवार भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिमको) से अधिकृत संस्था आदर्श आसरा के माध्यम से 86 बुजुर्ग, दिव्यांग एवं विकलांग लाभार्थियों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड चेयर, कान की मशीन, बैसाखी, इलेक्ट्रॉनिक छड़ी, सामान्य छड़ी, घुटना बेल्ट, कमर बेल्ट, कुशन गद्दी तथा अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रभाकर शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने लाभार्थियों से उपकरणों का नियमित उपयोग करने तथा अन्य पात्र लोगों को भी सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभात दुबे ने किया। संचालन गौरव कुमार दुबे ने किया, जबकि व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी मनीष दुबे ने संभाली। इस अवसर पर केदारनाथ, प्रेमानंद, रब शंकर दुबे, हैप्पी, महेंद्र कुमार, सुमन दुबे, पवन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। सहायक उपकरण प्राप्त कर लाभार्थियों ने खुशी जताई और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राजकीय कन्या विद्यालय के कब्जे वाली जमीन पर इकरारनामा गलत

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के घोसियाना मोहल्ला स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जमीन को लेकर किया गया इकरारनामा प्रशासनिक जांच में गलत पाया गया है। इससे शिकायतकताओं में खुशी की लहर है। जिलाधिकारी के आदेश पर हुई जांच में उपजिलाधिकारी की 30 जून की आख्या में कहा गया है कि विद्यालय पिछले 70-80 वर्षों से इस भूमि पर संचालित हो रहा है। मूल खातेदार बहुत पहले ही अपना कब्जा खो चुके हैं। मामला ग्राम दतौली के गाटा संख्या 4 की 0.873 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है। इसी साल 22 मई को कुछ लोगों ने इस जमीन का इकरारनामा किया था। इसमें भूमि को निर्माण शून्य बताया गया था। नगरवासियों ने इसकी शिकायत डीएम से की थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम ने इसकी की जांच की। एसडीएम और निबंधन कार्यालय की जाँच यह दावा गलत निकला। रिपोर्ट के मुताबिक मौके पर विद्यालय के पक्के भवन, कक्ष, कार्यालय और शौचालय बने हुए हैं। जांच रिपोर्ट में इकरारनामे को गलत तथ्यों पर आधारित और अविधिक बताया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों में भूमि विद्यालय के नाम दर्ज नहीं है। लेकिन लंबे समय से विद्यालय का वास्तविक कब्जा रहा है। एसडीएम ने आशंका जताई है कि ऐसे इकरारनामे से अनावश्यक मुकदमेबाजी हो सकती है। संपत्ति के खुर्द बुर्द होने का खतरा है। उन्होंने राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य को निर्देश देने की संस्तुति की है। कहा कि शासन या न्यायालय के आदेश तक विद्यालय का कब्जा बनाए रखें और सक्षम न्यायालय में वाद दायर करे। मामले में कार्रवाई की भी संस्तुति की गई है। वहीं धरोहर बचाओ समिति के संयोजक राघवेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि 6 जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर फर्जी इकरारनामा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और भूमि को शिक्षा विभाग के नाम दर्ज कराने की मांग की जाएगी।

चोरी की पावर केबल जब्त, आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। थाना डीह पुलिस ने मोबाइल टावर से पावर केबल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पावर केबल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार मोबाइल टावर कंपनी के टेक्नीशियन योगेश सिंह ने थाना डीह में तहरीर देकर बताया था कि कस्बा डीह स्थित एक मोबाइल टावर से अज्ञात चोर पावर केबल चोरी कर ले गए थे तथा शेष केबल को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस शिकायत के आधार पर थाना डीह में मु0अ0सं0-98/2026 के तहत धारा 303(2) एवं 324(4) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हरचंदपुर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना हरचंदपुर पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गुनावर पुलिया के पास से एक युवक को अवैध शस्त्र एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोनू सिंह पुत्र रामनरायन सिंह निवासी ग्राम डिहवा, थाना हरचंदपुर, जनपद रायबरेली (मूल निवासी ग्राम गजरीखेड़ा, थाना मौरावां, जनपद उन्नाव) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। इस संबंध में थाना हरचंदपुर पर मु0अ0सं0-144/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। इसके बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा, आरक्षी पवन कुमार एवं आरक्षी अंकित शामिल रहे।

शिवसागर अवस्थी के निधन से शोक की लहर

महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज बार एसो., महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व प्रधान, जनता विद्यालय मऊगर्वी के प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता शिवसागर अवस्थी का शनिवार सायं लगभग 7 बजे निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। पिछले लगभग छह माह से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था तथा उनका लगातार उपचार किया जा रहा था। उनके निधन का समाचार मिलते ही पूरे क्षेत्र, अधिवक्ता समाज, राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनके पैतृक गांव स्थित बाग में पूरे विधि-विधान एवं गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

परिजनों के अनुसार, शिवसागर अवस्थी पिछले करीब छह माह से अस्वस्थ थे। बीमारी के चलते वह लगभग चार माह से महराजगंज तहसील न्यायालय नहीं जा पा रहे थे। करीब एक सप्ताह पूर्व उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उनके एकमात्र पुत्र विनय कुमार अवस्थी उन्हें तत्काल लखनऊ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां लगभग एक सप्ताह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार चला, लेकिन स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका और शनिवार सायं उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही मऊ गर्वी स्थित उनके पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। क्षेत्रीय सपा विधायक श्याम सुंदर भारती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता सरोज गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महराजगंज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उनके आवास पहुंचे। सभी ने शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को निकली उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, महराजगंज नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू, मंत्री प्रतिनिधि शिवम् तिवारी, दयाशंकर अवस्थी, कांग्रेस नेता दिनेश मिश्रा, मोंगा सिंह, दीपक सिंह भदौरिया, कौशलेंद्र सिंह, राजेश सिंह, कमलेश सिंह, बड़कऊ सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित ग्रामवासी, क्षेत्रवासी, अधिवक्ता समाज, पत्रकार समाज, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक एवं बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार शामिल हुए। पूरे वातावरण में गम और श्रद्धा का भाव दिखाई दिया। शिवसागर अवस्थी ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा न्याय, समाजसेवा और जनहित के कार्यों को समर्पित किया। महराजगंज बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, वहीं पूर्व प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व उन्हें समाज के हर वर्ग में सम्मान दिलाता था। उनके निधन को अधिवक्ता जगत एवं पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

भूगोलकी प्रायोगिक परीक्षा सात को

सुलतानपुर। राणा प्रताप सातकोत्तर महाविद्यालय, सुलतानपुर के भूगोल विभाग द्वारा बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं की मुख्य एवं सप्लीमेंट्री परीक्षा तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के सप्लीमेंट्री छात्र-छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा 7 जुलाई को आयोजित की जाएगी। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि दोनों परीक्षाएँ प्रातः 9 बजे से महाविद्यालय परिसर में निर्धारित समयानुसार संपन्न होंगी। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से समय से पूर्व महाविद्यालय पहुँचने तथा अपने साथ प्रवेश-पत्र, प्रैक्टिकल फाइल एवं परीक्षा से संबंधित आवश्यक सामग्री अनिवार्य रूप से लाने को कहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई छात्र-छात्रा निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं संबंधित छात्र-छात्रा की होगी।

धरती पर हर प्राणी को पेड़ों की आवश्यकता: वैस अंसारी

गोसाईगंज (अयोध्या)। पेडों के बिना प्राण संभव नहीं। इस धरती पर हर प्राणी को पेड़ों की आवश्यकता है।उसके बिना जीवन संभव नहीं है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वैस अंसारी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के उपलक्ष में वृक्षारोपण पर कहीं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह मना रहे हैं। उसी क्रम में आज गोसाईगंज नगर में सपा नेता वैस अंसारी द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि पेड़ों के बिना प्राण बचाना संभव नहीं है ।आज जो जलवायु परिवर्तन का संकट देखने को मिल रहा है वह वृक्षों और जंगलों की कटाई के कारण ही उत्पन्न हुआ है ।इस अवसर पर सभासद इम्तियाजुलहक कल्लू कुरैशी,सेक्टर प्रभारी मसरूर अनवर,फिरदौस अंसारी,तनवीर अरशद राजू,जलीस हसन कुरैशी,बाबू कुरैशी,बसंत लाल गौड,जगदंबा मोदनवाल सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

गौरैया संरक्षण अभियान के तहत लगाये जलपात्र व घोंसले, ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था द्वारा संचालित गौरैया आओ मेरे देश में अभियान के अंतर्गत ग्राम सभा दमोदरा के सुकाली का पुरवा में गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण के लिए जलपात्र एवं घोंसले लगाए गए। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के प्रदेश महामंत्री लालमणि दुबे ने किया। अभियान में ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पक्षियों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर लालमणि दुबे ने कहा कि भीषण गर्मी, पेड़ों की लगातार कटाई और प्राकृतिक आवासों में कमी के कारण गौरैया सहित कई पक्षियों का अस्तित्व संकट में है। ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने घर, छत या आंगन में पक्षियों के लिए दाना, पानी और सुरक्षित घोंसलों की व्यवस्था करे। कटका क्लब के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि गौरैया हमारे पर्यावरणीय संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि आज इसके संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियां गौरैया को केवल पुस्तकों और तस्वीरों में ही देख पाएंगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को प्रकृति एवं पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से कम से कम एक जलपात्र और एक घोंसला लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

सरयू जयंती पर आस्था का सैलाब

- 5100 दीपों की महाआरती से गूंजा अयोध्या

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित सरयू जयंती एवं छठ महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री साकेतपुरी माँ सरयू नित्य आरती सेवा समिति के तत्वावधान में तुलसीदास घाट (कच्चा घाट) पर हजारों श्रद्धालुओं ने माँ सरयू का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार, भव्य महाआरती और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा सरयू तट भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। महोत्सव के दौरान माँ सरयू को 1100 कमल पुष्प अर्पित किए गए, जबकि 5100 दीपों से भव्य महाआरती की गई। वहीं छठ महोत्सव के अवसर पर एक क्विंटल गुलाब और कमल के पुष्पों से माँ सरयू का दिव्य श्रृंगार किया गया तथा सवा क्विंटल दूध से अभिषेक संपन्न कराया गया। सुबह से शुरू हुए पूजन-अर्चन और वैदिक अनुष्ठान करीब पांच घंटे तक चले, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि परमपूज्य दंडी स्वामी सर्वसर्वेश्वरानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि माँ सरयू केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे सनातन धर्म की आस्था का केंद्र हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के लिए समाज को भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समिति के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पाण्डेय महाराज ने कहा कि सरयू जन्मोत्सव सनातन संस्कृति के संरक्षण का महापर्व है। समिति द्वारा प्रतिदिन माँ सरयू की नित्य आरती की जाती है तथा प्रतिवर्ष सरयू जयंती और छठ महोत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धाभाव के साथ किया जाता है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि छह दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सरयू कथा, सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन, सत्संग और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूरे दिन सरयू तट पर ष्जय माँ सरयूष्के जयघोष गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर माँ सरयू का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश, देश तथा विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। महोत्सव का समापन भव्य महाआरती, प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे के साथ हुआ। आयोजन में मुख्य पुजारी माता प्रसाद, नीरज तिवारी, विकास पाण्डेय, विशाल पाण्डेय सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में संत, सामाजिक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अविवि में 7 जुलाई की प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा अब 17 को होगी

- एलएलबी 3 वर्षीय, एलएलएम, एमएड, बीफॉर्म, डीफॉर्म में आवेदन की तिथि अब 12 जुलाई तक

अयोध्या। डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एलएलबी 3 वर्षीय, एलएलएम, एमएड, बीफॉर्म, डीफॉर्म के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि छात्र हित के दृष्टिगत 7 जुलाई 2026 को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा की तिथि विस्तारित करते हुए 17 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। छात्र 12 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के विशेष निर्देश पर छात्र हित में लिए गए निर्णय के तहत विश्वविद्यालय में संचालित सभी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 6 जुलाई से आरंभ होगी। जबकि परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 12 जुलाई तक बढ़ाई जाती है। परास्नातक पाठ्यक्रमों में नॉन सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश काउंसलिंग की प्रक्रिया स्नातक अंतिम वर्ष परीक्षा के परिणाम प्राप्त होने के उपरांत 20 जुलाई से आरंभ की जाएगी।

संक्षेप

मोहन सेतु अधूरा, बिजली बेहाल, सड़क जर्जर, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

बरहज,देवरिया। चुनाव की आहट के साथ एक बार फिर बरहज में नेताओं की आवाजाही तेज हो गई है। विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बरहज की जनता अब पूछ रही है–हर चुनाव में वोट देने के बाद आखिर मिला क्या ?दशकों से लंबित मोहन सेतु का निर्माण आज भी पूरा नहीं हो सका। बरहज नगर की बेतहाशा बिजली कटौती लोगों की दिनचर्या और कारोबार दोनों पर भारी पड़ रही है। बरहजझसोनूघाट मार्ग आज भी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद इलाज का मोहताज है। बस स्टैंड, फायर ब्रिगेड कार्यालय, ट्रेजरी कार्यालय और मंडी समिति जैसी मूलभूत सुविधाएं आज भी केवल चुनावी घोषणाओं तक सीमित हैं। हर वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाव के स्थायी इंतजाम अब भी अधूरे हैं, जबकि बरहज रेल लाइन के विस्तार का मुद्दा वर्षों से फाइलों में धूल फांक रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि लोकसभा, विधानसभा और नगर निकाय चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों ने इन मुद्दों पर आखिर क्या किया। जो चुनाव हार गए, क्या उन्होंने जनता की आवाज बुलंद करने के लिए कोई बड़ा आंदोलन, धरना या प्रभावी पहल की। यदि नहीं, तो चुनाव आते ही जनता से फिर नए वादे किस आधार पर किए जा रहे हैं। बरहज के लोगों का कहना है कि उन्होंने लगभग हर प्रमुख राजनीतिक दल को मौका दिया। सत्ता बदली, चेहरे बदले, लेकिन बरहज की तस्वीर नहीं बदली। विकास के नाम पर हर चुनाव में आश्वासन मिला, मगर जमीनी बदलाव नजर नहीं आया। राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों से दूरी बनाकर जनता अपना विरोध दर्ज क्यों न कराए। यह चर्चा गांवों की चौपाल से लेकर कस्बे के बाजार तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र में मतदान नागरिक का सबसे महत्वपूर्ण अधिकार माना जाता है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करना जनता का अधिकार है।

क्षत्रिय विचार मंच का आम समरसता भोज आयोजित

रायबरेली। क्षत्रिय विचार मंच के तत्वावधान में मानसून की आमद के अवसर पर गोल चैराहा स्थित सारस होटल में एक सम्मान समारोह एवं आम भोज का आयोजन आयोजक रामबली सिंह सोमवंशी द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन में जिले भर के विशिष्ट एवं गणमान्य लोगों का जमावड़ा रहा कार्यक्रम में समाज के उत्थान एवं इतिहास के संरक्षण तथा सामाजिक राजनीतिक जागरूकता पर चर्चा हुई इसके अलावा समाज के गौरव शिक्षा रोजगार एवं वर्तमान चुनौतियों पर गहन मंथन किया गया इस दरम्यान उपस्थित लोगों ने आम भोज का भी लुत्फ उठाया। समाज से आने वाले प्रतिभाशाली लोगों तथा राजनीतिक सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विभूतियों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। आयोजक रामबली सिंह सोमवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आयोजन का उद्देश्य समाज को एक धागे में पिरो कर रखना है, क्षत्रिय समाज ने सदैव समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास किया है, और जब भी हितों की रक्षा करने की बारी आई यह समाज हमेशा अग्रणी भूमिका में नजर आया है। कार्यक्रम के आयोजक राजेश प्रताप सिंह चैहान पुत्र स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह चैहान के प्रयास से कार्यक्रम को संपन्न हुआ इस दौरान सुरेंद्र सिंह दाढ़ी बलबीर सिंह, राकेश भदौरिया, रवींद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अजय सिंह, जहाजी, एडवोकेट अनुराग विक्रम सिंह, महेश सिंह, एडवोकेट दिनेश सिंह, विकास सिंह, राजन सिंह अजीत आदि मौजूद रहे।

नियमों के उल्लंघन में मीट के 11 कारोबारियों पर कार्रवाई

एसडीएम ने तहसीलदार व नपा की टीम के साथ कारवाई की

कुशीनगर। उपजिलाधिकारी डॉ संतराज सिंह बघेल ने तहसील एवं नगर पालिका कसया की टीम के साथ निरीक्षण नगर के विभिन्न मार्गों पर निरीक्षण कर 11 बकरा और मुर्गा मीट के कारोबारियों पर नियमों के उल्लंघन पर करवाई की गई।

शनिवार को एसडीएम डॉ बघेल ने तहसीलदार धर्मवीर सिंह और नपा की टीम के साथ नगर के गोरखपुर मार्ग, सपहा मार्ग, गोपालगढ़ मार्ग पर निरीक्षण किया और सड़क किनारे नियम विरुद्ध मांस बेंच रहे विक्रेताओं के खिलाफ कारवाई की। इनमें मुराद कुरैशी पुत्र मसरुद्दीन कुरैशी निवासी शक्तिनगर मुर्गा एवं बकरा मीट की दुकान-गोरखपुर रोड, अलीशेर अली पुत्र रुकमुददीन निवासी आजादनगर मुर्गा मीट की दुकान-गोरखपुर रोड, इरफान कुरैशी पुत्र तसलीम कुरैशी निवासी शक्तिनगर मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड, मेराज कुरैशी पुत्र मंजूर अली कुरैशी निवासी सुभाष नगर मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड, आफताब कुरैशी पुत्र सिददीक कुरैशी निवासी सुभाष नगर मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड, तबरेज अंसारी पुत्र हालिम अंसारी निवासी अम्बेडकरनगर भरौली मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड, रिजवान कुरैशी पुत्र मेहदी हसन कुरैशी निवासी सुभाष नगर मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड मथौली, नसीम पुत्र शहीद कुरैशी निवासी सुभाष नगर बकरा मीट की दुकान-सपहा रोड मथौली, मेराज कुरैशी पुत्र मेहदी हसन कुरैशी निवासी सुभाष नगर मुर्गा मीट की दुकान-सपहा रोड नहर मथौली, मंजूर पुत्र रियासत निवासी अम्बेडकर नगर भरौली बकरा मीट की दुकान -पुरानी फाजिलनगर रोड, सिकन्दर अली पुत्र हलीम अंसारी निवासी अम्बेडकरनगर भरौली, मुर्गा मीट की दुकान-पुरानी फाजिलनगर रोड कसया, कुशीनगर के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2) (वीं) व 31(2) का उलंघन कर बिना पंजीकरण मीट का कारोबार करने के अपराध में धारा 58 के अन्तर्गत अर्थदंड से दण्डित कराने के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुशीनगर के न्यायालय में मुकदमा दायर करने की कार्यवाही की जा रही है।

एसएन मेडिकल कॉलेज की '24 घंटे सेंट्रल लैब' को मिली एनएबीएल मान्यता

आगरा। उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार के प्रयास लगातार धरातल पर रंग ला रहे हैं। इसी क्रम में ताजनगरी के सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और बड़ा मील का पत्थर पार किया है। एसएनएमसी की 24 घंटे संचालित होने वाली 'सेंट्रल लेबोरेटरी' को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता प्रदान कर दी गई है। इस गौरवपूर्ण सर्टिफिकेशन को हासिल करने के साथ ही एसएन मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश का चौथा ऐसा सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बन गया है, जिसे यह प्रतिष्ठित एनएबीएल मान्यता प्राप्त हुई है। एसएन मेडिकल कॉलेज की यह 24 घंटे संचालित होने वाली सेंट्रल लैब मरीजों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। वर्तमान में लैब के प्रमुख आंकड़े इसकी विशाल कार्यकुशलता और क्षमता को दशार्ते हैं। यहां रोजाना लगभग 1200 सैंपल प्रोसेस किए जाते हैं, जिनके आधार पर प्रतिदिन करीब 7000 इन्वेस्टिगेशन (जांचें) सफलतापूर्वक की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त लैब का मजबूत इमरजेंसी विंग भी पूरी क्षमता से काम कर रहा है, जहां अकेले हर दिन लगभग 2000 टेस्ट संपन्न होते हैं। यदि वार्षिक आंकड़ों की बात करें, तो पिछले महज एक वर्ष में लैब द्वारा 25 लाख से अधिक जांचें पूरी करने का एक शानदार रिकॉर्ड कायम किया गया है। वर्तमान में लैब में 100 से अधिक पैरामीटर्स पर जांच की सुविधा उपलब्ध है। यह ऐतिहासिक सफलता रातों- रात नहीं मिली है। लैब की नोडल ऑफिसर डॉ. कामना सिंह ने बताया कि यह मील का पत्थर कोर टीम के पिछले 3 वर्षों के निरंतर और कड़े प्रयासों का ही सुखद परिणाम है। उन्होंने बताया कि कई विशिष्ट (स्पेशलाइज्ड) टेस्ट ऐसे हैं, जिन्हें प्रदेश के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों की तुलना में सबसे पहले आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में ही प्रारंभ किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने में कोर टीम की अहम भूमिका रही है, जिसमें चिकित्सक दल से डॉ. पवन गौतम, डॉ. रीतिका, डॉ. ज्योति, डॉ. कामिनी और तकनीकी व सहयोगी स्टाफ से श्री मुकेश कनौजिया, श्री हेमराज सिंह तथा श्री कृष्णकांत वर्मा शामिल हैं।

- **प्रतिष्ठित एनएबीएल सर्टिफिकेशन पाने वाला यूपी का चौथा राजकीय मेडिकल कॉलेज बना**

वंचितों की आवाज थे रामविलास पासवान : चंद्रभूषण सिंह

देवरिया। मंडल कमीशन की लड़ाई हो या कर्पूरी ठाकुर के बाद सामाजिक समता हेतु संघर्ष, रामविलास पासवान की भूमिका सदैव अग्रणी रही, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित रामविलास पासवान के जन्म जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृतिशेष रामविलास पासवान ने सड़क से सदन तक वंचित तबकों की आवाज उठाने का कार्य किया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने जनता दल की सरकार में वीपी सिंह गवर्नमेंट द्वारा पिछड़ों के हितार्थ लिए गए निर्णयों को याद करते हुए कहा कि 1990 के दशक में रामविलास पासवान ने दबे-कुचले समाज के लिए जिस शिद्दत के साथ आवाज उठाई थी, वह अविस्मरणीय है। रामविलास पासवान जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, बब्लू यादव, शंकर गोंड, मिथिला वर्मा, बेलभद्र गोंड,नगीना यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव आदि ने स्मृतिशेष रामविलास पासवान के चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो नमन किया।

रेलवे स्टेशन के बाहर से फिर उड़ायी बाइक चोरों पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम

भटनी (देवरिया)। स्थानीय रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर पर स्थित हनुमान मंदिर व लोको पायलट विश्राम गृह के समीप रविवार दोपहर एक बार फिर अज्ञात चोरों ने खड़ी मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में वाहन चोरों के बढ़ते दुस्साहस को लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डेमुसा निवासी ओमप्रकाश यादव की पैशन प्रो मोटरसाइकिल (संख्या वढ 52 अह 5718) को उनका भतीजा रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे रेलवे स्टेशन के समीप लोको पायलट विश्राम गृह हनुमान मंदिर के बीच खड़ी कर अपने एक साथी को ट्रेन पकड़वाने स्टेशन गया था। कुछ देर बाद लौटने पर मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। काफी देर तक आसपास खोजबीन करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित को थाने पर तहरीर देने की सलाह दी। समाचार लिखे जाने तक मामले में आगे की कार्रवाई जारी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के उत्तरी हिस्से, विशेषकर हनुमान मंदिर के आसपास, वाहन चोरी की घटनाएं लगातार होती रही हैं। इस स्थान से अब तक अनेक मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस न तो किसी बड़े वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश कर सकी है और न ही अधिकांश चोरी गई गाड़ियों की बरामदगी हो पाई है। लगातार हो रही चोरियों और पुलिस की सीमित सफलता ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने तथा वाहन चोरों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने की मांग की है।

बरहज बिजली संकट पर फूटा जनाक्रोश, सात दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो आमरण अनशन

बरहज,देवरिया। भीषण विद्युत कटौती से परेशान बरहज नगरवासियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में नगर के व्यापारियों, सामाजिक कार्यकताओं और नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से आंदोलन का बिगुल फूंकने का निर्णय लिया गया।

- **विद्युत कार्यालय में तालाबंदी और जनप्रतिनिधियों का होगा बहिष्कार**

बैठक में तय किया गया कि सोमवार को तहसील दिवस के अवसर पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि सात दिनों के भीतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके तहत क्रमिक अनशन, आमरण अनशन, विद्युत विभाग के कार्यालय पर तालाबंदी, तथा जनप्रतिनिधियों के कार्यक्रमों और चुनाव में उनके बहिष्कार जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण बरहज की जनता लंबे समय से बिजली संकट झेलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा और नगरवासियों को अपने अधिकारों के लिए स्वयं सड़क पर उतरना होगा। बैठक को पूर्व चेयरमैन एवं संयोजक अजीत जायसवाल, पूर्व प्राचार्य प्रो. अजय कुमार मिश्र, सचिन सिंह, प्रदीप जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र भारत, अमित जायसवाल, जितेंद्र शर्मा, मनोज गुप्ता, मुकेश पटेल सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारियों और नगरवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यानंद पांडेय ने किया। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है।

मल्टीनेशनल कंपनियों और ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने की उठी मांग

- **खुदरा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई लागू किये जाने से छोटे और मझोले व्यापारी प्रभावित**

कुशीनगर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) (माकपा) की जनपद इकाई कुशीनगर द्वारा बाजार में मल्टीनेशनल कंपनियों के बढ़ते प्रवेश और ऑनलाइन मार्केटिंग के बढ़ते प्रभाव से उत्पन्न चुनौतियों पर रविवार को कसया ब्लॉक सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने सरकार से इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक कदम उठाने की मांग की।

सेमिनार को संबोधित करते हुए माकपा के जिलामंत्री कामरेड अयोध्यालाल श्रीवास्तव ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बाजारों में छोटी-बड़ी दुकानों के माध्यम से करोड़ों लोगों की आजीविका चलती है। लेकिन तेजी से मल्टीनेशनल कंपनियों के बड़े मॉल और शोरूम खुल रहे हैं, जहां एक ही छत के नीचे उपभोक्ताओं को जरूरत का हर सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए दवाइयों से लेकर खाद्य सामग्री तक घर-घर पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति जारी रही तो पारंपरिक बाजारों में लोगों का आना कम हो जाएगा, जिससे छोटे व्यापारियों और उनसे जुड़े करोड़ों लोगों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। माकपा नेता एडवोकेट विजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार द्वारा खुदरा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लागू किए जाने से छोटे और मझोले व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले समय में यह संकट और गहराएगा। सेमिनार में वक्ताओं ने भूमि की ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था पर भी रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे आम लोगों और पारंपरिक व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस अवसर पर गेंदा सिंह, बी.पी. गुप्ता, जवाहर शर्मा, मनोज पांडेय, राम बहाल सिंह, राम नरेश यादव, कैलाश गिरी, रामेश्वर सिंह, आसिफ, शंकर प्रसाद, होसिल, रशीद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कपरवार में सपा का पीडीए पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बरहज,देवरिया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मोत्सव सप्ताह के अवसर पर रविवार को बरहज विधानसभा क्षेत्र के कपरवार गांव में पीडीए वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यकताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव अर्जुन सिंह एवं सपा नेता विजय रावत ने कहा कि जन्मोत्सव सप्ताह के दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बूथों पर पीडीए अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। इस अवसर पर उपेंद्र सिंह, अजय यादव, राजकुमार बारी, राजेंद्र सिंह, अंकित यादव, राहुल कुमार, विकास यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस को बूथ लेवल पर मजबूत करने का संकल्प

देवरिया। टाउन हॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि संगठन के सभी साथी मिलकर जनता की आवाज को और मजबूती के साथ उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन गांवों से शहरों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के समर्पण और सक्रियता से ही संगठन मजबूत होगा तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और विचारों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा। श्री मल्ल ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। महिलाओं, व्यापारियों, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार संवेदनशीलता दिखाने में असफल रही है।

बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में नागेंद्र शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही,भरत मणि त्रिपाठी,डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय, दीनदयाल यादव,जुलेखा खातून, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष चन्दन वर्मा,जिला प्रवक्ता संजीव कुमार मिश्रा,जिला महासचिव मार्कण्डेय मिश्रा,मनोज मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, शहनाज जफर, रजनीश प्रसाद, रामप्रवेश सिंह,रीता देवी,जिला सचिव विनोद दुबे,पन्नालाल पाठक,परमानन्द प्रसाद,प्रेमचन्द प्रजापति, उत्तेज मिश्रा,ब्लाक अध्यक्ष रमेश कुशवाहा,मनीष रज्जक,बृजेश यादव, सत्य पाल सिंह, वजीर अहमद, संदीप मल्ल,बदरे आलम, रोहित यादव,मु. इस्लाम,श्रीराम शर्मा,मृत्यूंजय शर्मा,मो. मुजाहिद लारी,रमाकांत खरवार,डॉ. अंजुम मंसूरी आदि मौजूद थे।

भाजपा प्रदेश मंत्री रजनी पाण्डेय के प्रथम आगमन पर आज होगा भव्य स्वागत

- **तैयारियां पूरी : काली प्रसाद**

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त प्रदेश मंत्री श्रीमती रजनी पाण्डेय के प्रथम जनपद आगमन को लेकर भाजपा संगठन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष काली प्रसाद ने सभी जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों और मोर्चों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों सहित सभी देवतुल्य कार्यकताओं से स्वागत कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

जिला अध्यक्ष काली प्रसाद ने बताया कि प्रदेश मंत्री बनने के बाद श्रीमती रजनी पाण्डेय का 6 जुलाई 2026 (सोमवार) को पहली बार देवरिया आगमन हो रहा है। यह जनपद के लिए गौरव और उत्साह का अवसर है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि अपने-अपने निकटतम निर्धारित स्वागत स्थलों पर समय से पहुंचकर उनका दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत करें।

उन्होंने कहा कि सायं 4:15 बजे भाजपा जिला कार्यालय, औरा चौरी में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन समारोह में सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह आयोजन संगठन की एकजुटता, अनुशासन और कार्यकताओं के समर्पण का प्रतीक होगा।

काली प्रसाद ने कहा कि भाजपा का संगठन अपने कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से निरंतर मजबूत हुआ है। प्रदेश मंत्री के रूप में रजनी पाण्डेय की नियुक्ति जनपद के लिए गर्व का विषय है। उनके प्रथम आगमन पर पूरे जिले के कार्यकर्ता उत्साह के साथ उनका स्वागत करेंगे और संगठन की शक्ति का परिचय देंगे।

दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में पहली बार ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी की सफल सर्जरी

अयोध्या। जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज, दर्शननगर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। मेडिकल कॉलेज में पहली बार ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. विकास कुमार द्विवेदी की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। इस उपलब्धि के साथ अब गंभीर नसों की चोट से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े चिकित्सा संस्थानों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सफल ऑपरेशन 20 वर्षीय युवक शनि का किया गया, जिसका सड़क दुर्घटना के बाद दाहिना हाथ पूरी तरह निष्क्रिय हो गया था। जांच में पता चला कि दुर्घटना के दौरान हाथ की प्रमुख नसें (ब्रैकियल प्लेक्सस) गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थीं।

अब तक ऐसे मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बड़े चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जाता था, लेकिन पहली बार राजकीय मेडिकल कॉलेज, दर्शननगर में ही इस जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. विकास कुमार द्विवेदी ने किया, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. नेहा ने संभाली। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के समन्वित प्रयास और आधुनिक तकनीक के उपयोग से सर्जरी सफल रही। डॉ. विकास कुमार द्विवेदी ने बताया कि ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी अत्यंत जटिल स्थिति होती है, जिसमें हाथ की प्रमुख नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और मरीज हाथ की कार्यक्षमता खो देता है। यदि समय पर विशेषज्ञ उपचार मिल जाए तो हाथ की कार्यक्षमता काफी हद तक वापस लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज, दर्शननगर में इस अत्याधुनिक सर्जरी की सुविधा शुरू होने से अयोध्या ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों को भी बड़ा लाभ मिलेगा।

भाजपाइयों ने इंदुभूषण को दी श्रद्धांजलि

भटनी (देवरिया)। क्षेत्र के जगरनाथ छपरा गांव स्थित बटउवा बाबा पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने घांटी मंडल के पूर्व महामंत्री एवं गोपालपुर के पूर्व ग्राम प्रधान स्व. इंदुभूषण कुशवाहा 'मन्ने' की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार शाही ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री संजय सिंह सैथवार ने किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्वांचल विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य राजकुमार शाही ने कहा कि श्री कुशवाहा का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मन्ने सरल, मिलनसार और कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। समाज और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। उपस्थित लोगों ने संगठन के प्रति उनके योगदान, समर्पण व उनकी कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। इस अवसर पर सुमेश्वर नाथ तिवारी, अनिल कुमार दुबे,प्रेमनारायण गुप्ता, तारकेश्वरनाथ तिवारी, सुरेंद्र सिंह, रविप्रकाश,अनिल चौरसिया, अजित शाही,अनिल गोंड सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम थीम पर चला पौधरोपण अभियान

- **वन रेंज कुमारगंज की ओर से लगाये गये 100 फलदार व छायादार पौधे**

मिल्कीपुर-अयोध्या। वन विभाग द्वारा 1 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित वृक्षारोपण जन अभियान-वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत रविवार को वन रेंज कुमारगंज की ओर से अमानीगंज विकासखंड के तिंदौली गांव में ष्एक पेड़ मां के नामष थीम पर बृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत फलदार एवं छायादार प्रजातियों के कुल 100 पौधों का रोपण किया गया, वहीं आम भंडारा-आम बाग आपके द्वार योजना के तहत 50 ग्रामीणों को आम के पौधे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमानीगंज पवन सिंह ने आम, पीपल, बरगद और पाकड़ के पौधे रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। ये हमें शुद्ध वायु, फल, फूल, औषधियां, लकड़ी तथा जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पृथ्वी पर पेड़ न हों तो मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। पौधारोपण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी नियमित देखभाल करे तो हमारा पर्यावरण अधिक हरा-भरा, स्वच्छ और सुरक्षित बन सकता है। क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के तहत वन विभाग लगातार पौधारोपण अभियान चला रहा है। तिंदौली गांव में विभिन्न प्रजातियों के 100 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए हैं। साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 50 लोगों को आम के पौधे वितरित किए गए, ताकि वे अपने घरों और खेतों में पौधारोपण कर हरित वातावरण बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। तभी वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य सफल होगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर शंभू सिंह, प्रधान प्रतिनिधि तिंदौली सुरेश सिंह, बीट प्रभारी अंबिका प्रसाद, वन दरोगा विष्णु चैहान, लोकेश शर्मा सहित वन विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने का संदेश दिया।

बैनामे की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप पैमाइश तक कब्जा व निर्माण पर रोक की मांग

लम्भुआ, सुलतानपुर। लम्भुआ तहसील क्षेत्र में बैनामे की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायत की है। पीड़ित ने पैमाइश होने तक जमीन पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की है। मामला लम्भुआ नगर पंचायत क्षेत्र का है। लम्भुआ निवासी कुलदीप कुमार पुत्र राम सुमावन ने उच्च अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने गाटा संख्या 658 में लगभग दो बिस्वा जमीन बैनामे के माध्यम से खरीदी है। उनका आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा उक्त जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। विरोध करने पर कब्जा करने वालों ने कहा कि लेखपाल बृजेश उपाध्याय ने काम लगवाया है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने लेखपाल से बात की तो लेखपाल ने कहा कि वहां तुम्हारा कुछ नहीं है, वो जमीन बंजर है। कुलदीप कुमार ने मांग की है कि तहसीलदार की देखरेख में उक्त जमीन की पैमाइश कराई जाए और पैमाइश होने तक कार्य को रुकवाया जाए।

ऊर्जा आत्मनिर्भरता

ऊर्जा के मामले में आयात पर निर्भरता कितना आत्मघाती है इसका अनुभव भारत ने एक नहीं बल्कि दो-दो बार किया है। 1990 में अमरीका-इराक युद्ध के कारण भारत दिवालिया होने के निकट पहुंच गया था। जैसे-तैसे देश के सोने को बेचकर काम चलाना पड़ा था। इसके ठीक साढ़े तीन दशक बाद अमरीका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध हुआ। इस युद्ध में भारत कहीं नहीं था, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान भारत को उठाना पड़ा। कारण कि ऊर्जा के मामले में भारत आयात पर निर्भर है। युद्ध के कारण ऊर्जा संकट खड़ा हुआ तो इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने लगा। विदेशी मुद्रा घटने लगी, रूपया टूटने लगा, महंगाई बढ़ने लगी, रोजगार खत्म होने लगे और चौतरफा महंगाई का तूफान खड़ा हो गया। आयातित ऊर्जा इतनी आत्मघाती है, यह सब जानने समझने के बाद भी जो लोग बायो-फ्यूल पर विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनकी समझ पर सिर्फ तरस आता है। आखिर जो चीज हमारे पास नहीं है, उस पर हम अपनी निर्भरता क्यों बढ़ाते जा रहे हैं? देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ना चाहिए यही भारत के 1.45 करोड़ नागरिकों के हित में है। रही बात जो समस्याएं गाड़ियों में आ रही हैं, उसका समाधान होना चाहिए। गाड़ियों को ई-20 सक्षम बनाना चाहिए। कम माइलेज का समाधान ईंजन की क्षमता सुधार कर और टैक्स कम करके निकालना चाहिए। इस तरह एक समग्र नीति के जरिए देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता या फिर आयात पर निर्भरता भी कम कर सकता है और ग्रीन एनर्जी की तरफ भी बढ़ सकता है, जो सही मायने में भविष्य की ऊर्जा है। इसी तरह शहरों के कूड़े-कचरे, एग्री वेस्ट से लेकर हर उस चीज से ऊर्जा समाधान तलाशना चाहिए जिसमें संभवना हो। शहरों का कचरा भी बायोफ्यूल का एक माध्यम बन सकता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का एक बेहद प्रभावी और आधुनिक तरीका है, जो कचरे के पहाड़ों को

कम करने के साथ-साथ हमारी ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करता है। अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने की कई तकनीकें सामने आ चुकी हैं। जैसे कचरे को उच्च तापमान पर जलाया जाता है। इससे उत्पन्न ऊष्मा भाप बनाती है, जो टरबाइनों को चलाकर बिजली उत्पन्न करती है। इसी तरह बायोमेथेनेशन अर्थात गीले कचरे को ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में सड़ाकर बायोगैस बनाई जाती है। गैसीकरण : कार्बनिक कचरे को सीमित ऑक्सीजन में गर्म करके सिंथेटिक गैस बनाई जाती है, जिसका उपयोग ईंधन के रूप में होता है। वेस्ट टू एनर्जी तकनीक के कई फायदे हैं। इससे लैंडफिल का बोझ कम होता है। डब्ल्यूटीई प्लांट नगर पालिका के ठोस कचरे का आयतन लगभग 90 प्रतिशत तक कम कर देते हैं, जिससे शहरों को भारत में हर साल पैदा होने वाले 62 मिलियन टन से अधिक कचरे का प्रबंधन करने में मदद मिलती है। मीथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण : जैविक कचरे को लैंडफिल से हटाने से मीथेन गैस निकलना बंद हो जाती है। यह सीओ-2 से 28 गुना ज्यादा शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जिससे जलवायु पर असर काफी कम होता है। इससे नवीकरणीय बिजली का उत्पादन होता है। भारत के चालू 21 डब्ल्यूटीई प्लांट 170 मेगावाट से ज्यादा बिजली बनाते हैं, जो शहरों में विकेंद्रीकृत ऊर्जा आपूर्ति में योगदान देते हैं। देश में कचरे से ऊर्जा उत्पादन के लिए कई सरकारी पहल भी हो रही है। भारत सरकार ने अपशिष्ट से ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहलें शुरू की है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं वेस्ट टू एनर्जी संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दरअसल बायोफ्यूल के स्त्रोत देश में बहुत हैं, बशर्तें उनका समुचित उपयोग कर उनको एनर्जी और बेल्थ में बदलने के लिए ठोस नीति की जरूरत है। सरकार को सोशल मीडिया अभियानों, सियासी विरोध से आगे बढ़ते हुए देश को ग्रीन एनर्जी और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की तरफ ले जाना चाहिए।

विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वैष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

इंसानी दिमाग पर काबिज हो रही तकनीक

मनोज बाजपेयी

> जब हम सुबह पहली बार गूगल न्यूज पर क्लिक करते हैं तो तकनीक हमारी मनःस्थिति को पढ़कर हमारे अनुकूल खबरें पेश करती है, जिन खबरों पर हमने पहले ज्यादा समय बिताया होता है। तकनीक नहीं चाहती कि आज दुनिया में क्या हो रहा है, हम वह जानें। वह चाहती है कि हम वही जानें जो उसे पसंद है और हमारी पसंद की ठेकेदारी पिछले निर्णयों के आधार पर उसी ने ले रखी है।

तकनीक ने मानव समाज को बहुत विकसित और सुविधाजनक है। सामाजिक जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, हर जगह तकनीक का प्रभाव साफ दिखायी देता है। तकनीक ने जीवन के हर क्षेत्र को चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, मनोरंजन हो, फोटोग्राफी हो, सभी क्षेत्रों को बहुत उन्नत बनाया है लेकिन तकनीकी उन्नयन के इसी क्रम में इंसान कहीं न कहीं तकनीक का गुलाम हो चला है। आज तकनीक हमारे हिसाब से काम करने के बजाय हमारे ऊपर अपनी इच्छाएं थोपने लगी है। 21वीं सदी के पहले दशक में तेजी से उभरी इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ने खास तौरपर इंसानी दिमाग पर सबसे मजबूत कब्जा किया है। ट्रिस्टन हैरिस के मुताबिक वास्तव में टेक्नोलॉजी इंसानी कमजोरियों को हाईजैक करती है और इसके निशाने पर अरबों लोग होते हैं। क्योंकि टेक्नोलॉजी सिर्फ और सिर्फ यही चाहती है कि लोग उसके इशारे पर नाचें। कोई भी इंफोर्मेटिव तकनीक सबसे पहले आपको सोचने देने से रोकती है। ट्रिस्टन हैरिस के उदाहरण से समझिये। जब आप किसी रेस्टोरेंट में जाते हैं तो जो आपको मैन्यू पेश किया जाता है, वह मैन्यू आपको यह नहीं बताता कि इसमें कौन से व्यंजन नहीं हैं, न ही रेस्टोरेंट यह पूछता है कि आप क्या खायेंगे? रेस्तरां आपको अपने व्यंजनों की लिस्ट पकड़ाता है और चुनने के लिए बाध्य करता है।

पश्चिमी संस्कृति वैयक्तिक स्वतंत्रता की खूब वकालत करती है, लेकिन गहराई से देखें तो उन्नत तकनीक के जरिये वह आपकी स्वतंत्रता ही छीनती है। मसलन मैन्यू आपको अपना स्वतंत्र विकल्प चुनने की छूट नहीं देता। आप पर ही मौजूद विकल्पों में से चुनने का दबाव डालता है। विकल्पों की सूची देते समय तकनीकी कभी आपको नहीं पूछती कि आपको क्या चाहिए? वह इस तरह की परिस्थिति ही नहीं बनने देती। आपने नेट में शॉपिंग करते हुए महसूस किया होगा कि सर्च आप कुछ भी कर लीजिए, इंटरनेट वही प्रस्तुत करेगा, जिसे वह बेचना चाहता है। यह महज की-वर्ड का खेल नहीं है। यह टेक्नोलॉजी की दादागिरी या कहें उसके वर्चस्व का खेल है।



जब भी आप इंटरनेट में अपनी पसंद की कोई चीज ढूंढ़ते हैं तो एक दो नहीं सैकड़ों उत्पाद आपके इर्दगिर्द इस तरह से मंडराते हैं, जैसे आपने उन्हें ही खोजा हो। आप इंटरनेट पर किसी विज्ञान से संबंधित सवाल का जवाब जानना चाहते हैं लेकिन वह इसे बताने के पहले आपको यह बतायेगा कि आपके आसपास कौन से बेहतर रेस्टोरेंट है। कहां कॉकटेल पार्टी की जा सकती है। हो सकता है कई बार आप जिस सवाल का जवाब ढूंढ़ रहे हों, दर्जनों वेबसाइटें आपको अपने साथ उस सवाल का जवाब देने के लिए खींचें, लेकिन आप हैरान होंगे कि उनके पास आपके सवाल का कोई जवाब नहीं है बल्कि वह उस की-वर्ड की गफलत पैदा करके आपको एक के बाद दूसरी, दूसरी के बाद तीसरी क्लिक के जरिये अपने गंतव्य तक ले जाएगा। वहां पहुंचकर आप अगर उनके प्रोडक्ट से प्रभावित नहीं होते या उनकी तरफ आकर्षित नहीं होते तो मन मसोकर रह जाते हैं कि कैसे आप क्लिक दर क्लिक पीछा करके बेवकूफ बने।

विमर्श

दरअसल सूचना प्रौद्योगिकी का मकसद यह नहीं है कि आप क्या चाहते हैं, उसका पूरा का पूरा फोकस इस बात पर है कि आपके दिमाग पर कब्जा करके किस तरह से वह अपना उल्लू सीधा कर ले। आप किसी फूल के बारे में जानना चाहते हैं, लेकिन इंटरनेट तुरंत आपको फूलों की घाटियां ले जायेगा ताकि आप पर्यटन का प्रोग्राम बना लें, डेटिंग के लिए वह जगह चुन लें। फोन दरअसल हमें चुनने की सुविधा नहीं देता बल्कि हम पर विकल्प थोपता है। अंततः हम इस कदर गड्डमड्ड हो जाते हैं कि हारकर समर्पण कर देते हैं। भारतीय समाज तो अभी भी अर्धगंवई, अर्धशिक्षित और अर्धआधुनिक है। इसलिए यहां तकनीक आम लोगों को उस तरह से बरगला नहीं पाती, जैसे पश्चिमी देशों में बरगलाती है, लेकिन दिशा वही होती है। आप कुछ टाइप करना चाहते हैं, पहला अक्षरभर टाइप किया है कि अनगिनत विकल्प आपके सामने आ खड़े होते हैं कि मेहनत मत करिये सिर्फ सेलेक्ट कर लीजिए कि क्या चाहिए। यह सुविधा नहीं है। तकनीकी द्वारा आपको अपने इशारों पर नचाना है। आपको अपने दोस्त को ई-मेल लिखना है लेकिन आप पहला शब्द लिखते हैं कि इंटरनेट आपको इस मेहनत से मुक्त रहने की गुजारिश करने लगता है, वह आपको बनी बनायी मेल प्रस्तुत कर देता है। यकीन मानिये अगर आपका ई-मेल क्लाइंट आपको जवाब देने के लिए सशक्त विकल्प दे, बजाय किसके कि आप क्या संदेश टाइप करना चाहते हैं, तो आप देर तक उलझे रहेंगे और हो सकता है न टाइप कर पाएं। लेकिन अगर टाइप करेंगे तो वह महज शब्द नहीं आपकी अभिव्यक्ति होगी। लेकिन तकनीक इतना धैर्य नहीं रखना चाहती। वह आपको इतने ऑटो विकल्प देती है कि आप कुछ लिखने की बजाय तकनीक के ऑटो विकल्प को ही पिंग बॉल की तरह इधर से उधर खेलते रहें। दरअसल हमारे दिलो दिमाग में यह बात भर दी गई है कि हम कुछ करने की कोशिश करें और डिवाइस ऑटो मेटिक तरीके से खुद ही कर दे तो यह सुविधा नहीं गुलामी है। आज तकनीक ने हमारे हाथ और हमारे दिमाग को बांध दिया है और हमारी जगह खुद ही फैसला कर लिया है कि यही हमारी मनःस्थिति (इस्टेट ऑफ माइंड) है।

जब हम सुबह पहली बार गूगल न्यूज पर क्लिक करते हैं तो तकनीक हमारी मनःस्थिति को पढ़कर हमारे अनुकूल खबरें पेश करती है, जिन खबरों पर हमने पहले ज्यादा समय बिताया होता है। तकनीक नहीं चाहती कि आज दुनिया में क्या हो रहा है, हम वह जानें, यह तो चाहती है कि हम वही जानें जो उसे पसंद है और हमारी पसंद की ठेकेदारी हमारे पिछले निर्णयों के आधार पर उसी ने ले रखी है। दरअसल कोई भी एप आपको भले कितनी ही तरह से संतुष्ट करे कि वह आपकी सुविधा के लिए है, लेकिन वह आपकी सुविधा के लिए नहीं है, वह अपने कारोबार के लिए है। अगर आप मोबाइल में क्लीन संबंधी कोई एप पर क्लिक करते हैं तो उस एप के डाउनलोड होने के पहले ही उस 10 दूसरे एप डाउलोड होने की फिराक में सटे होते हैं। अगर आप जानकार नहीं है तो आपका लगेगा कि यह सब उसी का हिस्सा हैं। अगर आपके मोबाइल में पीडीएफ रीडर की सुविधा है तो पीडीएफ रीडर का यह एप इस बात पर तत्पर नहीं होगा कि आप अपनी पीडीएफ फाइल को आराम से पढ़ लें बल्कि यह एप चाहेगा कि आप इसके पहले और इसके बाद ढेर सारे विज्ञापनों को देख लें या उनसे होकर गुजरें और अगर आप बुद्धू हैं और इन विज्ञापनों में उलझ जाते हैं तो आप कभी अपने मकसद तक पहुंचेंगे ही नहीं और और मोबाइल को कभी भी इस बात पर दया नहीं आयेगी कि आपने अपनी जरूरत तो पायी ही नहीं। उसका मकसद पूरा हो गया, बस। यही है यह तथाकथित जादुई और चमत्कार सी लगने वाली आधुनिक सूचना तकनीक जिसके लिए माना जाता है कि उसने हमारी जिंदगी को बेहद आसान कर दिया है।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

विश्व को वेदांग, दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा से पुनः परिचित कराने वाले स्वामी विवेकानन्द जी ने युवाओं में चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति की अलग जगायी। –अमित शाह.

प्रशासनिक असंवेदनशीलता व दुर्व्यवहार की वजह से जिस महिला की परीक्षा छूट गयी, उसको बुलवाकर यहां प्रशासनिक अफसरों को संवेदनशीलता का पाठ बढ़ाना चाहिए। अखिलेश

आज के युवा पूछते हैं कि मधु लिमये कौन थे? दोष उनका नहीं, हमारा है। राजनीति में किसे याद किया जायेगा, यह उसके काम से ज्यादा वारिसों की हैसियत पर निर्भर है। योगेन्द्र यादव.

नारी का पराक्रम

इतिहास महिलाओं के पराक्रम से भरा हुआ है। भारत की धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ाया है। समय-समय पर धरती पर ऐसी नारियों ने जन्म लिया है जिन्होंने न सिर्फ नारी धर्म का आदर्श कायम किया है बल्कि उन्होंने पूरे समाज को दिशा दी है। ऐसी विदुषी, त्यागी और धर्मपरायण नारियों का आज भी दुनिया में गौरवगान होता है। भगवान श्रीकृष्ण की अर्धांगिनी सत्यभामा ने द्रोपदी से प्रश्न किया- हे द्रौपदी! कैसे तुम अति बलशाली पाण्डु पुत्रों पर शासन करती हो? वे कैसे तुम्हारे आज्ञाकारी हैं तथा तुमसे कभी कुपित नहीं होते? तुम्हारी इच्छाओं के पालन हेतु सदैव प्रस्तुत रहते हैं। मुझे इसका कारण बतलाओ। द्रौपदी ने उत्तर दिया- हे सत्यभामा! पाण्डु पुत्रों के प्रति मेरे व्यवहार को सुनो- मैं अपनी इच्छा, वासना तथा अहंकार को वश में कर अति श्रद्धा एवं भक्ति से उनकी सेवा करती हूं। मैं किसी अहंकार-भावना से उनके साथ व्यावहार नहीं करती। मैं बुरा और असत्य भाषण नहीं करती। मेरा हृदय कभी किसी सुंदर युवक, धनवान या आकर्षण पर मोहित नहीं होता। मैं कभी नहीं स्नान करती, खाती अथवा सोती जब तक कि पति नहीं स्नान कर लेते, खा लेते अथवा सो जाते एवं तब तक जब तक कि हमारे समस्त सेवक तथा अनुगामी नहीं स्नान कर लेते, खा लेते या सो जाते। जब कभी भी मेरे पति क्षेत्र से, वन से या नगर से लौटते हैं, तो मैं उसी समय उठ जाती हूं। उनका स्वागत करती हूं तथा उनको जलपान कराती हूं। मैं घर के सामान तथा भोजन को सदैव स्वच्छ एवं क्रम में रखती हूं। सावधानी से भोजन बनाती तथा ठीक से परोसती हूं।

अंतर्दृष्टि

मैं कभी भी कठोर शब्द नहीं बोलती। कभी भी अनुलाओं का अनुसरण नहीं करती। मैं वहीं करती हूं जो उनको रुचिकर तथा सुखकर लगता है। कभी भी आलस्य तथा सुस्ती नहीं दिखाती। बिना विनोदावसर के नहीं हंसती। मैं द्वार पर बैठ कर व्यर्थ समय नष्ट नहीं करती। मैं क्रीड़ा-उद्यान में व्यर्थ नहीं ठहरती, जबकि मुझे अन्य काम करने होते हैं। जोर-जोर से हंसना, भावुकता तथा अन्य इसी प्रकार अप्रिय लगने वाली वस्तुओं से अपने को बचाती एवं सदैव पति-सेवा में रत रहती हूं। पति-बिछोह मुझे कभी नहीं सुहाता। जब कभी मेरे पति मुझे छोड़कर बाहर जाते हैं तो मैं सुगन्धित पुष्पों तथा अंगराग का प्रयोग न कर जीवन कठोर तपस्या में बिताती हूं। मेरी रुचि अरुचि, मेरे पति की रुचि-अरुचि ही है और उन्हीं की आवश्यकतानुसार अपना समायोग करती हूं। मैं प्राण-प्रण से अपने पति की भलाई चाहती हूं। मेरे पति मेरे मार्गदर्शक हैं। मैं कभी भी अपनी सास की बुराई नहीं करती। मैं कभी भी सोने, खाने अथवा अलंकरण में अपने पति की इच्छा के प्रतिकूल नहीं जाती। इसलिए मेरे पति की हमेशा हमारे ऊपर प्रसन्नता बनी रहती है।

टीआरपी की कसरत

व्यंग्यलोक

टीआरपी की कसरत जारी है। खटाखट खबरें फेंकने का कार्यक्रम जारी है। खबरीलाल पुलिस कोर्ट कचहरी से लेकर स्वयं विधाता बना हुआ है। कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) न्यूज चैनल में सेठ जी खबरें चेप रहे हैं। चैनल चेयरमैन चंद्रप्रकाश चक्रम चौवन के पार छलांग लगा रहे हैं। सिर्फ बिजनेस मैन हैं। शुद्ध खांटी बिजनेसमैन! दारू के ठेके। जूतों के कारखाने। कई स्कूलों के मालिक और ना जाने कौन-कौन से बिजनेस! कभी ईडी-इनकम टैक्स, कभी सीबीआई, कभी पुलिस आदि के पूजा पाठ से परेशान होकर उन्होंने न्यूज चैनल के बिजनेस में अपनी टांग फंसा दी। खटाक टुडे- 'असली खबर है सिर्फ यहीं!' खबरों में खबर हो, खटाक खबरवा! अरे वाह वाह खबर वाह! उस दिन कोरोना महामारी पर वैश्विक चर्चा हो रही थी। इसी समय न्यूज चैनल 'खटाक टुडे' नागिन- 4 पर कोई प्रायोजित कार्यक्रम चला रहा था। कोई चैनल वीर क्रिकेट वर्ल्ड कप का रिकॉर्डेड प्रोग्राम दिखाने लगा और किसी ने बॉलीवुडीय फिल्मों के हीरो की प्रेम कथा पर वैश्विक मीटिंग प्रसारित करना ज्यादा अच्छा समझा।

यह मीटिंग देश की सबसे संवेदनशील परिचर्चा है। ऐसी संवेदनशील प्रक्रिया में हर कोई न्यूज चैनल अपना माथा नहीं लगाता है। उसकी तुलना क्रिकेट, बरसात, राशिफल शो, अंक शास्त्र या उत्पादों की बिक्री दिखाने से करने का रिवाज है, ताकि चैनल अपना बिजनेस पीट सके। शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी खबरें प्रसारित करना निहायत पपलू टाइप की बातें है। चैनल 'खटाक टुडे' में तो ऐसी वाहियात खबरों को कोई जगह नहीं दी जाती है। सब अच्छे बुरे काम न्यूज चैनल के सहारे धड़ल्ले से होने लगे। बाकायदा लोग उन्हें बुद्धिजीवी मानने लगे। उनसे मौके-बेमोके फीता भी कटवाने लग गए। चैनल चेयरमैन ने मीटिंग में साफ कह दिया। रोकड़ा खींचने का कंप्लीट प्लान करना चाहिए। चैनल हेड हरिश्चंद्र को साफ बता दिया। तुम्हें कम से कम पांच मुख्यमंत्रियों को अपने कब्जे में रखना है। उनकी पार्टी, उनके अच्छे-बुरे सभी कामों आदि का उनके कहे अनुसार बुलेटिन प्रसारित करते रहना है। पचास शीर्ष अधिकारियों को अपनी मुट्ठी में रखना है। इन्हीं के मनमाफिक न्यूजें फेंकनी है। बदले में केस-काइंड, प्लॉट-जमीन, खान-पट्टा जो भी मिले उसे दोनों हाथों से झपटना है। किसी भी पार्टी के एजेंडे को ब्रॉडकास्ट करने में कोई हर्ज नहीं है। बस रोकड़ा चाहिए! टीआरपी की कसरत बाजी के लिए भूत, प्रेत, हत्या, सनसनी, बलात्कार जैसी घटनाओं को रीक्रिएट करके चलाते रहें। इसके लिए ऑफिस में सनसनी फैलाने वाला स्पेशल स्टूडियो भी बना दिया गया है। पुराना जमाना अब लद गया है।

– राम विलास जॉंगिड़.

भारत की एकता और प्रगति के प्रति समर्पित एक जीवन



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

आज, 6 जुलाई का दिन राष्ट्रवाद और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास रखने वाले करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत ही विशेष है। आज हम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन साहस और मां भारती के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व में विद्वता, जनसेवा और उच्च नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम था। आधुनिक भारत के कुछ ही नेताओं में इतने सारे गुण एक साथ देखने को मिलते हैं। श्यामा प्रसाद जी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था, जहां उन्हें सुख-सुविधाओं से भरपूर जीवन आसानी से मिल सकता था। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी की गिनती अपने समय के महान शिक्षाविदों में होती थी। लेकिन तमाम सुविधाओं के बावजूद श्यामा प्रसाद जी ने त्याग और राष्ट्रसेवा का मार्ग चुना। उनका दृढ़ विश्वास था कि चाहे अंग्रेजी शासन का विरोध हो, सांप्रदायिकता से लड़ाई हो या मानवीय संकटों का सामना, वे अपने समय की इन चुनौतियों के सामने मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते। इस सफर में उन्हें कई गहरे व्यक्तिगत दुख भी झेलने पड़े। पहले उन्होंने अपने छोटे बच्चे को खोया और बाद में पत्नी का भी निधन हो गया। लेकिन इन दुखद परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने हौसले को कमजोर नहीं पड़ने दिया। उनका संकल्प और सशक्त हुआ, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण और गहरा होता गया।

डॉ. मुखर्जी के जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना था। देश के विभाजन के समय उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुछ वर्षों बाद इसी उद्देश्य से उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी संघर्ष किया। जेल और नजरबंदी भी उन्हें रास्ते से डिगा नहीं सकी। जब नजरबंदी के दौरान उनका निधन हुआ, तब वे उन अनगिनत लोगों से बहुत दूर थे, जिनके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। इतिहास में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब किसी व्यक्ति का सर्वोच्च बलिदान राजनीति से ऊपर उठकर देश की स्मृति का हिस्सा बन जाता है। डॉ. मुखर्जी का बलिदान भी ऐसा ही था। आचार्य विनोबा भावे ने कहा था कि डॉ. मुखर्जी ने उस उद्देश्य के लिए अपना बलिदान दिया, जिस पर उन्हें पूरा विश्वास था। दशकों बाद, साल 2019 में आर्टिकल 370 और 35(अ) को हटाया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि थी। डॉ. मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और भारतीय मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसके लिए उन्होंने मजबूत संस्थानों का निर्माण किया। वे कलकत्ता विश्व विद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में ऐसे बदलाव किए, जो राष्ट्रहित और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप थे।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिक्षाविदों के एक सम्मेलन में डॉ. मुखर्जी ने कहा था, ''शिक्षण संस्थानों को केवल बाबू या कम वेतन वाले कर्मचारी तैयार करने की फैक्ट्री समझना गलत है। हमें विद्यार्थियों को ऐसे तैयार करना होगा ताकि वे नेतृत्व की भूमिका निभा सकें। हमारी स्वशासी संस्थाओं जैसे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन्स, प्रांतीय और केंद्रीय विधायिकाओं में बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो सकें। इसके साथ ही वे वित्त, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखा सकें।'' कलकत्ता विश्वविद्यालय में अपने नेतृत्व में उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इनमें लाइब्रेरी की सुविधाओं में सुधार, विज्ञान में रिसर्च को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक वस्तुओं के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और कृषि से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल था। उन्होंने खेलकूद, टीचर्स ट्रेनिंग और स्टूडेंट वेलफेयर जैसे क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिया। विद्यार्थियों में अपनी यूनिवर्सिटी के प्रति गर्व की भावना विकसित हो, इसके लिए उन्होंने 24 जनवरी को विश्व विद्यालय का स्थापना दिवस मनाने की परंपरा शुरू की। उनके जीवन के बाद के वर्षों में इस भावना का एक और उदाहरण तब देखने को मिला, जब उन्होंने भारतीय जनसंघ बनाने का निर्णय लिया। उस समय देश में हर तरफ कांग्रेस पार्टी का ही बोलबाला था। ऐसे में उन्होंने महसूस किया कि देश को एक ऐसे नए विकल्प की बहुत जरूरत है, जो भारत की प्रगति की बात भी करे और हमारी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़ा रहे। शायद इसी को ध्यान में रखते हुए पार्टी का चुनाव चिह्न 'दीपक' यानि मिट्टी का दीया रखा गया।

आप की बात

स्वच्छ ईंधन को प्रोत्साहन

धरती को बचाने के लिए अब हमे ठेस पहल करनी होगी। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। हमे अपने प्रयासों को और तेज गति से आगे बढ़ाना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिग के भयानक संकट से दुनिया बच जाये।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

युवाओं की भागीदारी

पार्टियां बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, तो मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे। यह अच्छी बात है कि भाजपा एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा कर रही है, जो न सिर्फ समय की जरूरत है बल्कि बहुप्रतीक्षित भी है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मौका देने, जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अगर ईमानदारी से काम किया जाये तो राजनीति में जो युवा आगे आयेंगे वे दरअसल 'अपने कर्म और विचार में ताजा हवा के झोंका की तरह होंगे।' ऐसी खबरें मीडिया में चल रही हैं कि भाजपा युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 150 नये चेहरों को मौका देगी। यह भी किएक व्यक्ति को दो-तीन बार से ज्यादा मौका नहीं दिया जायेगा। दो-तीन बार टिकट देने के बाद उनकी सेवाएं पार्टी संगठन में ली जायेंगी और उस स्थान पर नये लोगों का मौका दिया जायेगा। इसी तरह राज्यसभा में किसी व्यक्ति को अधिकतम दो बार मौका दिया जायेगा। यह विचार नया है और इसे पार्टी को आगे बढ़ाना चाहिए।

जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.

सदस्य महिलाओं के पाल्यों का भी भविष्य संवारेगा एमपीओ

सीएम योगी के विजन का मिल रहा बहुआयामी लाभ

- एमपीओ से जुड़ीं महिलाओं को आजीविका के साथ बच्चों के करियर को लेकर भी मिला परामर्श
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुआ है बाबा गोरखनाथ एमपीओ का गठन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से बनी श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को बहुआयामी लाभ मिल रहा। डेयरी सेक्टर के इस उद्यम की सदस्य बनकर इन महिलाओं ने न केवल खुद आत्मनिर्भरता की मंजिल चुनी है बल्कि अब उनके पाल्यों का भविष्य संवारने के लिए भी एमपीओ से मार्गदर्शन मिल रहा है। एमपीओ ने सदस्य महिलाओं के उन बच्चों जो कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत हैं, के लिए दो दिन वर्कशॉप आयोजित कर उनकी रुचि के अनुसार करियर ओरिएंटेड फील्ड में आगे बढ़ने की राह दिखाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि एवं योग्यता का आकलन किया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों की जानकारी देते हुए उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप करियर नियोजन, कौशल विकास तथा भविष्य की तैयारी पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

सदस्य महिलाओं के पाल्यों के लिए आयोजित करियर डेवलपमेंट एंड गाइडेंस प्रोग्राम के तहत विशेषज्ञ करियर कांउसलर्स ने दो दिन अलग-अलग सत्रों में मनोवैज्ञानिक तरीके से अंतसंर्वाद और परीक्षण कर विद्यार्थियों की अभिरुचि का पता लगाया। इसके बाद उन्हें सही करियर पथ चुनने का मार्गदर्शन दिया गया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुए इस प्रोग्राम के दौरान करीब सौ बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ सहभागिता की और अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप वैज्ञानिक आधार पर करियर गाइडेंस प्राप्त किया। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि एमपीओ के सुचारू संचालन के साथ सदस्य महिलाओं के परिवार के समग्र कल्याण के लिए विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पहले सदस्यों के घर गोबर गैस प्लांट लगवाने की पहल की गई और अब मैट्रिक और माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई कर रहे उनके बच्चों के भविष्य को सुनियोजित आकार देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तिकरण तभी संभव है, जब उनके बच्चों को अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों।

सीईओ ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से गठित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोडयूसर्स ऑर्गनाइजेशन की सदस्य/शेयरहोल्डर बनीं महिलाएं लगातार अपनी आजीविका को सुदृढ़ कर रही हैं। नवंबर 2023 में क्रियाशील हुई इस एमपीओ के जरिये डेयरी सेक्टर से जुड़कर पूर्वी उत्तर प्रदेश की 65000 से अधिक ग्रामीण घरेलू महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन की राह पकड़ ली है। ये महिलाएं गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, कुशीनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ और मऊ जिले के करीब एक हजार गांवों की हैं। इन महिलाओं ने घरेलू कामकाज निपटाने के साथ ही दुग्ध उत्पादन/संग्रह के रोजगार से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिकी को भी मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सदस्य महिलाओं के परिश्रम से श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर एमपीओ का टर्नओवर करीब 200 करोड़ रुपये का हो चुका है। एमपीओ से जुड़ी महिलाओं को प्रतिमाह 3, 13 और 23 तारीख को उनके द्वारा संकलित दूध का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में कर दिया जाता है। सदस्य महिलाओं को औसतन प्रतिमाह आठ हजार रुपये की आमदनी हो रही है जबकि चार हजार से अधिक की संख्या उन महिलाओं की है जो लखपति दीदी बन चुकी हैं। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की कहानी है।

संक्षेप

चेकडैम में डूबने से मौत

बांदा। तरहटी कालिंजर निवासी 40 वर्षीय गुलामनबी पुत्र धुन्नू कालिंजर से लगभग 5 किलोमीटर दूर ससुराल सकतपुर आया था। यहां चेकडैम में डूबने से गुलामनबी की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर मृतक का भाई राशिद ने थाने में सूचना दी। कालिंजर थानाध्यक्ष दारा सिंह ने फॉरेंसिक जांच टीम को भी बुलवाया। मृतक की पत्नी सादिया अपने बच्चों पुत्र तालिब उम्र 8 वर्ष, पुत्री गोरीबाई 6 वर्ष को लेकर मुंबई में रहती थी क्योंकि पति के शराब पीने के कारण आपस में लड़ाई झगड़ा होता रहता था। इसके कारण पति से सादिया अलग रहने लगी थी। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं।

व्यक्ति ने लगायी फांसी, मौत

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित पल्हरी ग्राम पंचायत में रविवार सुबह एक 40 साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अखिलेश के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह और पारिवारिक तनाव के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह काफी देर तक अखिलेश दिखाई नहीं दिए तो उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान वह घर के अंदर फंदे से लटके मिले। परिजन उन्हें तुरंत नीचे उतारकर अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही परिजनों से पूछताछ कर घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में घरेलू कलह आत्महत्या की वजह प्रतीत हो रही है। हालांकि, मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

जल भराव से जनजीवन प्रभावित

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद फतेहपुर के वार्ड संख्या-02, आवास विकास कॉलोनी के सभासद दीपक कुमार मौर्य ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आवास विकास मार्ग पर लंबे समय से व्याप्त जलभराव, गंदगी और नाला चोक होने की समस्या को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सभासद ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पालिका परिषद द्वारा समस्या का स्थायी समाधान नहीं कराया गया। वर्तमान स्थिति में आवास विकास मार्ग पर नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे आसपास रहने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत आईसीयू, एनआईसीयू, प्रसूति एवं अन्य गंभीर मरीजों को लेकर अस्पताल आने-जाने वालों को हो रही है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और क्षेत्र में स्वास्थ्य संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। सभासद ने नगर पालिका द्वारा कराए गए नाला सफाई कार्यों और जारी एक्शन टेकन रिपोर्ट (अळफ) पर भी सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। जिलाधिकारी से मांग की गई है कि प्रभावित क्षेत्र से तत्काल जलनिकासी कराई जाए, स्थायी समाधान के लिए आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाए, जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए तथा पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाए। सभासद दीपक कुमार मौर्य ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र में जनस्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को देखते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने की अपील की है।

मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन 14 जुलाई को

बहराइच। देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अंतर्गत आने वाले राजकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक एवं मृतक, शासकीय सेवकों के परिवार के सेवानिवृत्तिक लाभों एवं पारिवारिक पेंशन इत्यादि से सम्बंधित समस्याओं के समाधान हेतु 14 जुलाई 2026 को मध्यान्ह 11:00 बजे से आयुक्त सभागार गोण्डा में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि पेंशन अदालत में सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित समस्याओं के वाद पत्र/प्रत्यावेदन कोषागार बहराइच में उपलब्ध करा दें ताकि वांछित सूचना 07 जुलाई 2026 तक मण्डलीय कोषागार कार्यालय, गोण्डा को उपलब्ध करायी जा सके।

लोक जन सोशलिस्ट पार्टी का सम्मेलन आयोजित

फतेहपुर के खागा क्षेत्र स्थित प्रेमनगर के लक्ष्मी मैरिज लॉन में लोक जन सोशलिस्ट पार्टी के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र विश्वकर्मा ने की। इस दौरान मीडिया प्रभारी रघु विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, जिला महासचिव दीपक विश्वकर्मा, युवा जिला अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष बृजमोहन विश्वकर्मा तथा जिला अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में समाज में फैली कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने, समाज को एकजुट करने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर रणनीति तैयार करने और जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज की एकता, भाईचारे और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकलप लिया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एडीजी ने लिया जायजा

बांदा। जनपद में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। नौ जुलाई को जनपद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। हालांकि मिनट टू मिनट कार्यक्रम न आने के चलते आगे का कोई भी कार्यक्रम क्लियर नहीं है।

रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज ज्योतिनारायण ने पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन एवं कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में सुरक्षा व्यवस्था, ड्यूटी प्लान, पुलिस बल की उपलब्धता, वाहन व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का एडीजी ने जायजा लिया। इसके उपरांत कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा घेरा, प्रवेश एवं निकास मार्ग, वीवीआईपी मूवमेंट, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपर पुलिस महानिदेशक ज्योतिनारायण ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पार्किंग स्थलों का सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित कार्ययोजना के अनुरूप आवश्यक प्रबंध किए जाएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक बिंदु पर प्रभावी निगरानी रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी शिवराज, सहायक एसपी मेविस टॉक आदि मौजूद रहे।

344 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न

बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के कुशल निर्देशन में विकास खण्ड मुख्यालय तेजवापुर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की 344 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विकास खण्ड महसी से 178, तेजवापुर से 49, फखरपुर से 46 तथा शिवपुर की 71 कुल 344 कन्याओं का विवाह सम्पन्न हुआ। इस प्रकार कुल 344 जोड़ों में से 315 हिन्दू जोड़ों का विवाह विद्धान ब्राहमणों द्वारा हिन्दू रीति-रिवाजों से विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया जबकि 29 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने ने अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों के साथ फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया तथा पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, निदेशक चीनी नानपारा अखण्ड प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तेजवापुर रमाकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राम निवास जायसवाल, जिला मंत्री शशिकांत त्रिपाठी, समाजसेवी दिवाकर पाण्डेय, अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, बीडीओ प्रतीक यादव वर वधु के अभिभावकों व इष्टमित्रों के साथ कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया तथा वर वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

शोहदा ए कर्बला की याद में हुसैनी लंगर का आयोजन

इटावा। शहर के नुमाइश पंडाल के समीप स्थित वाइस खवाजा परिसर में पीर मौलाना चमने मोहिउद्दीन कादरी साहब के नेतृत्व में शोहदाए कर्बला और हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों शहीदाने कर्बला की याद में हुसैनी लंगर का आयोजन श्रद्धा, अकीदत और अदब के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नज़्र-ओ-नियाज, दरूद शरीफ और फातिहा से हुआ। इसके पश्चात खलीफा मुबीन अहमद कादरी के हाथों श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर में शामिल होकर शहीदाने कर्बला को खरिाज-ए-अकीदत पेश किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश शाक्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शिक्षाएं समाज में भाईचारे, इंसाफ और मानवता का संदेश देती हैं तथा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम और सौहार्द को मजबूत करना चाहिए। इस अवसर पर अतिकुर्रहमान अंसारी, अफसर पहलवान, हाजी अजीम वारसी, जुबैर कादरी राजा, गोलू, समीर कादरी, मुहीउद्दीन, फैज कादरी, हाजी गुड्डू मंसूरी, आनंद कुमार जैकी, अखलेश वर्मा, वंटी मंसूरी, लल्लू वारिसी, धर्मेंद्र जैन, अर्चना कुशवाह, रंजीत कुशवाहा, अंजू यादव, इकबाल कुरैशी, मोहम्मद शाहिद, जाहिद अंसारी, अशरफ खान, इरशाद खान सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण

बहराइच। जनपद स्तर पर प्रतियोगी छात्रों के लिए अध्ययन हेतु डिजिटली सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से नीति आयोग भारत सरकार से वर्ष 2023 में प्राप्त हुई धनराशि रू. 103.65 लाख से गेंद घर मैदान स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय बहराइच को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने के साथ साथ पाठकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना से एक स्थान पर न्यूनतम शुल्क पर प्रतियोगी छात्रों को आफलाइन व आनलाइन अध्ययन सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। जनपद भ्रमण पर आये नीति आयोग भारत सरकार के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी/संयुक्त सचिव, भारत सरकार आलोक तिवारी ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के साथ राजकीय लाइब्रेरी बहराइच में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम निर्माण खण्ड बहराइच द्वारा अपग्रेडेशन कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने प्रभारी अधिकारी को बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय के अपग्रेडेशन कार्य में सबसे बड़ी चुनौती पूर्व में स्थापित लाइब्रेरी में रखी हुयी पुस्तकों, फर्नीचर व अलमारी को हटाकर रिनोवेशन कराना था। परन्तु तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए पाठकों की सुविधा के लिए राजकीय जिला पुस्तकालय को वातानुकूलित करने के साथ-साथ पुस्तकालय को डिजिटली अपग्रेड करते हुए वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि यहां पर आने वाले पाठकों के अध्ययन के लिए आफलाइन व आनलाइन पुस्तकों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है।

40 सेकंड की सावधानी, नवजात के लिए सुरक्षा कवच

बहराइच। मानसून की दस्तक के साथ जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरी रफ्तार पर है। साफ-सफाई और मच्छरों के खात्मे के साथ ही स्वास्थ्य विभाग यहां श्शून्य लागतश वाले एक बेहद प्रभावी श्लाइफ-सेविंग फॉमूर्लेश को बढ़ावा दे रहा है। यह फॉमूर्ला है हाथों की स्वच्छता। चिकित्सकों के अनुसार, सिर्फ 40 सेकंड तक साबुन-पानी से हाथ धोना नवजात को जानलेवा संक्रमणों से सबसे बड़ी सुरक्षा दे सकता है।

एसएनसीयू इंचार्ज व नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. असद अली के अनुसार, कोरोना काल की तरह ही नवजात शिशुओं की सुरक्षा के लिए भी बार-बार हाथ धोना सबसे बड़ा हथियार है। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि जन्म के शुरूआती 28 दिन सबसे नाजुक होते हैं और इस दौरान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर होती है। मानसून की नमी में बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं, जिससे गंदे हाथों के संपर्क में आने से नवजात को सेप्सिस (खून का संक्रमण), निमोनिया और गंभीर दस्त जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। नोडल संचारी रोग डॉ. आर.एन. वर्मा के अनुसार, खेत, बाजार या बाहर से लौटे लोग जब बिना हाथ धोए बच्चे को छूते हैं, तो उनके हाथों के कीटाणु नवजात तक पहुंच जाते हैं। अनजाने में किया गया यही स्नेह संक्रमण का कारण बनता है। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सरोजनी बताती हैं कि शुरूआत में लोग हाथ धोने का महत्व नहीं समझते थे। लेकिन जब गृह भ्रमण के दौरान हमने शिशु को छूने से पहले खुद अपने हाथ साबुन-पानी से धोया और माताओं को हाथ धुलने के सभी चरण सिखाए, तो उनके व्यवहार में बड़ा बदलाव आया। अब परिवार के सदस्य खुद आगे बढ़कर बच्चे को छूने से पहले अच्छी तरह हाथ धोना सुनिश्चित करने लगे हैं। डब्ल्यूएचओ और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, नवजात को छूने से पहले साबुन-पानी से हाथ धोने की आदत शिशु मृत्यु दर में 40 से 44 प्रतिशत तक कमी ला सकती है। इससे बच्चों में डायरिया के मामले 30 से 40 प्रतिशत और निमोनिया व श्वसन संक्रमण 25 से 50 प्रतिशत तक कम हो जाते हैं।

सरकार विफल, जनता बदलाव चाहती है: सांसद सनातन पांडेय

बांदा। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के बलिया से सांसद सनातन पांडेय ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं, बिगड़ती कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता से किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं और आम नागरिक आज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। प्रदेश में विकास के नाम पर केवल प्रचार किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर जनता को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कहा I किवह 5 अगस्त को लखनऊ में आयोजित होने वाली समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती के बारे में बताया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं समर्थकों से लखनऊ पहुंचकर जनेश्वर मिश्र को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने को कहा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल, विशंभर निषाद, लोकसभा प्रभारी उमेश यादव, ईशान सिंह लवी, प्रमोद गुप्ता राजा, निलेश श्रीवास, प्रियांशु गुप्ता, आमिर खान मनी, जन्मेजय सिंह रामलाल प्रजापति, ऋषि द्विवेदी, इरफान खान आदि रहे।

ट्रैक्टर ने बालक को कुचला, परिजनों ने लगाया जाम

बांदा। चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव में खाद समिति के सामने तीन वर्षीय बालक नितिन पुत्र रमेश वर्मा निवासी पलरा सड़क पर खड़ा था। तभी महेश भदोरिया का अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इससे मौके पर ही बालक की मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर परिजन व ग्रामीणों ने कानपुर-बांदा हाईवे पर जाम लगा दिया। सीओ सदर सौरभ सिंह, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार वेद प्रकाश, थाना प्रभारी आनंद कुमार ने समझाकर किसी तरह जाम खुलवाया। रमेश वर्मा के भतीजे गौरीशंकर ने बताया कि नितिन तीन भाई थे। वह दूसरे नंबर का था। गौरीशंकर ने बताया कि मां सुनीता रोड उस पार जानवर बांधने गई थी। पीछे-पीछे नितिन चला गया और रोड पर खड़ा हो गया था। बताया कि जाम लगाने का मुख्य उद्देश्य यहां पर ब्रेकर बनना चाहिए, ट्रैक्टर मालिक व चालक के ऊपर मुकदमा दर्ज होना चाहिए, सरकार से मुआवजा मिलना चाहिए। ढाई घंटे जाम में दर्जनों वाहन फंसे रहे। तहसीलदार राधेश्याम ने बताया कि परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया गया है।

प्रशासन ने डिग्री कॉलेज मार्ग से हटवाया अतिक्रमण

बांदा। सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन तिराहे से कालूकुंआ चैराहे तक सड़क पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) श्रीचंद्र, नायब तहसीलदार धनंजय कुमार, यातायात प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह, एसएसआई संतोष कुमार चैधरी, यातायात पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए गए। ईओ ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी समय-समय पर जारी रहेगा। दुकानदारों से कहा है कि वे स्वेच्छा से सड़क पटरी पर किए गए अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करेगा। मुख्यमंत्री के 9 जुलाई को संभावित दौरे को देखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की गई है। बीते दिवस अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में पुलिस बल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए जागरूक किया था।

वामा सारथी कार्यक्रम में हुआ पौधरोपण

महोबा। पुलिस महानिदेशक के आदेश के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन में आवासित पुलिस परिवारों के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस परिवारों के बच्चों ने अत्यंत उत्साह एवं ऊर्जा के साथ प्रतिभाग किया तथा परिसर में विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। बच्चों द्वारा आम, अमरूद, नीम, पीपल आदि पौधे लगाए गए, जिससे भविष्य में हरित वातावरण का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ वृक्षारोपण किया। इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों बताया गया कि वर्तमान समय में पर्यावरण असंतुलन, जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, तापमान संतुलन एवं जैव विविधता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प दिलाया गया। साथ ही यह भी प्रेरित किया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करे।

पीएचसी परिसर का होगा सुंदरीकरण

फतेहपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) असोथर का जर्जर परिसर अब नए स्वरूप में नजर आएगा। नगर पंचायत ने अस्पताल परिसर के सुंदरीकरण और बुनियादी सुविधाओं के विकास की तैयारी शुरू कर दी है। चेयरमैन नीरज सिंह सेंगर ने अधिकारियों के साथ परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने अधिशासी अधिकारी एचपी सिंह, अवर अभियंता और पीएचसी प्रभारी डॉ. नीरज गुप्ता के साथ पूरे परिसर का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी, जलभराव और गड्ढों की समस्या सामने आई। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और दुर्गंध फैलने से मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल कर्मचारियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

संक्षेप

टाटा.ईवी ने लॉन्च की नयी सिएरा.ईवी

मुंबई। टाटा.ईवी ने आज नई सिएरा.ईवी लॉन्च की, जो इसप्रतिष्ठित नाम को एक नए और साहसिक इलेक्ट्रिक भविष्य केरूप में पेशकरती है। अपनी मशहूर सिएरा के सबसे आधुनिकऔर आकर्षक रूप में,कंपनी ने इसके विशिष्ट डिजाइन को अगली पीढ़ी की ईवी तकनीक,प्रभावशाली डिजिटल अनुभवों और स्मार्ट नवाचार के साथ जोड़ा है,ताकि ग्राहकों को बिना किसी समझौते वाली एसयूवी काअनुभव मिल सके। सिएरा.ईवी के साथ,टाटा.ईवी आधुनिक एसयूवी के लिए एक नया मानक तय कर रहा है,जो प्रगतिशील,सक्षम और स्पष्टरूप से प्रतिष्ठित है। आज से बुकिंग शुरू हो गई है और डिलीवरी 15जुलाई 2026 से शुरू होगी। सिएरा.ईवी की शुरूआती कीमत 18.79 लाख रुपये है। सिएरा.ईवी को ऐसे समय में लॉन्च किया गया है जब भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार एक निर्णायक मोड़ पर है और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अब मजबूती से मुख्यधारा में आ रही है। मजबूत ग्राहक भरोसा,कुल स्वामित्व लागत में सुधार,चार्जिंग ढांचे का तेज विस्तार और परिपक्व होता इकोसिस्टम इस बदलाव को गति दे रहे हैं। ईवी अब शुरूआती अपनाने वालों तक सीमित नहीं रह गई है,बल्कि रोजमर्रा की मोबिलिटी के लिए एक आकर्षक विकल्प बनती जा रही है। सिएरा हमेशा से सिर्फ गतिशीलता से कहीं बढ़कर रही है। यह नवाचार, आकांक्षा और प्रगति की प्रतीक रही है, जिसने भविष्य को ग्राहकों के और करीब लाया। जब इसे दोबारा पेश किया गया, तब इसने भारत के प्रीमियम मिड-एसयूवी सेगमेंट को एक नया आकार दिया। आज सिएरा.ईवी के साथ हम उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और यह तय कर रहे हैं कि इलेक्ट्रिक युग में बिना किसी समझौते वाली प्रीमियम एसयूवी कैसी हो सकती है।

फ्लिपकार्ट की गोट सेल का तीसरा एडिशन शुरू

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने अपनी गोट सेल का तीसरा संस्करण शुरू कर दिया है। यह सेल 4 जुलाई, 2026 से शुरू हुई है। फ्लिपकार्ट प्लस और ब्लैक मेंबर्स को इसकी अरली एक्सेस 3 जुलाई, 2026 से मिल गई। इस सेल में ग्राहकों को विभिन्न श्रेणियों में टॉप ब्रांड्स पर सबसे बड़े ऑफर मिल रहे हैं। यह सेल अंग्रेजी के शब्द गोट - ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से प्रेरित है। इसमें जेन जी की दुनिया पर आधारित ह्यूमर, मीम्स और ऑफबीट स्टोरीटैलिंग पेश की गई है। गोट सेल के पिछले दो संस्करण फ्लिपकार्ट की खास प्रॉपर्टी बन गए। इनमें भारत के ग्राहकों के लिए संस्कृति, ह्यूमर और बेहतरीन ऑफर पेश किए गए। इस एडिशन में हम टॉप ब्रांड्स पर सबसे बड़े ऑफर तलाशने वाले ग्राहकों के लिए शॉपिंग का बेहतरीन अवसर लेकर आए हैं। इस कैम्पेन का मजेदार गोट यूनिवर्स हमें जेन जी और डिजिटल-फर्स्ट ग्राहकों से उनकी भाषा में जुड़ने में मदद करेगा। गोट सेल के दौरान ग्राहकों को मोबाईल, इलेक्ट्रॉनिक्स, अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी, होम, फर्नीचर, टूव्हीलर आदि कैटेगरीज पर बेहतरीन ऑफर मिलेंगे। इस सेल में बड़े-बड़े ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। फ्लिपकार्ट प्लस और ब्लैक मेंबर्स के लिए इस सेल की 24 घंटे पहले ही अरली एक्सेस है। साथ ही, शॉपिंग को किफायती बनाने के लिए उन्हें कई और ऑफर भी दिए जा रहे हैं।

कंगना ने की फराह और रितेश के दमदार जेलर वाले अंदाज की तारीफ

नई दिल्ली। लॉक अपः सच या सजा में ड्रामा बढ़ता ही जा रहा है। जजमेंट डे एपिसोड में कंगना रनौत ज्यूरी के रूप में जनता की आवाज बनकर पहुँचीं। सख्त जेलर, फराह खान और रितेश देशमुख लगातार इनमेट्स की जवाबदेही तय कर रहे हैं और किसी भी झूठ या बहानेबाजी को टिकने नहीं दे रहे हैं। ऐसे में कंगना की एंट्री ने रोमांच को और भी बढ़ा दिया है। फराह खान का ट्रेडमार्क सख्त प्यार और तेज नजर के कारण इनमेट्स हर पल सतर्क हैं, वहीं रितेश देशमुख का शांत पर दबंग अंदाज किसी भी इनमेट को अपने कामों के लिए जवाबदेही से बचने नहीं दे रहा है। इन दोनों ने मिलकर लॉक अप को एक ऐसी जगह बना दिया है, जहाँ ईमानदारी का इनाम मिलता है और धोखे की कीमत चुकानी पड़ती है। जेलर के रूप में फराह और रितेश के जबरदस्त अंदाज की तारीफ करते हुए, कंगना रनौत ने कहा कि फराह और रितेश ने वही दबदबा बनाया है, जिसकी इस लॉक अप को जरूरत है। वो निष्पक्ष हैं, निडर हैं और इनमेट्स को उनकी गलतियों पर टोकने में कभी कोई समझौता नहीं करते।

10 कंपनियों की पूंजी एक लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी के बीच, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की 10 सबसे अधिक मूल्यवान कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन एक लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस सबसे अधिक लाभ में रही।

पिछले सप्ताह, बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 663.44 अंक यानी 0.86 प्रतिशत चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 214.85 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की तेजी रही। मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक संकेत, अच्छे माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और बेहतर होती औद्योगिक गतिविधियों के कारण बाजार ने सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। अमेरिकी श्रम बाजार के उम्मीद से कमजोर आंकड़ों के बाद अधिक उदार वैश्विक मौद्रिक नीति की उम्मीदों ने निवेशकों के भरोसे को और मजबूत किया। शीर्ष दस कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 36,529.21 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,877.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 33,059.83 करोड़ रुपये बढ़कर 6,43,141.36 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,084.29 करोड़ रुपये बढ़कर 10,11,695.03 करोड़ और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का पूंजीकरण 8,601.99 करोड़ रुपये बढ़कर 5,44,139.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 7,664.89 करोड़ रुपये बढ़कर 12,33,646.33 करोड़ रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 6,461.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,17,086.30 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण (एम कैप) 26,572.2 करोड़ रुपये घटकर 5,53,978.63 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का एम कैप 18,945.56 करोड़ रुपये कम होकर 17,64,981.36 करोड़ रुपये पर रहा। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 4,846.08 करोड़ रुपये कम होकर 9,59,891.92 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन I,031.15 करोड़ रुपये घटकर 7,57,175.27 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौता जल्द होने की संभावना नहीं: पीयूष गोयल

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कुछ उत्पादों में बाजार पहुंच संबंधी चिंताओं के कारण भारत-पेरू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए चल रही बातचीत के जल्द संपन्न होने की संभावना नहीं है।

गोयल ने संवाददाताओं से कहा, कुछ चिंताएं हैं। कई ऐसे उत्पाद हैं जहां हम उन्हें बाजार पहुंच की अनुमति नहीं दे सकते। मुझे नहीं लगता कि पेरू के साथ एफटीए बहुत जल्द होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत और पेरू के बीच प्रस्तावित एफटीए के लिए बातचीत साल 2017 में शुरू हुई थी। दूसरी ओर, भारत-कनाडा एफटीए के संबंध में मंत्री ने सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने बताया कि भारतीय अधिकारियों का एक दल बातचीत के अगले दौर के लिए सोमवार को कनाडा जाएगा। गोयल ने कहा, कनाडा के साथ एफटीए वार्ता अच्छी प्रगति पर है। हमारी टीम अगले दौर की बातचीत के लिए सोमवार को जा रही है। हमारी कोशिश है कि हम अगले छह महीनों में इसे अंतिम रूप दे दें। केंद्रीय मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि वह 13 जुलाई को विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ ब्रसेल्स जाएंगे, जहां वे भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की बैठक में हिस्सा लेंगे।

सरकार ने ओएनजीसी चेयरमैन के लिए प्रवेश आयु बढ़ाकर 59 वर्ष की

नयी दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के अगले चेयरमैन की नियुक्ति के लिए पात्रता शर्तों में ढील दी है। इसके तहत अधिकतम प्रवेश आयु बढ़ाकर 59 वर्ष कर दी गई है और चयनित उम्मीदवार को तीन वर्ष का निश्चित कार्यकाल दिया जाएगा, जिसे प्रदर्शन समीक्षा के आधार पर दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा। इस कदम से देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी के शीर्ष पद के लिए अधिक उम्मीदवारों के लिए अवसर खुल गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में नियुक्तियों के लिए प्रमुख चयन एजेंसी लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पद सात दिसंबर को वर्तमान चेयरमैन अरुण कुमार सिंह के विस्तारित कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हो जाएगा। उम्मीदवार की आयु पद रिक्त होने की तिथि यानी सात दिसंबर 2026 तक 59 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रारंभ में तीन वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे प्रदर्शन के आधार पर दो वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। कहा गया है 60 वर्ष की आयु के बाद किसी भी तरह का रोजगार या कार्यकाल का विस्तार अनुबंध के आधार पर होगा।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पहली तिमाही में कर्ज में वृद्धि

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में मजबूत शुरुआत की। कर्ज में दहाई अंक में वृद्धि हुई जबकि जमा जुटाने की गति ऋण में हुई बढ़ोतरी के मुकाबले धीमी रही।

कम लागत वाले चालू खाता बचत खाता (कासा) जमा पर दबाव के बावजूद, खुदरा कर्ज वृद्धि का मुख्य इंजन बने रहे। एकत्रित आंकड़ों के अनुसार 12 सरकारी बैंकों में से नौ बैंकों के 30 जून को समाप्त तिमाही के शुरुआती कारोबारी आंकड़ों से पता चलता है कि कर्ज में सालाना आधार पर लगभग 12 प्रतिशत से 29 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई, जबकि जमा में 3.5 प्रतिशत से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पता चलता है कि जमा जुटाने की गति धीमी होने के बावजूद कर्ज की मांग बनी हुई है। बड़े बैंकों में, बैंक ऑफ बड़ौदा ने जमा में 13.8 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले वैश्विक ऋण में सालाना आधार पर 17.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज में 18.64 प्रतिशत और जमा में 14.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा दिये गये कर्ज में सालाना आधार पर 12.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। केनरा बैंक ने कर्ज में 18 प्रतिशत और जमा में 11.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि इंडियन बैंक ने कर्ज में 13.9 प्रतिशत और जमा में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इस समूह में सबसे तीव्र वृद्धि हासिल करने वाला बैंक बनकर उभरा। बैंक की तरफ से दिये गये कर्ज में सालाना आधार पर 28.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जमा में 11.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यूको बैंक ने ऋण में 21.3 प्रतिशत और जमा में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। पंजाब एंड सिंध बैंक ने कर्ज में 19.5 प्रतिशत और जमा में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

भारत को हर पांच साल में 5,00,000 टन रिफाइंड कॉपर क्षमता जोड़ने की ज़रूरत

नयी दिल्ली। देश में बुनियादी ढांचा, स्वच्छ ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्र के तेजी से विस्तार के बीच भारत को बढ़ती तांबे की मांग को पूरा करने के लिए प्रत्येक पांच साल में करीब पांच लाख टन अतिरिक्त परिष्कृत तांबा उत्पादन क्षमता विकसित करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय तांबा संघ भारत के प्रबंध निदेशक ने रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में तांबे की मांग देश की आर्थिक वृद्धि के अनुरूप बढ़ने की संभावना है। एसोसिएशन का अनुमान है कि वर्ष 2026 में तांबे की मांग में लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि होगी। आपूर्ति की स्थिति पर उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान कॉपर के द्वितीयक स्मेल्टर के दोबारा शुरू होने तथा हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के नए द्वितीयक स्मेल्टर के चालू होने से देश की उत्पादन क्षमता में करीब एक लाख टन की बढ़ोतरी होगी। हालांकि, यह देश की मौजूदा लगभग 18 लाख टन की कुल मांग के मुकाबले काफी कम है। इससे कुछ हद तक राहत मिलेगी, लेकिन बढ़ती मांग को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। उनका मानना है कि आने वाले वर्षों में मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार बढ़ेगा, इसलिए रिफाइनिंग और स्मेल्टिंग क्षेत्र में बड़े निवेश की आवश्यकता होगी। घरेलू स्तर पर तांबा कैथोड की उपलब्धता में भी सुधार होगा।

कच्चे तेल की कीमत तय करेगी बाजार की चाल

नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक रुझानों और कंपनियों के तिमाही नतीजों की शुरुआत से तय होगा। विश्लेषकों ने यह कहा।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ जुलाई को अपने जून तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित करेगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगी। निवेशक नौ जुलाई को आने वाले टीसीएस के तिमाही नतीजों पर करीबी नजर रखेंगे। इसमें मांग के रुझान, विवेकाधीन खर्च और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित व्यावसायिक अवसरों को लेकर प्रबंधन की टिप्पणियों पर विशेष ध्यान रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 663.44 अंक यानी 0.86 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 214.85 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों का ध्यान नौ जुलाई से शुरू हो रहे वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों पर केंद्रित रहेगा। कंपनियों की आय के शुरुआती आंकड़े और प्रबंधन की टिप्पणियां मांग की स्थिति, मार्जिन के रुझान और कमाई की स्पष्टता के बारे में महत्वपूर्ण संकेत प्रदान करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और खरीफ फसलों की बुवाई ग्रामीण मांग, मुद्रास्फीति की उम्मीदों और वृहद आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण संकेतक बनी रहेगी। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच तकनीकी बातचीत का अगला दौर 11 जुलाई को होने की उम्मीद है, हालांकि इसके स्थान के बारे में अभी अंतिम फैसला होना बाकी है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति में बाधा की आशंकाएं कम होने के बाद कच्चे तेल की कीमतें 68-69 डॉलर प्रति बैरल के आसपास स्थिर हुई हैं। ऊर्जा कीमतों में लगातार स्थिरता भारत में मुद्रास्फीति के परिदृश्य और बाह्य क्षेत्र के संतुलन के लिए सकारात्मक होगी।

जेनेवा में उपभोक्ता संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ समूह के नौवें सत्र की अध्यक्षता करेगा भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत इस सप्ताह जेनेवा में आयोजित उपभोक्ता संरक्षण कानून एवं नीति पर विशेषज्ञों के अंतर-सरकारी समूह (आईजीई) के नौवें सत्र की अध्यक्षता करेगा। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि यह सत्र सदस्य देशों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरणों, शिक्षाविदों और अन्य संबंधित पक्षों को एक साथ लाकर उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र से जुड़े उभरते मुद्दों पर चर्चा का मंच प्रदान करेगा। संयुक्त राष्ट्र के उपभोक्ता संरक्षण दिशानिर्देशों के तहत गठित यह अंतर-सरकारी विशेषज्ञ समूह उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति पर संवाद एवं सहयोग का प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे छह से आठ जुलाई तक चलने वाली तीन दिवसीय चर्चाओं की अध्यक्षता करेंगी और वैश्विक प्राथमिकताओं पर सदस्य देशों के बीच विचार-विमर्श का संचालन करेंगी। मंत्रालय के अनुसार, इस सत्र की प्रमुख गतिविधियों में दिसंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए संयुक्त राष्ट्र उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा सिद्धांतों को पेश किया जाएगा। इसके अलावा ये सिद्धांत क्यों महत्वपूर्ण हैं विषय पर एक उच्च स्तरीय अनौपचारिक संवाद सत्र आयोजित की जाएगा, जिसमें भारत भी भाग लेगा। एजेंडा में उपभोक्ता जानकारी एवं शिक्षा, टिकाऊउपभोग, वैश्विक बाजारों में उपभोक्ता संरक्षण कानूनों का प्रवर्तन तथा सीमा-पार उपभोक्ता विवादों पर चर्चा शामिल है। सत्र में अर्जेंटीना के उपभोक्ता संरक्षण कानून और नीति की स्वैच्छिक समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही हाल के कानूनी एवं संस्थागत विकास तथा क्षमता निर्माण प्रयासों की समीक्षा के बाद आगामी सत्र के लिए रिपोर्ट और अस्थायी एजेंडा को अपनाया जाएगा।

पेज एक का शेष

हर बूथ

उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमाओं के साथ इस राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है, वह आने वाले वर्षों तक केवल भाजपा के कार्यकर्ताओं ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को भी प्रेरणा देता रहेगा कि भाजपा का नेतृत्व विकास और विरासत को साथ लेकर चलता है। इस प्रेरणा स्थल से शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी। इस प्रेरणा स्थल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। मुझे कॉफी टेबल बुक देखने का अवसर भी मिला और जिस सोच और विचार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं, उसी दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार विकास और विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। भीषण गर्मी के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता हर परिस्थिति में कमल खिलाने के लिए तैयार रहता है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश ने भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद और क्षेत्रीय दबंगों का राज देखा था। आज जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट का विजन है, वहीं पहले प्रत्येक जिले में अलग-अलग दबंगों का मॉडल चलता था। भाजपा सरकार ने गुंडाराज और माफियाराज को केवल जिलों से ही नहीं, बल्कि गांवों और कस्बों से भी समाप्त करने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में भाजपा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए गए हैं। आज इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से प्रदेश की नई तस्वीर पूरे देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत हो रही है। विकास की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का जो मॉडल अपनाया गया है, उसे राज्य का नेतृत्व प्रभावी ढंग से लागू कर रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की विरासत को सहेजने का कार्य भी अभूतपूर्व ढंग से किया गया है। इस दौरान उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर को लेकर कुछ लोग आज भी प्रश्न उठाते हैं, जबकि यही वे लोग हैं जिन्होंने कभी प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाया था, सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर उन्हें काल्पनिक बताया था और रामसेतु के अस्तित्व पर भी सवाल उठाए थे। यही वे लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलवाई थीं। ऐसे लोग आज आस्था की बात करते हैं, जबकि भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने पांच सौ वर्षों के संघर्ष और लंबे समर्पण के बाद प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। कोई भी प्रभु श्री राम मंदिर की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और आवश्यकता पड़ने पर भाजपा हर स्तर पर कार्रवाई भी करेगी तथा आवश्यक सुधार भी सुनिश्चित करेगी। नबीन ने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए आया हूं और लखनऊ के कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर मुझे विश्वास हुआ है कि प्रदेश का प्रत्येक कार्यकर्ता विपक्ष को करारा जवाब देगा तथा जनता के बीच प्रत्येक विषय पर प्रभावी ढंग से अपनी बात रखेगा। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश से जो जनादेश निकलेगा, वह केवल प्रदेश में भाजपा की हैट्रिक तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वर्ष 2029 में दिल्ली में भी भाजपा और एनडीए की सरकार बनने का मार्ग प्रशस्त करेगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ बूथ जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। हमें विश्वास है कि यदि शक्ति केंद्र का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प लेकर अपने बूथ को मजबूत करने में जुट जाएगा, तो वह बूथ, जिला, प्रदेश और राष्ट्र, सभी को शक्ति प्रदान करेगा।

नवीन ने कहा कि आने वाले समय में विपक्षी दल समाज को बांटने का प्रयास करेंगे। जिस प्रकार अंग्रेजों ने डिवाइड एंड रूल की नीति अपनाई थी, उसी प्रकार कांग्रेस और अखिलेश यादव की राजनीति भी समाज को विभाजित करने का प्रयास करती है। अब समय बदल चुका है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व का समय है और अब देश तथा समाज को कोई बांट नहीं सकता। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश और भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प शक्ति केंद्र का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरा करेगा। यदि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का सपना साकार करना है, तो भाजपा को लगातार प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना होगा।

इसरो के

के दौरान क्रू मॉड्यूल को लगभग 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा। इसके बाद इसे रॉकेट से अलग किया जाएगा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए क्रमवार 10 पैराशूट खोले जाएंगे, जिससे उसकी गति कम होकर वह सुरक्षित रूप से समुद्र में उतरे। इसरो के अनुसार 'सॉल्व' का ठोस ईंधन वाला चरण पीएसएलवी रॉकेट के स्ट्रैप-ऑन मोटर पर आधारित है, लेकिन गगनयान मिशन की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं। इनमें धीमी गति से जलने वाले प्रणोदक और दिशा नियंत्रण प्रणाली में सुधार शामिल हैं। गगनयान मिशन के तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 400 किलोमीटर ऊंची पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन के मिशन पर भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जायेगा। क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल इस मिशन के अंतरिक्ष यान में मुख्य रूप से दो हिस्से होंगे। क्रू मॉड्यूल वह हिस्सा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे।

धामी ने

बाद सीमांत क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को नई गति मिली है। इससे स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, परिवहन सेवाओं और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से स्थानीय उत्पादों की खरीद कर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा तीर्थस्थलों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत की आध्यात्मिक पहचान विश्व स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हो रही है। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं की सराहना की। सातवीं बार कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले अनिल कुमार जैन ने कहा कि इस वर्ष सुरक्षा, चिकित्सा, आवास और अन्य आवश्यक सुविधाओं का बेहतर प्रबंधन किया गया है, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। पहले दल में कुल 49 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिनमें 34 पुरुष और 15 महिलाएं हैं। यह दल आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करता है।

राम मंदिर

उन्होंने बताया कि वह पांच जुलाई को अयोध्या पहुंच रहे हैं। स्वामी गोविंददेव गिरि ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी ट्रस्ट का न्यासी या कोषाध्यक्ष बनने का आग्रह नहीं किया। यह दायित्व उन्हें प्रभु श्रीराम की सेवा के रूप में मिला है और वह इसे सौभाग्य मानते हैं। उन्होंने कहा कि दोषी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसका नाम या पद नहीं देखा जाना चाहिए। उसे न्यायालय से कठोर दंड मिलना चाहिए। कोषाध्यक्ष ने ट्रस्ट के सभी न्यासियों से आग्रह किया कि भविष्य में ऐसी अभेद और आधुनिक व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें दान की गणना पूरी तरह पारदर्शी हो। उन्होंने विश्वास जताया कि भगवान श्रीराम की कृपा से सभी संशय दूर होंगे। अपराधी कानून के शिकंजे में आएंगे और भविष्य में रामलला का मंदिर विश्व के लिए आदर्श प्रबंधन और पारदर्शिता का उदाहरण बनेगा। स्वामी गोविंददेव गिरि ने अपने संदेश का समापन धर्म की जय हो, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया। उन्होंने कहा कि वह लगभग हर महीने या डेढ़ महीने में ट्रस्ट के कार्य से अयोध्या आते हैं, लेकिन आज तक अपने हवाई यात्रा अथवा अन्य प्रवास का एक भी रुपया ट्रस्ट से नहीं लिया। स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि हुंडी में आने वाले दान की गणना जिस केंद्र पर होती है, उससे उनका कभी कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं रहा। उनका निवास पुणे में है और चढ़ावा गिनने की व्यवस्था स्थानीय न्यासी देखते रहे हैं। उन्होंने बताया कि दान गणना की मानक प्रक्रिया स्थानीय ट्रस्ट पदाधिकारियों और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से तैयार की गई थी और उन्हें यह प्रक्रिया पिछले महीने पहली बार दिखाई गई। कोषाध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट के कोष में जमा राशि का शुरू से अब तक पूरे आय-व्यय का ऑडिट किया लेखा सुरक्षित है और अधिकृत व्यक्ति कभी भी इसकी जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वह लगातार प्रवास में रहते हैं, इसलिए पुणे स्थित उनके कार्यालय के चार्टर्ड अकाउंटेंट हर महीने चार-पांच दिन अयोध्या आकर खातों की जांच करते हैं तथा ट्रस्ट कार्यालय को आवश्यक मार्गदर्शन भी देते हैं। उन्होंने कहा कि न्यासी बनने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से किसी से भी मंदिर के लिए नगद दान स्वीकार नहीं किया। केवल दो अपवाद रहे, उनकी दिवंगत बड़ी बहन की ओर से 11 हजार रुपये और पुणे में एक श्रद्धालु की ओर से एक किलो चांदी की ईंट, जिसकी विधिवत रसीद जारी की गई थी।

देशभर में

अलर्ट जारी किया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भूस्खलन, मिट्टी धंसने और अचानक आने वाली बाढ़ के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रशासन के निर्देशानुसार सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

दिल्ली के कई हिस्सों में रविवार को हुई मध्यम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दी। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 2.30 बजे तक छतरपुर में सबसे अधिक 49 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद गुरुग्राम में 35 मिमी, महरौली में 18 मिमी, ग्रेटर नोएडा में 17 मिमी, नजफगढ़ में 8 मिमी और जनकपुरी में 7 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने दिन के समय आमतौर पर बादल छाए रहने और मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है जबकि अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। उधर झारखंड में, आईएमडी ने छह से नौ जुलाई तक सभी 24 जिलों में गरज-चमक, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र ने कहा, राज्य में बादल छाए रहने और अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ सुदूर स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

मार्गदर्शन के

डांट पड़ी, तो वे भाग जाते हैं या कोई आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। मन इस स्थिति में कैसे पहुंच गया? उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि आज बच्चों को दादी-नानी द्वारा पारंपरिक कहानियों के माध्यम से मार्गदर्शन देने के बजाय, कम उम्र से ही टेलीविजन के सामने छोड़ दिया जाता है या मोबाइल फोन दे दिया जाता है। भागवत ने रेखांकित किया कि दादी-नानी की अनुपस्थिति और माता-पिता द्वारा समय न दिए जाने के कारण बच्चे अलग-थलग और अकेले हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी को बातचीत की जरूरत है। हमें उस अकेलेपन को दूर करना होगा जो उनके भीतर घर कर जाता है, और यदि वे गलतियां कर रहे हैं, तो यह अक्सर हमारे अपने मार्गदर्शन की विफलता है। भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि घरों और समाज, दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी एक ऐसी मानसिकता विकसित करना है जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि नई पीढ़ी कमजोर न बने।

भारत ने श्रीलंका ए को 10 विकेट से हराया

बरार ने दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लिए, सुदर्शन के 168 रन, 1-0 से सीरीज जीती

एजेंसी

गॉल। भारत-अ ने श्रीलंका-अ को दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में 10 विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। रविवार को गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबले के चौथे और आखिरी दिन तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर मैच में कुल 10 विकेट पूरे किए। पहली पारी में 168 रन बनाने वाले साई सुदर्शन ने दूसरी पारी में भी नाबाद 25 रन बनाए। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। इससे पहले भारत-अ ने अफगानिस्तान-अ और श्रीलंका-अ वाली वनडे ट्राई सीरीज भी जीती थी। भारत-अ ने चौथे दिन 541/8 से आगे खेलना शुरू किया। सिर्फ 9 गेंद खेलने के बाद यश ठाकुर के आउट होते ही टीम ने 543/9 पर पारी घोषित कर दी। सारांश जैन 70 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। पहली पारी के आधार पर भारत-अ को 177 रन की बढ़त मिली।

श्रीलंका-अ ने पहली पारी में 366 रन बनाए थे। श्रीलंका-अ की शुरूआत बेहद खराब रही। बरार ने शुरूआती तीन ओवर में सोहन डी लिवेरा और नुवानिडु फर्नांडो को आउट किया। वहीं आकिब नबी ने पवन्था वीरसिंघे का विकेट लिया। मेजबान टीम सिर्फ 9 रन पर 3 विकेट गंवा चुकी थी। शुरूआती झटकों के बाद अशेन बंडारा ने तेज बल्लेबाजी की। उन्होंने गुरनूर के एक ओवर में लगातार तीन चौके लगाए और सिर्फ 47 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। कप्तान सहान अराच्चिगे ने भी कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन यश ठाकुर ने उन्हें आउट कर दिया। लंच तक श्रीलंका-अ का स्कोर 115/4 था। लंच के बाद गुरनूर बरार ने फिर विकेट लिए। उन्होंने अंजला बंडारा और अशेन बंडारा (87) को आउट कर दिया। केशारा नुवांथा (26) और दिलुम सुदीरा (21) ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। सारांश जैन ने भी 2 विकेट लिए। आखिर में गुरनूर ने सुदीरा और दुलाज समुधिता को आउट कर दूसरी पारी 68 रन पर 6 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने 4 विकेट लिए थे। बरार ने मैच में 145 रन देकर 10 विकेट लिए। श्रीलंका-अ दूसरी पारी में 209 रन ही बना सकी। भारत-अ को जीत के लिए सिर्फ 33 रन चाहिए थे। साई सुदर्शन ने 22 गेंदों में नाबाद 25 रन बनाए और चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। अमन मोखाडे 11 रन बनाकर नाबाद लौटे।

भारत-अ ने 6.2 ओवर में बिना विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से मुकाबला और 1-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने रविवार को दूसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट में कुल 10 विकेट लेकर भारत ए को श्रीलंका ए पर शानदार 10 विकेट की जीत दिलाकर अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ संभावित टेस्ट पदार्पण के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी। साई सुदर्शन के 168 रन की बदौलत भारत ए ने पहली पारी में 543 रन का विशाल स्कोर बनाया और श्रीलंका ए पर 177 रनों की बढ़त हासिल की। भारत ए ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 541 रन से की थी। मैच के चौथे और अंतिम दिन खेल तेजी से आगे बढ़ा। बराड़ ने दूसरी पारी में छह विकेट लेकर श्रीलंका ए की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। पहली पारी में भी उन्होंने चार विकेट लिए थे जिससे पूरे मैच में उनके विकेटों की संख्या 10 हो गई।

अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए टीम में जगह के एक अन्य दावेदार आकिब नबी की तुलना में बराड़ का प्रदर्शन कहीं अधिक प्रभावशाली रहा। पंजाब के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत के लिए पदार्पण करते हुए भी प्रभावित किया था। वह टेस्ट टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें अब तक टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका नहीं मिला है। श्रीलंका ए की ओर से आशेन बंडारा ने 87 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। श्रीलंका ए की दूसरी पारी 209 रन पर सिमटने के बाद भारत ए को जीत के लिए केवल 33 रन का लक्ष्य मिला। साई सुदर्शन और अमन मोखाड़े ने 6.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए यह लक्ष्य हासिल कर लिया और भारत ए ने 10 विकेट से आसान जीत दर्ज की। श्रृंखला का पहला अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ रहा था। यह दौरा भारत ए के लिए बेहद सफल रहा। टीम ने इससे पहले दांबुला में आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला का खिताब भी जीता था। 15 अगस्त से गॉल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट शुरू होना है। उससे पहले नियमित टेस्ट खिलाड़ी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल को इस दौरे पर अच्छा मैच अभ्यास मिला।

दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो के एसएससी मैदान पर खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को शान मसूद को टेस्ट टीम की कप्तानी से बर्खास्त करके उनकी जगह बाबर आजम तो फिर से कमान सौंपी है। मसूद को कप्तान पद से हटाना तय लग रहा था क्योंकि पाकिस्तान ने उनकी कप्तानी में जो 18 टेस्ट मैच खेले उनमें से 12 में उसे हार का सामना करना पड़ा। मसूद ने 2023 के शुरू में बाबर से कप्तानी संभाली थी। चयनकर्ता आकिब जावेद ने लाहौर में पत्रकारों से कहा, हम एक ऐसे कप्तान की तलाश में थे जो टीम का बेहतर नेतृत्व कर सके। शान का व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छा था, लेकिन कप्तान के तौर पर हमें अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबर को कप्तान नियुक्त करने के लिए चयन समिति के सभी सदस्य एकमत थे और किसी अन्य खिलाड़ी के नाम पर चर्चा नहीं की गई। मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान को पहली श्रृंखला में ही ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से हरा दिया था। इसके बाद उसका प्रदर्शन लगातार खराब रहा और उसे पहली बार अपने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

वर्ल्डकप : इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दिया 151 रन का लक्ष्य

लंदन । विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की है। इंग्लैंड के 151 रन का पीछा करते हुए टीम ने 7 ओवर में 1 विकेट पर 72 रन बना लिए हैं। फीबी लिचफील्ड और बेथ मूनी क्रीज पर हैं। जॉर्जिया वॉल को लॉरेन बेल ने बोल्ड किया। लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन और फ्रेया कैम्प ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलिन्यू और किम गार्थ ने 1-1 विकेट लिया। मेजबान इंग्लैंड 2009 में एक बार टी-20 वर्ल्ड कप जीत चुका है, जबकि ऑस्ट्रेलिया रिकॉर्ड 6 बार चैंपियन रहा है। दोनों टीमें पूरे टूनामेंट में 6-6 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 62 रन बना लिए हैं। बेथ मूनी 19 गेंदों में 28 रन और लिचफील्ड 12 गेंदों में 17 रन बनाकर क्रीज पर हैं। पहले छह ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 84 गेंदों में 89 रन चाहिए। बेथ मूनी ने लॉरेन बेल के ओवर में 3 चौके जड़ते हुए 16 रन बटोरे। 4 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 1 विकेट पर 45 रन है। मूनी 16 गेंदों में 22 रन और लिचफील्ड 3 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर हैं। अब ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 96 गेंदों में 106 रन चाहिए। दूसरे ओवर में लॉरेन बेल ने इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। जॉर्जिया वॉल ऑफ साइड में कट शॉट खेलने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। 151 रन का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने पहले ओवर में बिना विकेट खोए 6 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्कोर-70/4, एलिस कैप्सी के बाद हीदर नाइट भी आउट

इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज की जगह स्पिनर चार्ली डीन से गेंदबाजी की शुरूआत कराई, लेकिन जॉर्जिया ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर इरादे साफ कर दिए। दूसरी गेंद पर वॉल को छइह आउट दिया गया, लेकिन उन्होंने तुरंत ऊफर लिया। रिप्ले में गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच करती दिखी और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। इंग्लैंड ने फाइनल में 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नेट ब्रंट ने 53 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए, जबकि फ्रेया केम्प ने आखिर तक टिककर 28 गेंदों में नाबाद 44 रन की तेज पारी खेली। आखिरी ओवर में इंग्लैंड ने 13 रन जोड़े। फ्रेया केम्प ने सोफी मोलिन्यू की गेंद पर सीधा छक्का लगाया, जिससे टीम 150 रन के आंकड़े तक पहुंच सकी।

अब ऑस्ट्रेलिया को सातवां महिला टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए 151 रन बनाने होंगे। इंग्लैंड ने 10 ओवर के बाद 3 विकेट पर 68 रन बनाए हैं। कप्तान नैट सिवर ब्रंट और हीदर नाइट पिच पर हैं। लूसी हैमिल्टन ने एमी जोन्स को आउट किया। डैनी वायट हॉज को एनाबेल सदरलैंड ने पवेलियन भेजा। सोफी मोलिन्यू ने एलिस कैप्सी को आउट किया। मेजबान इंग्लैंड एक बार 2009 में और ऑस्ट्रेलिया 6 बार यह टूनामेंट जीत चुकी हैं। खास बात यह है कि दोनों टीमें पूरे टूनामेंट में अब तक अजेय रही हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया 6-6 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची हैं। इंग्लैंड की रनगति बढ़ा रहीं एलिस कैप्सी को ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिन्यू ने पवेलियन भेजा। कैप्सी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में चूक गईं। मोलिन्यू की तेज और फुल लेंथ गेंद उनके बल्ले के नीचे से निकलकर सीधे ऑफ स्टंप से जा टकराई। कैप्सी 20 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 1 छक्का लगाया।

संक्षेप

शुभंकर बीएमडब्ल्यू इंटरनेशल में कट से चूके

म्यूनिख। भारत के शुभंकर शर्मा लंबे ब्रेक के बाद वापसी करते हुए यहां बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट से चूक गए। शुभंकर ने लगातार दो दौर में 73 का स्कोर बनाया जो उन्हें कट में जगह दिलाने के लिए नाकाफी था। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। जर्मनी के थॉमस रोसेम्युलर सात अंडर 65 के दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ खिताब की दौड़ में शामिल हो गए है। उनका कुल स्कोर 11 अंडर है और वह संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। रोसेम्युलर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे बर्नड वीसबर्गर और माइकल होलिक से दो शॉट पीछे हैं। इन दोनों का कुल स्कोर 13 अंडर है।

बुमराह ने रेड बॉल से प्रैक्टिस की शुरू

नयी दिल्ली । भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने रेड बॉल क्रिकेट की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को उन्होंने अहमदाबाद में लाल एसजी बॉल से गेंदबाजी करते हुए तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। बुमराह आईपीएल से ब्रेक के बाद गुजरात डोमेस्टिक टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है। वे इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से इंटरनेशनल में वापसी कर रहे हैं। बुमराह ने आखिरी वनडे 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल में खेला था। इंग्लैंड सीरीज के साथ वह 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में वापसी करेंगे। इसके अलावा उन्हें एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। वे अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी नहीं खेले थे। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए कढछ 2026 में 13 मैचों में सिर्फ 4 विकेट लिए। उनका औसत 102.50, इकोनॉमी 8.36 और बेस्ट प्रदर्शन 15 रन देकर 1 विकेट रहा। बुमराह ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 8 पारियों में 14 विकेट लेकर टूनामेंट के टॉप विकेट टेकर बने। उन्होंने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 15 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इंग्लैंड वनडे सीरीज के बाद भारत 15 से 27 अगस्त तक श्रीलंका में दो टेस्ट मैच खेलेगा। पहला टेस्ट गॉल और दूसरा कोलंबो में होगा।

अनाया और विवान ने जीता टेनिस खिताब

खेल संवाददाता

लखनऊ । ओमेक्स सिटी स्थित प्ले एंड फि ट टेनिस अकैडमी में 4 जुलाई से 5 जुलाई तक आयु वर्ग अंडर 14 और अंडर 16 (बालक और बालिका) टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें बालक आयु वर्ग अंडर 14 के सेमी फाइनल में सायंश विधवानी ने देवम बाजपेई से 4-2,4-2 से जीता वहीं दूसरे सेमी फाइनल में पार्थ बाजपेई ने श्रेयांश कृष्णा से 4-3,4-0 से जीत कर फाइनल में पहुंचे फाइनल में सायंश विधवानी ने पार्थ बाजपेई से 4-2, 4-1 से जीत कर खिताब अपने नाम किया और बालिका आयु वर्ग अंडर 14 के सेमी फाइनल में ओमिशा सिंह ने श्रेया यादव से 4-3,4-2 जीत कर फाइनल में प्रवेश किया दूसरे सेमीफाइनल में रुषिता अनुरा ने खनिका बाजपेई से 4-1, 4-2 से जीत कर फाइनल में पहुंची फाइनल में ओमिशा सिंह ने रुषिता अनुरा से 4-3, 4-2 से जीत कर अंडर 14 का खिताब हासिल किया । वहीं बालक आयु वर्ग अंडर 16 के सेमी फाइनल में विवान अरोड़ा ने शिवाय बोगरा से 4-2,4-3 से जीता वहीं दूसरे सेमी फाइनल में रामांश सिंह ने काव्यांश जायसवाल से 4-3,4-1 से जीत कर फाइनल में पहुंचे फाइनल में विवान अरोड़ा ने रामांश सिंह से 4-2, 4-2 से जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व स्तर पर जीत हासिल करने के लिए देश में स्क्वाश का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र होना जरूरी : तन्वी खन्ना

एजेंसी

मुंबई। स्क्वाश की स्टार खिलाड़ी तन्वी खन्ना का मानना है कि अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने और उन्हें वैश्विक स्तर पर सफल बनाने के लिए देश में इस खेल का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना जरूरी है।

सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल दुनिया की 74वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी ने कहा कि भारत को उन शीर्ष देशों से सीखना चाहिए जिन्होंने लगातार चैंपियन तैयार किए हैं। यहां स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीतने वाली तन्वी ने दिए साक्षात्कार में कहा, मेरा मानना है कि हम उन देशों से सीख सकते हैं जिनका चैंपियन तैयार करने का इतिहास रहा है लेकिन मकसद यह है कि हम सीखें और वही कौशल अपने साथी भारतीयों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अगर हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी भारत के लिए पदक जीते तो कोच और खिलाड़ियों का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र भारत में ही होना चाहिए। तन्वी ने कहा, आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने का यही एकमात्र तरीका है और मिस्र जैसे देशों में ऐसा ही है जबकि भारत में अभी इसकी कमी है।

तन्वी इस बात से सहमत नहीं हैं कि पूर्ण कालिक विदेशी कोच भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर कर सकते हैं लेकिन उन्होंने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा बनाने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, एक और चुनौती बुनियादी ढांचे की है। मेरी अकादमी में छह-सात ऐसे बच्चे हैं जो इसी साल भारत में नंबर एक रहे हैं, साथ ही एक विश्व जूनियर पदक विजेता और कई एशियाई जूनियर पदक विजेता भी हैं। तन्वी ने कहा, हमें दिल्ली में एक पूर्ण ग्लास कोर्ट की जरूरत है। सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं ग्लास कोर्ट पर होती हैं और उन पर पारंपरिक कोर्ट से बहुत अलग तरह से खेला जाता है।

ईला ने विंबलडन चैंपियन स्वियातेक को हराया

लंदन। विंबलडन में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर 21 साल की एलेक्जेंड्रा ईला ने डिफेंडिंग चैंपियन इगा स्वियातेक को 7-6 (9), 6-2 से हराकर टूनामेंट से बाहर कर दिया। वे किसी भी ग्रैंड स्लैम सिंगल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। मैच जीतने के बाद ईला कोर्ट पर घुटनों के बल बैठ गईं और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, ह्यअपने देश के लोगों का समर्थन मेरे लिए बेहद खास है। यह जीत मैं अपने परिवार और फिलीपींस की सभी छोटी लड़कियों को समर्पित करती हूं। 3 साल पहले स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन जीता था।

वैभव को पूरे साल खेलना चाहिये : शिवराम

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व लेग स्पिनर एल शिवरामकृष्णन का मानना है कि 15 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आराम देने के बजाय लगातार खेलने का मौका मिलना चाहिए ताकि उन्हें विभिन्न परिस्थितियों में अनुभव और गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 15 वर्ष 99 दिन की उम्र में भारत के लिए पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने सूर्यवंशी ने अपने पहले ही मैच में 10 गेंदों पर दो छक्कों की मदद से 14 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ 1983 में 17 वर्ष की उम्र में टेस्ट पदार्पण करने वाले शिवरामकृष्णन का मानना है कि जब टीम प्रबंधन ने सूर्यवंशी पर भरोसा जताया है तो उन्हें पर्याप्त अवसर भी दिए जाने चाहिए। शिवरामकृष्णन ने पीटीआई से बातचीत में कहा, उसे सीमित ओवरों के क्रिकेट में लगातार मौके मिलने चाहिए।

युवा खिलाड़ी को टीम में शामिल करके फिर आराम देने का कोई मतलब नहीं है। उसे अभी आराम की जरूरत नहीं है, बल्कि पूरे साल खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज होने के नाते उसे गेंदबाजों जैसी फिटनेस प्रबंधन की आवश्यकता नहीं होगी। लंबे समय तक बल्लेबाजी करने से उसकी एकाग्रता और मानसिक मजबूती भी बढ़ेगी। शिवरामकृष्णन ने कहा, एक बार जब आप ने उसे टीम में खिलाने का फैसला कर लिया है, तो उसे पूरा मौका भी देना चाहिए। वह अगले 20 वर्षों के लिए भारतीय क्रिकेट का निवेश है। इस समय सूर्यवंशी को सबसे अधिक जरूरत मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम के बाकी खिलाड़ियों के समर्थन की है। अगर शुरुआती कुछ मैचों में उसका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं भी रहता है, तब भी उसका पूरा साथ दिया जाना चाहिए और उसे लगातार मौके मिलते रहने चाहिए। शिवरामकृष्णन का मानना है कि सूर्यवंशी स्वाभाविक रूप से आक्रामक स्ट्रोक खेलने वाले बल्लेबाज हैं। ऐसे में खिलाड़ी से कुछ गलतियां भी हो सकती हैं। इस पूर्व लेग स्पिनर ने कहा, मैं चाहता हूं कि उसका सही तरीके से मार्गदर्शन किया जाए और उसे पूरा समर्थन मिले। वह ऐसा स्ट्रोक प्लेयर है जो कई बार जोखिम उठाएगा, लेकिन आधुनिक क्रिकेट जोखिम लेने का ही खेल है। इसलिए उसे अपनी स्वाभाविक बल्लेबाजी शैली या अपने नजरिये को बदलने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी को समझना होगा कि गेंदबाज उनके खिलाफ किस तरह की रणनीति बना रहे हैं। उन्होंने मैनचेस्टर टी20 में स्पिनर के खिलाफ सूर्यवंशी के जल्दबाजी में बड़ा शॉट खेलने का उदाहरण देते हुए कहा कि अनुभव के साथ उन्हें परिस्थितियों के अनुसार फैसले लेने की कला भी सीखनी होगी। उन्होंने कहा, अब जबकि उसे इतने बड़े स्तर पर खेलने का अनुभव मिलने लगा है, उसे यह भी सोचना शुरू करना होगा कि सामने वाला गेंदबाज उसके खिलाफ किस तरह की रणनीति अपनाने वाला है। शिवरामकृष्णन का मानना है कि सूर्यवंशी जैसी असाधारण प्रतिभा को एकदिवसीय क्रिकेट में भी मौका मिलना चाहिए और वह अगले वर्ष होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए शीर्ष क्रम के संभावित बल्लेबाज के रूप में उभर सकता है।

फ्रांस फीफा वर्ल्डकप के क्वार्टर फाइनल में

फिलाडेल्फिया। फ्रांस फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है। उसने चौथी बार टॉप-8 में जगह बनाई है। फ्रांसीसी टीम ने रविवार सुबह खेले गए मैच में पैराग्वे को 1-0 से हराया। स्टार फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में पेनल्टी पर निर्णायक गोल किया। फिलाडेल्फिया स्टेडियम में मैच के बाद पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल खेल भावना के तहत एमबाप्पे से हाथ मिलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन एमबाप्पे ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। इससे निराश गिल ने फुटबॉल एमबाप्पे की ओर उछाल दी, जोकि फ्रांस के फॉरवर्ड की पीठ पर लगी। फ्रांस का क्वार्टर फाइनल मैच 9 जुलाई की रात 1:30 बजे से मोरक्को से होगा।

चंद्रिका व जॉयश्री की जीत से भारत की दमदार शुरुआत

एजेंसी

जकाता। चंद्रिका पुजारी और जॉयश्री देवी की दमदार जीत से भारत ने रविवार को अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

शुरूआती दौर में विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप की स्वर्ण पदक विजेता चंद्रिका ने मंगोलिया की लखाम त्सेंडबाटार को लड़कियों के 51 किलोग्राम वर्ग में एकतरफा मुकाबले में 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराया। विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप की रजत पदक विजेता जॉयश्री ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कियों के 54 किलोग्राम वर्ग में चीनी ताइपे की चेन निंग होंग के खिलाफ दूसरे दौर में रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने (आरएससी) से जीत दर्ज की। सोमवार को भारत के अंडर-23 पुरुष वर्ग के चार मुक्केबाज रिंग में उतरेंगे। एशियाई चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के अमीरबेक इस्माइलेव के खिलाफ करेंगे। इसके बाद गंगा (55 किग्रा) का मुकाबला मंगोलिया के अमगलानबातार बुलगनखू से होगा। सागर जाखड़ (60 किग्रा) जापान के कोइची नाकायामा से भिड़ेंगे जबकि दिन के अंतिम मुकाबले में हितेश (70 किग्रा) का सामना चीनी ताइपे के जुन-झांगलिन से होगा।

केएसीसी ने जीती चतुर्थ अधीर दुबे मेमोरियल टूर्नामेंट की ट्रॉफी

खेल संवाददाता

लखनऊ। एसपी यादव (4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी और जीशान अजहर (39) की आक्रामक पारी की बदौलत खानदान-ए-अवध क्लब (केएसीसी) ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में फायरबॉल्स मास्टर्स को छह विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। एनईआर स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी केएसीसी

फाइनल में फायरबॉल्स मास्टर्स को छह विकेट से दी शिकस्त

ने फायरबॉल्स मास्टर्स को 17.4 ओवर में 102 रन पर रोक दिया। फायरबॉल्स अच्छी शुरूआत नहीं कर सकी और टीम पांच विकेट पर 13 रन गंवाकर मुश्किल में फंस गयी थी। फिर मदन ने 37 व अजय लाल ने 29 रन बनाकर दहाई का आंकड़ा पार किया लेकिन टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। केएसीसी से मैन ऑफ द मैच एसपी यादव ने 4 ओवर में 29 रन देकर चार विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। तेज नारायण को तीन, संदीप को दो व गुलरेज रिजवी को एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में केएसीसी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.2 ओवर में 4 विकेट पर 110 रन बनाकर जीत के लिए जरुरी रन बना लिए। जीत में जीशान अजहर ने 21 गेंदों पर 2 चौके व 3 छक्के से सर्वाधिक 39 रन बनाए। वहीं गुलरेज रिजवी ने नाबाद 23 रन जोड़े जबकि कैद जौहर व मिर्जा अली ने 16-16 रन का योगदान किया। फायरबॉल्स मास्टर्स की ओर से विनोद सिंह को दो जबकि सवेंद्र व सौरभ को एक-एक विकेट की सफलता मिली। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजू गांधी (पूर्व सभासद) ने पुरस्कार वितरित करते हुए विजेता व उपविजेता टीमों का उत्साहवर्द्धन किया।

इस अवसर पर सीवीसीएल चेयरमैन पीएस जग्गी, अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, संरक्षक विशाल सिन्हा व सचिव नवीन सेठ भी मौजूद रहे। विशेष पुरस्कारों में सीवीसीएल का दबदबा रहा जहां शशि प्रकाश मीना मैन ऑफ द सीरीज, विकास अरोरा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, राकेश जोशी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गए। वहीं टीसीसी के मयंक को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार मिला। टूर्नामेंट में सीवीसीएल की टीम तीसरे स्थान पर रही जिसने क्रिकेट बड्डीज को नौ विकेट से मात दी। क्रिकेट बड्डीज पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 165 रन ही बना सका।

15 भारतीय जहाज होर्मुज़ से सुरक्षित गुज़रे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पश्चिम एशिया में हाल के संघर्ष से भारत की उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला पर अधिक असर नहीं पड़ा है। देश के लिए उर्वरक और कच्चा माल लाने वाले 20 में से 15 जहाज सुरक्षित होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर चुके हैं। इनमें से आठ जहाजों में 3.32 लाख टन यूरिया, चार जहाजों में 2.57 लाख टन डीएपी और तीन जहाजों में 1.11 लाख टन सल्फर है। ये सभी निर्धारित समय के अनुसार भारतीय बंदरगाहों पर आ रहे हैं। पांच और जहाज आने वाले हैं, जिनमें से एक में 0.25 लाख टन अमोनिया और दूसरे में 0.45 लाख टन यूरिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अभी दो और यूरिया जहाजों और एक सल्फर जहाज पर माल लादा जा रहा है। उम्मीद है कि सभी योजना के अनुसार पहुंच जाएंगे।

केंद्र सरकार ने कहा कि हालांकि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में रुकावट आई, लेकिन समय पर योजना बनाने, बेहतर तालमेल और लगातार निगरानी के जरिए उर्वरकों की बिना रुकावट आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। कूटनीतिक प्रयासों के जरिये आपूर्ति के नये स्रोत भी तलाशे गए। ओमान, मलेशिया, वियतनाम, जॉर्जिया, नाइजीरिया, रूस, फिनलैंड, मिस्र, अल्जीरिया, तुर्किये और नीदरलैंड से यूरिया की आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। भारत ने डीएपी और एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) रूस, मोरक्को, मिस्र, अमेरिका, जॉर्डन, दक्षिण कोरिया, ट्यूनीशिया और सऊदी अरब से लाल सागर के रास्ते से मंगवाया। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बुरी तरह प्रभावित किया है। इससे उर्वरक की कीमतें बढ़ गई हैं और निर्यात में लगने वाला समय भी बढ़ा है। भारत भी इसके असर से अछूता नहीं रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कीमतों में वैश्विक उछाल के बावजूद सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा की है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उर्वरक विभाग द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों को जाता है। उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पश्चिम एशिया संकट के दौरान लगभग 65 प्रतिशत तक घट गई थी, वह अब पूरी तरह से बहाल हो गई है। इससे देश भर के सभी यूरिया संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं।

यमन तट के पास लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हमला : ब्रिटिश सेना

दुबई। यमन के समुद्री तट के निकट लाल सागर में एक मालवाहक जहाज पर हमला किया गया है। ब्रिटिश सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) केंद्र ने बताया कि यह हमला तटीय शहर होदेदा के निकट हुआ, जो ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के नियंत्रण में है। केंद्र के अनुसार अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने जहाज पर हमला किया। यूकेएमटीओ ने कहा कि संबंधित अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। किसी समूह ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यमन के हूती विद्रोहियों ने जहाजों पर फिर से हमले शुरू करने की धमकी दी है। हालांकि विद्रोहियों ने अभी तक ऐसे हमले शुरू नहीं किए हैं। हूती प्रवक्ता ने टिप्पणी के अनुरोध पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। हाल के दिनों में सोमाली समुद्री डाकू भी अदन की खाड़ी में सुदूर इलाकों में सक्रिय रहे हैं। यूकेएमटीओ के अनुसार, संदिग्ध समुद्री डाकुओं ने एक जुलाई को यमन के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बंदरगाह शहर बालहाफ से 76 समुद्री मील (140 किलोमीटर) दक्षिण में एक जहाज पर हमला किया था।

भारतीय मूल के आध्यात्मिक नेताओं एवं विचारकों ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी : प्रवासी संगठन

वाशिंगटन। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक प्रवासी भारतीय संगठन ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक और बी. के. एस. अयंगर से लेकर बी. आर. आंबेडकर तक भारतीय विचारकों और आध्यात्मिक नेताओं ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी है। गैर-लाभकारी संगठन इंडियास्पोरा ने अमेरिका के इतिहास को आकार देने में भारतीय उपमहाद्वीप की आध्यात्मिक शिक्षाओं के प्रसार समेत भारतीय मूल के लोगों के योगदान को रेखांकित करने वाला एक संकलन तैयार किया है। 250 एट 250: मोमेंट्स ऑफ द इंडियन अमेरिकन स्टोरी शीर्षक वाले इस संकलन में अमेरिका में हिंदू दर्शन के प्रसार में स्वामी विवेकानंद और परमहंस योगानंद से लेकर दीपक चोपड़ा एवं राजन जेड जैसे आधुनिक दौर के गुरुओं तक के योगदान का उल्लेख किया गया है। संकलन में कहा गया है कि स्वामी विवेकानंद ने 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में धार्मिक सहिष्णुता एवं सार्वभौमिक स्वीकार्यता का आह्वान कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। यह पहला अवसर था, जब किसी हिंदू संन्यासी ने अमेरिका में इतने बड़े पश्चिमी जनसमूह को संबोधित किया था। इसके बाद उन्होंने 1894 में न्यूयॉर्क की वेदांत सोसाइटी की स्थापना में मदद की जो अमेरिका में शुरुआती स्थायी हिंदू संस्थानों में से एक है। बी. के. एस. अयंगर ने 1950 के दशक में योग को शारीरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य की अनुशासित पद्धति के रूप में प्रस्तुत करके अमेरिका में इसके स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंडियास्पोरा के संस्थापक एम. आर. रंगास्वामी ने कहा, आज अमेरिका की करीब 10 प्रतिशत आबादी योग करती है और देश में लगभग 36,000 योग स्टूडियो हैं।

> ❍ स्वामी विवेकानंद से लेकर महात्मा गांधी तक और बी. के. एस. अयंगर से लेकर बी. आर. आंबेडकर तक भारतीय विचारकों और आध्यात्मिक नेताओं ने अमेरिका पर अमिट छाप छोड़ी

अमेरिका का पहला हिंदू मंदिर 1905 में सैन फ्रांसिस्को में खुला और इसके बाद 1912 में स्टॉकटन का गुरुद्वारा साहिब स्थापित हुआ। परमहंस योगानंद 1920 में स्थायी रूप से अमेरिका में बस गए। परमहंस योगानंद का प्रभाव 1927 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) तक पहुंचा और तत्कालीन राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज ने उन्हें व्यक्तिगत मुलाकात के लिए आमंत्रित किया। इंडियास्पोरा के संकलन के अनुसार, उनकी पुस्तक ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी अमेरिका में पूर्वी आध्यात्मिकता पर सबसे प्रभावशाली पुस्तकों में से एक बनी।

संक्षेप

मुंबई में बारिश, इंडिगो की चार उड़ानें रद्द

मुंबई। मुंबई में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण रविवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग एक घंटे तक सभी रनवे पर उड़ानों का संचालन रोक दिया गया, जिसके चलते इंडिगो की चार उड़ान रद्द कर दी गईं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि अलग-अलग विमानन कंपनियों की 13 उड़ानों का मार्ग बदलकर पास के हवाई अड्डों की ओर भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण दूसरी जगह भेजे गए सभी 13 विमान बाद में वापस मुंबई पहुंच गए।

इस बीच, उड़ानों का डेटा एकत्र करने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मुंबई हवाई अड्डे से रवाना होने वाली 90 प्रतिशत उड़ानों ने औसतन 65 मिनट की देरी से उड़ान भरी, जबकि आने वाली 45 प्रतिशत उड़ान भी देरी से पहुंचीं, जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। इससे पहले मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक बयान में कहा, पूर्वाह्न लगभग 10:17 बजे भारी बारिश के कारण दृश्यता का स्तर कम हो गया था और 42 नॉट तक की तेज हवाएं चल रही थीं। इससे रनवे पर संचालन प्रभावित हुआ।

निजी एंबुलेंस और सेना के वाहन की भिड़ंत, 3 की मौत

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रविवार को सूरतगढ़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-62 पर एक निजी एंबुलेंस और सेना के वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कैंसर पीड़ित महिला, उसके बेटे और बेटी की मौत हो गई जबकि एक बेटा और एंबुलेंस चालक घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, हादसा केंचियां कस्बे के निकट उस समय हुआ जब एंबुलेंस एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे सेना के ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस में कैंसर पीड़ित महिला मरीज को जयपुर के एक अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिजन घर लेकर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद राजमार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने बताया, एंबुलेंस में कैंसर पीड़ित महेंद्र कौर (56) पत्नी कृष्ण सिंह, उनके बेटे सतनाम सिंह (26) और रामप्रकाश (32), बेटी लक्ष्मी देवी (26) तथा एंबुलेंस चालक राजवीर सवार थे।

भाजपा की रणनीति, वोट चोरी, सीट चोरी व चंदा चोरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखा हमला किया और इसे उनके तंत्र द्वारा किया गया घोटाला करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस मामले पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा की तीन सूत्री रणनीति है- वोट चोरी, सीट चोरी और चंदा चोरी। उन्होंने इस मुद्दे पर आरएसएस के बयान की भी आलोचना करते हुए उसे अपमानजनक और शर्मनाक बताया। रमेश ने पीटीआई वीडियो से कहा, चंदे की चोरी हुई है और इसमें किसी तरह का संदेह नहीं है। आरएसएस का बयान अपमानजनक और शर्मनाक है। ये वे लोग हैं जो दूसरों को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और राष्ट्रवाद का प्रमाणपत्र देते हैं लेकिन अब वे खुद बेहद अपमानजनक एवं शर्मनाक तरीके से पकड़े गए हैं।

उन्होंने कहा, हजारों करोड़ रुपये का चंदा हड़प लिया गया। उच्चतम न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश से इसकी जांच निश्चित रूप से कराई जानी चाहिए और सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्वाई होनी चाहिए लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की चुप्पी चौंकाने वाली है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले राम मंदिर के निर्माण और 22 जनवरी 2024 को उसके उद्घाटन का श्रेय लिया था।

मणिपुर में बंधक बनाये गये असम के दो लोगों को पुलिस ने कराया मुक्त

इंफाल। मणिपुर में कर्ज नहीं चुकाने के कारण बंधक बनाए गए असम के दो लोगों को पुलिस ने राज्य के उखरुल जिले से मुक्त कराया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस ने असम के तिताबर थाने से शिकायत मिलने के बाद दोनों को बचाने के लिए अभियान चलाया। पुलिस के एक बयान के अनुसार, असम के जोरहाट निवासी मुनिन कचारी ने तिताबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया कि 12 जून को जोरहाट के ही दिव्यज्योति सैकिया ने उनके भाई को मणिपुर के सेनापति जिले के खामसोम में एक अज्ञात व्यक्ति के पास छोड़ दिया था। बयान के अनुसार, आरोप है कि कर्ज चुकाने में असमर्थ रहने और वित्तीय लेन-देन से जुड़ी बकाया राशि के बदले उनके भाई को कथित तौर पर बंधक बना लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की गई। इसके तहत शुक्रवार को उखरुल जिले के लुंगचोन माईफाई थाना क्षेत्र के चांगता गांव में अभियान चलाकर दोनों पीड़ितों को मुक्त कराया गया।

विश्व कप के बहाने निगरानी व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर

एजेंसी

पेन्सिलवेनिया (अमेरिका), पांच जुलाई (द कन्वरसेशन) इस बार का फीफा विश्व (2026) कप इतिहास का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और लेकिन यह अब तक का सबसे अधिक निगरानी वाला विश्व कप भी माना जा रहा है। यदि आप मेजबान शहरों की यात्रा कर रहे हैं या वहां घूम रहे हैं, तो आपकी पहचान, चेहरा, गतिविधियां, आवाजाही और यहां तक कि आपके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भी सरकारी एजेंसियों और निजी कंपनियों की नजर हो सकती है। विश्व कप की सुरक्षा के लिए अमेरिकी सरकार ने एक अरब डॉलर से अधिक की राशि खर्च की है। इस धन का उपयोग परिवहन स्थलों, स्टेडियम और उनके आसपास के इलाकों की सुरक्षा मजबूत करने, बम निरोधक दस्तों और विशेष हथियार एवं रणनीति (स्वाट) टीम जैसी सामरिक इकाइयों को सशक्त बनाने तथा आधुनिक उपकरण खरीदने और मौजूदा संसाधनों को उन्नत करने में किया गया है। इस बड़े निवेश से निजी सुरक्षा और निगरानी तकनीक से जुड़ी कंपनियों को भी व्यापक लाभ मिला है। निगरानी संबंधी इस निवेश का बड़ा हिस्सा अनधिकृत ड्रोन के इस्तेमाल से पैदा होने वाले संभावित खतरों को रोकने के नाम पर किया गया है।

निस्संदेह, यह खतरा वास्तविक है, लेकिन इसके समाधान के लिए सरकार और निजी कंपनियों के बीच निगरानी तकनीक के विकास और खरीद में तेजी से बढ़ती साझेदारी निजता के अधिकार पर खतरे की चिंता भी पैदा करती है। मैं एक वकील, लेखक और शिक्षक के रूप में कई दशकों से निजता और निगरानी के विषय पर काम करता रहा हूं।

मैंने ड्रोन के उपयोग को लेकर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भी सलाह दी है और यह समझता हूं कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है। लेकिन सुरक्षा के नाम पर अक्सर सरकार की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है, नयी प्रौद्योगिकी विकसित की जाती है और ऐसी व्यवस्थाएं बनाई जाती हैं जो नागरिक स्वतंत्रताओं को कमजोर करती हैं, अभिव्यक्ति की आजादी पर असर डालती हैं।

वांगचुक की भूख हड़ताल का आठवां दिन, छह किलोग्राम वजन कम हुआ

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के मामले को लेकर यहां जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) का विरोध प्रदर्शन रविवार को 16वें दिन में प्रवेश कर गया। वहीं, जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का आठवां दिन है और उनका वजन अब तक लगभग छह किलोग्राम कम हो गया है। चिकित्सकों की ओर से जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, वांगचुक का रक्तचाप 112/70 मिलीमीटर एचजी, हृदय गति 72 धड़कन प्रति मिनट और रक्त शर्करा का स्तर 67 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर दर्ज किया गया। बुलेटिन में कहा गया है कि उनके शरीर में पानी की मात्रा फिलहाल संतोषजनक है, उनकी मानसिक स्थिति पूरी तरह ठीक है और वजन घटकर 60.95 किलोग्राम रह गया है। सात दिन में उनका वजन लगभग छह किलोग्राम कम हुआ है। कॉजपा ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग जारी रखते हुए आरोप लगाया कि बार-बार परीक्षाओं में होने वाली अनियमितताओं और प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने छात्रों और उनके परिवारों का जीवन बर्बाद कर दिया है।

इंटरटेनमेंट...

'धुरंधर का पाक की तरफ से जवाब, अल्फा जरूर देखें' वाला दावा झूठा

मुंबई। सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी एक्ट्रेस इकरा अजीज के नाम से एक पोस्ट वायरल है। इसमें दावा किया जा रहा है कि उन्होंने आलिया भट्ट और शरवरी स्टारर फिल्म अल्फा देखने की अपील की और लिखा कि 'अल्फा, धुरंधर का पाकिस्तान की तरफ से जवाब है।' साथ ही वाईआरएफ का शुक्रिया भी अदा किया। सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म्स पर इकरा अजीज के नाम और तस्वीर के साथ पोस्ट शेयर किया जा रहा है। दावा है कि उन्होंने लिखा, 'अल्फा' जरूर देखिए।

यह धुरंधर का पाकिस्तान की तरफ से जवाब है। इसी पोस्ट के आधार पर कई यूजर्स इकरा अजीज को ट्रोल कर रहे हैं और इसे सच मानकर शेयर भी कर रहे हैं। इकरा अजीज के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अल्फा या वाईआरएफ को लेकर ऐसा कोई पोस्ट नहीं मिला। वाईआरएफ से जुड़े सूत्रों ने भी इस पोस्ट को फर्जी बताया। उनके मुताबिक, इसे ट्रोलिंग और गलत जानकारी फैलाने के उद्देश्य से बनाया गया है। इसका वाईआरएफ या फिल्म अल्फा के प्रमोशन से कोई संबंध नहीं है। वायरल तस्वीर का फॉर्मेट ऐसा है, जिसे आसानी से एडिट किया जा सकता है। फिलहाल ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं मिला कि यह पोस्ट इकरा अजीज के आधिकारिक अकाउंट से किया गया था। इसलिए इसे प्रमाणिक नहीं माना जा सकता। दावा: इकरा अजीज ने 'अल्फा' देखने की अपील की और इसे 'धुरंधर का पाकिस्तान की तरफ से जवाब' बताते हुए वाईआरएफ का धन्यवाद किया। पड़ताल में दावा फर्जी निकला।

इकरा अजीज के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ऐसा कोई पोस्ट नहीं मिला। वाईआरएफ सूत्रों ने भी पोस्ट को फेक बताते हुए कहा कि इसे ट्रोलिंग और गलत जानकारी फैलाने के उद्देश्य से वायरल किया जा रहा है। बता दें कि वाईआरएफ की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' 3 जुलाई 2026 को रिलीज हुई। यह स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल-लीड फिल्म है, जिसमें दो महिला जासूस मुख्य भूमिका में हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पहले एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 जैसी फिल्में आ चुकी हैं। 'अल्फा' इस फ्रेंचाइजी की पहली फीमेल-लीड फिल्म है। 'अल्फा' एक स्पाई एक्शन थ्रिलर है, जिसमें एक लड़की बचपन से खतरनाक मिशनों के लिए तैयार की जाती है।

आमिर खान की गौरी से हुई शादी

मुंबई। मशहूर कहावत है कि 'दूसरा मौका सिर्फ कहानियां देती हैं, जिंदगी नहीं, लेकिन बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने ये कहावत गलत साबित कर दी। दो नाकाम शादियों के बाद आमिर ने जिंदगी को नया मौका दिया और आज वो 61 की उम्र में गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी कर चुके हैं। दोनों ने आमिर के घर में रजिस्टर्ड मैरिज की, जिसमें परिवार के लोगों के अलावा चुनिंदा करीबी दोस्त शामिल हुए। जब आमिर और गौरी शादी के पेपर पर साइन कर रहे थे, उस समय गौरी की पहली शादी से बेटा और आमिर की दूसरी शादी से बेटे आजाद भी मौजूद थे। दोनों ने रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे मुंबई के पाली हिल (बांद्रा) स्थित आमिर के घर पर शादी के कागजात पर साइन किए।

नयी बायोपिक : 15 साल बाद बड़े परदे पर लौटेंगी सेलिना, बनेंगी 'सिस्टर निवेदिता'

मुंबई। सेलिना निर्देशक राम कमल मुखर्जी की फिल्म में सिस्टर निवेदिता का किरदार निभाएंगी। सेलीना जेटली करीब 15 साल बाद बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। वह निर्देशक राम कमल मुखर्जी की अगली बायोपिक में सिस्टर निवेदिता का किरदार निभाएंगी।

अपने एक इंटरव्यू में सेलिना ने कहा कि यह फिल्म उनके करियर के सबसे खास अनुभवों में से एक है। उन्होंने बताया कि राम कमल मुखर्जी के साथ काम करना उनके लिए अलग अनुभव रहा और इस किरदार को निभाना उनके लिए सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी जैसा है। सेलिना कहती है। सिस्टर निवेदिता मुझे सबसे ज्यादा इसलिए प्रभावित करती हैं, क्योंकि उनका जन्म भारत में नहीं हुआ था, फिर भी उन्होंने अपना जीवन भारत, इसकी संस्कृति, आध्यात्मिक विचारधारा और लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। सिस्टर निवेदिता स्वामी विवेकानंद की आयरिश शिष्या थीं, जिन्होंने अपना जीवन भारत की शिक्षा, समाजसेवा और राष्ट्रजागरण को समर्पित कर दिया। महिला शिक्षा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उनके योगदान को आज भी प्रेरणास्रोत माना जाता है।

हिट शो के बाद चार साल नहीं मिला काम

मुंबई। वेब सीरीज 'राख' में रज्जो के किरदार से चर्चा बटोर रहे अभिनेता रमनदीप यादव का यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा। कभी उनका सपना भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलना था, लेकिन किस्मत उन्हें थिएटर और फिर एक्टिंग में ले आई। उन्होंने मुंबई में चार साल तक ऑडिशन दिए, आर्थिक तंगी झेली और कई बार शहर छोड़ने का मन भी बनाया, लेकिन हार नहीं मानी। आखिरकार 'राख' ने उन्हें वह पहचान दिलाई, जिसका वह लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। दैनिक भास्कर से बातचीत में उन्होंने संघर्ष, रिजेक्शन, थिएटर, 'राख' और रज्जो की तैयारी पर बात करते हुए बताया कि कई लोग कहते हैं कि अगर हमारे आस पास होते तो पक्का मार देते। सच कहूं तो आज भी मैं पूरी तरह नहीं समझ पाया कि ऐसा क्यों हुआ। मेरा सपना भारत के लिए क्रिकेट खेलना था। कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्टिंग करूंगा।

> ❍ मुंबई छोड़ने के बाद रमनदीप को बड़ा ब्रेक मिला, जान से मारने की धमकी मिली



ऐसा कोई एक दिन या घटना नहीं हुई, जिसके बाद मैंने क्रिकेट छोड़ने का फैसला लिया हो। धीरे-धीरे लगा कि चीजें वैसी नहीं हो रही थीं जैसी मैं चाहता था। मेहनत के बावजूद मन नहीं लग रहा था। शायद भगवान ने मेरे लिए कुछ और सोच रखा था। कॉलेज के आखिरी साल में एक दोस्त ने कहा कि यूथ फेस्टिवल के लिए ऑडिशन हो रहे हैं, चलो ट्राई करते हैं। मैंने बिना ज्यादा सोचे ऑडिशन दिया और पहली बार में ही चयन हो गया। पहली बार स्टेज पर परफॉर्म किया और वहीं एहसास हुआ कि मुझे इसमें बहुत मजा आ रहा है। उस अनुभव ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com